## सुविचार
मनुष्य जितना चाहता है, उतनी ही उसकी प्राप्त करने की शक्ति बढ़ती जाती है। अभाव पर विजय पाना ही जीवन की सफलता है। उसे स्वीकार करके उसकी गुलामी करना ही कायरपन है।

# Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज़ Published from Ranchi


12
फिल्मों के मामले में खुद को खुशनसीब...

Ranchi • Sunday, 17 March 2024 • Year : 02 • Issue : 60 • Ranchi Edition • Page : 12 • Price : ₹3 • www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 72,643.43 |
| निफ्टी | : | 22,023.35 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 6,210 |
| चांदी | : | 80.03 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**माह-ए-रमजान**



इफ्तार (रविवार) : 06.03
सेहरी (सोमवार) : 04.42

**BRIEF NEWS**

### चम्पाई कैबिनेट में 53 एजेंडों पर लगी मुहर

**RANCHI :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में 53 प्रस्ताव पारित किए गए। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने बताया कि झारखंड शिक्षक पात्रता नियमावली 2024 का गठन किया गया। योजना विकास विभाग के तहत पीपीपी मोड के तहत कोषांग का गठन किया गया है। आम-उपचुनाव में निर्वाचन कार्य में संलग्न पदाधिकारी के कार्य अवधि से अधिक समय तक काम करने के एवज में पारितोष के भुगतान की स्वीकृति दी गई। झारखंड राज्य निर्वाचन आयुक्त नियमावली 2024 संशोधित किया गया। इसके अंतर्गत निर्वाचन आयुक्त की उम्र सीमा 64 वर्ष के स्थान पर 65 वर्ष निर्धारित की गई है तथा उनका कार्यकाल 3 वर्ष की जगह 4 वर्ष होगी।

पूरी खबर पेज 03 पर।


### सहमति से बना शारीरिक संबंध रेप नहीं : हाईकोर्ट

**RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट ने पिछले दिनों एक क्रिमिनल अपील पर सुनवाई करते हुए निचली अदालत के उस आदेश को पलट दिया, जिसमें रेप के आरोप में एक युवक को दोषी करार देते हुए सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी थी। दरअसल पाकुड़ सिविल कोर्ट ने मोहिदुल नाम के एक युवक को रेप के आरोप में दोषी करार दिया था। पाकुड़ सिविल कोर्ट के इस आदेश के खिलाफ मोईदुल ने झारखंड हाईकोर्ट में क्रिमिनल रीट दाखिल की थी।

### केजरीवाल को ईडी समन केस में अग्रिम जमानत

**RANCHI :** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय के समन मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट के सामने पेश हुए। पेशी के एक मिनट बाद कोर्ट ने उन्हें 15 हजार के मुचलके पर जमानत दे दी। कोर्ट ने इस मामले में केजरीवाल को हाजिर होने से भी छूट दे दी है। ईडी ने कोर्ट से कहा कि वह शराब नीति को फाइनल करने से पहले हुई बैठकों और रिश्वतखोरी के आरोपों पर केजरीवाल का बयान दर्ज करना चाहती है, लेकिन 8 समन भेजने के बाद भी वो हाजिर नहीं हुए। केजरीवाल के वकील ने कोर्ट से अपील की कि उन्हें ईडी से वे दस्तावेज चाहिए, जिनके आधार पर उनसे पूछताछ होनी है।

# लोकसभा चुनाव का शंखनाद सात चरणों में होगा इलेक्शन



## 46 दिन में 7 फेज नतीजे 4 जून को

पहली वोटिंग 19 अप्रैल, आखिरी 1 जून को, आचार संहिता लागू

**AGENCY NEW DELHI :** चुनाव आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा कर दी गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया, इस बार चुनाव 7 चरणों में कराये जाएंगे। 543 सीटों के लिए 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, सात मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को होगा मतदान। 4 जून को होगी मतगणना। वोटिंग से लेकर नतीजे तक इसमें 46 दिन लगेंगे। पूरे देश में आचार संहिता लागू कर दी गई है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस की शुरूआत में कहा, हमारी टीम अब पूरी हो चुकी है, हम भारतीय लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। चुनाव आयुक्त ने बताया, 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून 2024 को समाप्त होने वाला है। जबकि आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम की विधानसभाओं का कार्यकाल भी जून 2024 में समाप्त होने वाला है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि 18वीं लोकसभा के गठन के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के साथ ही देश में आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इसके साथ ही सरकार ऐसा कोई नीतिगत फैसला नहीं कर सकेगी, जो मतदाताओं के फैसले को प्रभावित कर सके। कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 में कुल 97 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं। इनमें से 49.7 करोड़ पुरुष, 47.1 करोड़ महिलाएं और 48 हजार ट्रांसजेंडर शामिल हैं।




### 22 राज्यों में एक चरण में मतदान

| प्रदेश | चरण | सीट | मतदान |
|---|---|---|---|
| अरुणाचल प्रदेश | एक चरण | 2 सीट | 19 अप्रैल |
| अंडमान निकोबार | एक चरण | एक सीट | 19 अप्रैल |
| आंध्र प्रदेश | एक चरण | 25 सीट | 13 मई |
| चंडीगढ़ | एक चरण | एक सीट | 1 जून |
| दादर नगर हवेली | एक चरण | दो सीट | 7 मई |
| दिल्ली | एक चरण | 7 सीट | 25 मई |
| गोवा | एक चरण | 2 सीट | 7 मई |
| गुजरात | एक चरण | 26 सीट | 7 मई |
| हिमाचल प्रदेश | एक चरण | 4 सीट | 1 जून |
| हरियाणा | एक चरण | 10 सीट | 25 मई |
| केरल | एक चरण | 20 सीट | 26 अप्रैल |
| लक्षद्वीप | एक चरण | एक सीट | 19 अप्रैल |
| लद्दाख | एक चरण | एक सीट | 20 मई |
| मिजोरम | एक चरण | एक सीट | 19 अप्रैल |
| मेघालय | एक चरण | दो सीट | 19 अप्रैल |
| नागालैंड | एक चरण | एक सीट | 19 अप्रैल |
| पुडुचेरी | एक चरण | एक सीट | 19 अप्रैल |
| सिक्किम | एक चरण | 1 सीट | 19 अप्रैल |
| तमिलनाडु | एक चरण | 39 सीट | 19 अप्रैल |
| पंजाब | एक चरण | 13 सीट | 1 जून |
| तेलंगाना | एक चरण | 17 सीट | 13 मई |
| उत्तराखंड | एक चरण | 5 सीट | 19 अप्रैल |

### छत्तीसगढ़ व असम में तीन चरणों में इलेक्शन

| प्रदेश | चरण | सीट | मतदान |
|---|---|---|---|
| छत्तीसगढ़ | तीन चरण | 11 सीट | 19 अप्रैल, 26 अप्रैल व 7 मई |
| असम | तीन चरण | 14 सीट | 19 अप्रैल, 26 अप्रैल व 7 मई |

### कर्नाटक, राजस्थान, त्रिपुरा व मणिपुर में दो चरणों में

| प्रदेश | चरण | सीट | मतदान |
|---|---|---|---|
| कर्नाटक | दो चरण | 28 सीट | 26 अप्रैल और 7 मई |
| राजस्थान | दो चरण | 25 सीट | 19 अप्रैल और 26 अप्रैल |
| त्रिपुरा | दो चरण | 2 सीट | 19 अप्रैल और 26 अप्रैल |
| मणिपुर | दो चरण | 2 सीट | 19 अप्रैल और 26 अप्रैल |

### यूपी, प. बंगाल व बिहार में सात चरणों में चुनाव

| प्रदेश | चरण | सीट | मतदान |
|---|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | सात चरण | 80 सीट | 19, 26 अप्रैल, 7, 13 , 20, 25 मई और 1 जून |
| पश्चिम बंगाल | सात चरण | 42 सीट | 19, 26 अप्रैल, 7, 13, 20, 25 मई और 1 जून |
| बिहार | सात चरण | 40 सीट | 19 , 26, 7 मई, 13, 20, 25 मई और 1 जून |

### ओडिशा, एमपी व झारखंड में चार चरणों में चुनाव

| प्रदेश | चरण | सीट | मतदान |
|---|---|---|---|
| ओडिशा | चार चरण | 21 सीट | 13, 20, 25 मई और 1 जून |
| मध्य प्रदेश | चार चरण | 29 सीट | 19, 26 अप्रैल, 7 और 13 मई |
| झारखंड | चार चरण | 14 सीट | 13, 20, 25 मई और 1 जून |

## झारखंड की 14 सीटों के लिए चार चरणों में होगा इलेक्शन

**PHOTON NEWS RANCHI :** देशभर में कुल सात चरणों में लोकसभा के चुनाव होंगे, जिसमें झारखंड की 14 सिटों पर कुल चार चरणों में चुनाव कार्यक्रम संपन्न होंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की घोषणा के मुताबिक, झारखंड में पहले चरण में सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू, दूसरे चरण में चतरा, कोडरमा और हजारीबाग, तीसरे चरण



में गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर, चौथे चरण में राजमहल, दुमका और गोड्डा लोकसभा के चुनाव होगा। चार जून को चुनावी परिणाम आयेगा।

### किस लोकसभा सीट पर कब होगा मतदान

| संसदीय सीट का नाम | आरक्षण की स्थित | वर्तमान सांसद | चुनाव की तारीख |
|---|---|---|---|
| सिंहभूम | एसटी | गीता कोड़ा | 13.05.2024 |
| खूंटी | एसटी | अर्जुन मुंडा | 13.05.2024 |
| लोहरदगा | एसटी | सुदर्शन भगत | 13.05.2024 |
| राजमहल | एसटी | विजय हांसदा | 01.06.2024 |
| दुमका | एसटी | सुनील सोरेन | 01.06.2024 |
| पलामू | एससी | वीडी राम | 13.05.2024 |
| चतरा | सामान्य | सुनील कुमार सिंह | 20.05.2024 |
| धनबाद | सामान्य | पीएन सिंह | 25.05.2024 |
| गिरिडीह | सामान्य | चंद्रप्रकाश चौधरी | 25.05.2024 |
| हजारीबाग | सामान्य | जयंत सिन्हा | 20.05.2024 |
| कोडरमा | सामान्य | अन्नपूर्णा देवी | 20.05.2024 |
| रांची | सामान्य | संजय सेठ | 25.05.2024 |
| जमशेदपुर | सामान्य | विद्युत वरण महतो | 25.05.2024 |
| गोड्डा | सामान्य | डॉ निशिकांत दुबे | 01.06.2024 |

### 4 राज्यों में विधानसभा चुनावों का ऐलान

चुनाव आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के साथ चार राज्यों आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में भी एक फेज में 19 अप्रैल को मतदान होगा। आंध्र प्रदेश में 13 मई को एक फेज में वोटिंग होगी। ओडिशा में चार चरणों में 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को वोट डाले जाएंगे। इनके अलावा गुजरात की 5, यूपी की 4, हरियाणा, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु की 1-1 विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा।

### देशवासियों को प्रधानमंत्री मोदी का लेटर

## आपके समर्थन से 370-ट्रिपल तलाक पर फैसले लिए : पीएम

**AGENCY NEW DELHI :** लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का ऐलान शनिवार को हो गया। इससे पहले पीएम मोदी ने शुक्रवार 15 मार्च को देश के लोगों के नाम एक लेटर लिखा। पीएम मोदी ने इसमें लिखा कि आपका और हमारा साथ एक दशक पूरा करने की दहलीज पर है। 140 करोड़ भारतीयों का विश्वास और समर्थन मुझे प्रेरित करता है। मोदी ने लिखा- यह आपके विश्वास और समर्थन का ही नतीजा है कि हमने जीएसटी लागू करना, आर्टिकल 370 हटाना, तीन तलाक पर नया कानून, संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए नारी शक्ति वंदन कानून, नई संसद का उद्घाटन जैसे कई ऐतिहासिक और बड़े फैसले लिए। मोदी ने कहा- हमारा देश परंपरा और आधुनिकता, दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है। पिछले दशक में जहां अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे का अभूतपूर्व निर्माण हुआ, वहीं हमारी राष्ट्रीय और सांस्कृतिक विरासत का भी कायाकल्प हुआ है।



- मोदी बोले- परंपरा और आधुनिकता के साथ आगे बढ़ रहा भारत
- पीएम ने विकसित भारत के लिए देशवासियों से मांगा सुझाव

### इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए हफ्ता वसूली हुई : राहुल

**THANE :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे पहुंची। यहां राहुल गांधी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा- इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए हिंदुस्तान में हफ्ता वसूली चल रही है। कोई भी कुछ बोलता है तो ईडी, सीबीआई, आईटी उन्हें डराने पहुंच जाती है। राहुल गांधी ने कहा कि अडानी को रेलवे, सड़क, सुरक्षा और बिजली, इन सभी सेक्टर से पैसा मिलता है। अडानी का मतलब नरेंद्र मोदी ही है। दोनों एक ही हैं। आप इन्हें 'मोडानी' भी कह सकते हैं। इसके अलावा राहुल ने कहा कि पीएम मोदी बोलते थे कि उन्हें देश से भ्रष्टाचार मिटाना है। फिर उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड का पूरा ढांचा तैयार क्यों किया। हिंदुस्तान में कोरोना से करीब 50 लाख लोगों की जान गई। एक तरफ लोगों की जान जा रही थी, दूसरी तरफ वैक्सीन वाली कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट नरेंद्र मोदी को पैसा दे रही थी। राहुल गांधी ने इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम में भ्रष्टाचार के 4 तरीके भी बताए हैं।

### कार्रवाई : चार ठिकानों में जांच एजेंसी की दबिश, कई दस्तावेज जब्त

## धनबाद में बिहार के बालू कारोबारी पुंज सिंह व कृष्ण मोहन के ठिकानों पर ईडी का छापा

**CRIME REPORTER DHANBAD :** बालू के अवैध कारोबार के खिलाफ शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चार टीम ने बिहार से झारखंड तक चार स्थानों पर छापेमारी की। छापेमारी की कार्रवाई बालू कारोबार से जुड़े ब्रॉडसन कमोडिटीज प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक पुंज कुमार सिंह के तीन और कृष्ण मोहन सिंह के एक ठिकानों पर हुई। छापेमारी सुबह छह बजे से शुरू हुई और देर शाम तक चलती रही। ईडी की टीम ने कागज पर लिखा हुआ पैसे की लेन देने के रिकॉर्ड के साथ ही मेमोरी कार्ड, पेन ड्राइव, हार्ड डिस्क, वही खाता, डायरी, मोबाइल फोन के मेमोरी कार्ड, रजिस्टर, संपत्ति के कागज, बैंक खाते का रिकॉर्ड और लॉकर से दस्तावेज आदि अपने कब्जे में ले लिया है। जानकारी के मुताबिक ईडी की तीन अलग अलग टीम ने पुंज सिंह के आरा स्थित कोईलवर थानाक्षेत्र के धनडीहां गांव स्थित श्रीराम वाटिका आवास के साथ ही धनबाद के झरिया के हेटली बांध स्थित आवास और धैया स्थित कासा क्लेस में छापेमारी की। चौथी टीम ने कृष्ण मोहन सिंह के आरा के आनंद नगर मोहल्ला स्थित आवास पर छापेमारी की।

- ब्रॉडसन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से जुड़ा है मामला
- धैया में चार घंटे बाद ताला तोड़ दाखिल हुई ईडी की टीम



### 250 करोड़ रुपये घोटाला का मामला

बालू घोटाले के 250 करोड़ रुपये के मामले में जून 2023 में ईडी ने झारखंड के 11 स्थानों पर छापेमारी की थी, जिसमें बालू के अवैध कारोबार को लेकर कई रिकार्ड मिले थे। जानकारी के मुताबिक पुंज सिंह ब्रॉडसन कमोडिटी प्राइवेट लिमिटेड और मेसर्स आदित्य मल्टीकॉम प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित है। सुरेंद्र जिंदल और मिथिलेश सिंह इस कंपनी से ही संबंधित है। इसके साथ ही सभी मोर मुकुट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी से भी संबंधित है।

### मुख्यमंत्री ने पश्चिमी सिंहभूम जिले में डिग्री कॉलेज की रखी आधारशिला

## समग्र विकास के लिए अच्छी शिक्षा अत्यंत आवश्यक : चम्पाई

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** सीएम चम्पाई सोरेन ने कहा कि बेहतर शिक्षा से बेहतर समाज और राज्य बनता है। शिक्षा एक ऐसा जरिया है, जो आपके भविष्य की दिशा तय करता है। व्यक्ति के समग्र विकास के लिए अच्छी शिक्षा अति आवश्यक है। यही वजह है कि हमारी सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत कर रही है। मुख्यमंत्री शनिवार को चाईबासा के टाटा कॉलेज मैदान में कोल्हान विवि के अंतर्गत पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव और हाटगम्हरिया में डिग्री कॉलेज व विभिन्न योजनाओं के उद्घाटन-शिलान्यास तथा लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।



लाभुकों को योजना का लाभ देते सीएम चम्पाई सोरेन।

### अब छात्र गांव में ही कॉलेज की कर सकेंगे पढ़ाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब आपको कॉलेज की पढ़ाई के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं है। आपके गांव या आसपास में डिग्री कॉलेज खोला जा रहा है, जहां आप अपनी पढ़ाई कर सकते हैं। इसके लिए अब आपको शहरों का रुख नहीं करना होगा। ग्रामीण इलाकों में बच्चों को प्राइमरी से लेकर कॉलेज तक की बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं को आगे बढ़ाने के लिए सरकार निरंतर प्रयास करी है। इस कड़ी में अब प्राथमिक विद्यालयों से कुड़ुख, हो, मुंडारी और संथाली जैसी जैसी जनजातीय और क्षेत्रीय भाषाओं की पढ़ाई शुरू की जा रही है। इसके लिए विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति करने के निर्देश दे दिए गए हैं।

- प्राथमिक विद्यालय से ही बच्चों को मिलेगी मातृभाषा में शिक्षा
- आदिवासियों-मूलवासियों की अस्मिता बचाए रखने को सरकार प्रतिबद्ध

### शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं शुरू की गई है। यहां के शिक्षण संस्थानों को जरूरी संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। गरीब बच्चों को अपने ही गांव -घर में क्वालिटी एजुकेशन देने के लिए स्कूल ऑफ एक्सीलेंस तथा मॉडल स्कूल खोले गए हैं। आर्थिक तंगी की वजह से बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए छात्रवृत्ति की राशि में तीन गुना इजाफा किया गया है।

### पश्चिमी सिंहभूम को सीएम ने 162 योजनाओं की दी सौगात

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 02 अरब, 31 करोड़, 19 लाख 58 हजार 673 रुपये की लागत से 135 योजनाओं का शिलान्यास किया जबकि 01 अरब 07 करोड 23 लाख 24 हजार 186 रुपये की 27 योजनाओं का उद्घाटन संपन्न हुआ। साथ ही लाभुकों के बीच 01 अरब 72 करोड़ 80 लाख 70 हजार 533 रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य के गठन के बाद 19 वर्षों तक यहां के विकास की किसी को चिंता नहीं रही।

### हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही लड़ेंगे चुनाव : चम्पाई

**RANCHI :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन पूरी तरह से तैयार है। सभी सीटों पर गठबंधन जीतेगा। हेमंत सोरेन के दुमका से चुनाव लड़ने के सवाल पर सीएम ने कहा कि उन्हीं के नेतृत्व में हम लोगों ने विधानसभा चुनाव लड़ा था। लोकसभा चुनाव भी हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही लड़ेंगे। हेमंत सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के हर कैडर, हर नेता को तैयार किया है और वह चुनाव की तैयारी में लगे हुए हैं। एक-दो दिन में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी जाएगी। सीएम शनिवार को कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। राजनाथ सिंह के झारखंड दौरे पर सीएम ने कहा जिसके मन में भय होता है वह निकलकर सामने आ जाता है और यही राजनाथ सिंह के साथ भी हुआ है।

## उपभोक्ताओं को फिर लग सकता बिजली का झटका

### 2.85 रुपये प्रति यूनिट टैरिफ बढ़ाने का प्रस्ताव

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के वित्तीय वर्ष 2024-25 के टैरिफ प्रस्ताव से घरेलू उपभोक्ताओं को झटका लग सकता है। निगम ने प्रति यूनिट 2.85 रुपये टैरिफ बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है। यानी वर्तमान दर 6.65 रुपये प्रति यूनिट को बढ़ाकर 9.50 रुपये प्रति यूनिट करने का प्रस्ताव दिया गया है। साथ ही फिक्स्ड चार्ज में भी भारी बढ़ोत्तरी का प्रस्ताव है। बता दें कि झारखंड विद्युत नियामक आयोग ने फरवरी 2024 में ही वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए टैरिफ की घोषणा की थी। जो एक मार्च 2024 से लागू हो




गया है। अब आयोग द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए टैरिफ पर सुनवाई की जायेगी। जिसकी घोषणा जून माह में संभव है। जेबीवीएनएल टैरिफ प्रस्ताव को जारी करते हुए जनता से आपत्ति की मांग की गई है। जनता अपनी आपत्ति वेबसाइट या ई-मेल कर दे सकते हैं। पत्र के माध्यम से भी सचिव झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग के पास अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

# चोर पंचर



पार्ट - 1
कहानी

**अगर चक्का आवाज से ब्रस्ट हुआ है, तब तो फटा हिस्सा तुरंत नजर आ जाएगा। लेकिन कोई कांटी वगैरा लगी है, तब ट्यूब में हवा भर कर उसे पानी वाले टब में थोड़ा-थोड़ा कर घुमाते हुए हवा का बुलबुला खोजना पड़ता है। पानी में पंचर वाली जगह से हवा के बुलबुले निकलते हैं। लेकिन यह भी इतना आसान नहीं है। सबसे ज्यादा मुश्किल चोर-पंचर खोजने में होती है। चोर-पंचर वाली जगह से बुलबुले बहुत धीरे-धीरे और बहुत छोटे-छोटे निकलते हैं। उसका बुलबुला खोजने में बहुत ध्यान लगाना पड़ता है। एक बार छेद का पता चल जाये, फिर वहां निशान लगा कर और हवा निकाल कर ट्यूब को अच्छी तरह पोंछना होता है। उसके बाद फाइल से हल्के-हल्के हाथों से रगड़ कर सुलेशन लगाओ और फूंकते हुए सुखाओ। फिर उस पर छेद के आकार के हिसाब वाले पहले से रगड़े, सुलेशन लगे हुए दूसरे टुकड़े को दबा कर, इसी पाइप पर टायर-लीवर से हल्के हाथों, प्यार से ठोक कर चिपका दो। क्या मजाल कि फिर वहां से जोड़ छूटे! समझे!"**





कमल

अपनी दुकान का शटर उठा कर जगजीत सिंह साफ-सफाई कर अगले कोने पर स्थित मुनीर चाय वाले से दुआ-सलाम कर आया था, जब अपने रोज के निर्धारित समय पर तीन सौ तेईस अप टाटा-बड़बिल सवारी गाड़ी पास वाले जुगसलाई फाटक से होकर गुजरी। यानी आठ बज कर साढ़े सोलह मिनट। टाटानगर रेलवे स्टेशन से वहां तक आने में उस ट्रेन को कुल डेढ़ मिनट लगता है। सड़क के दोनों ओर आस-पास का बाजार जिन दुकानों की चहल-पहल से गुलजार होता है, उनमें सबसे पहले मुनीर की चाय और जगजीत की सायकिल दुकान ही खुलती हैं। दिन के नौ बजे तक राशन, कपड़े, जूते, फल और दवाखाना आदि की बाकी लगभग सारी दुकानें खुलती चली जाती हैं। फिर वहां की बाजार वाली चहल-पहल रात नौ बजे तक बनी रहती है।

"नहीं चुन्नु, थोड़ा और रगड़ो। कम रगड़ोगे तो सुलेशन सटेगा नहीं और पंचर ठीक से नहीं बनेगा, खुल जाएगा। हमेशा काम ऐसा करना चाहिए कि दुबारा न करना पड़े। इससे ग्राहक तो खुश रहता ही है, अपनी साख भी बनती है।" जगजीत सिंह ने अपनी सायकिल दुकान में काम सीखने आये, उस नये लड़के को समझाते हुए कहा और उसके हाथ से लेकर छोटे से पाइप के टुकड़े पर सायकिल की ट्यूब के पंचर वाले हिस्से को इस तरह लपेटा कि छेद वाला भाग ऊपर उभर आया।

उसे अपने बायें हाथ से पकड़ कर, दायें हाथ में रगड़ने वाली फाइल ले, हल्के हाथों से रगड़ने लगा, "सिर्फ ताकत से पंचर नहीं बनता। यह एक कला है और हर कला की तरह, बड़ी मेहनत से सधती है, समझे! पहले लीवर से टायर खोलो। फिर ट्यूब को पूरे ध्यान से निकालना होता है, कहीं फंस कर और न फट जाए। अगर चक्का आवाज से ब्रस्ट हुआ है, तब तो फटा हिस्सा तुरंत नजर आ जाएगा। लेकिन कोई कांटी वगैरा लगी है, तब ट्यूब में हवा भर कर उसे पानी वाले टब में थोड़ा-थोड़ा कर घुमाते हुए हवा का बुलबुला खोजना पड़ता है। पानी में पंचर वाली जगह से हवा के बुलबुले निकलते हैं। लेकिन यह भी इतना आसान नहीं है। सबसे ज्यादा मुश्किल चोर-पंचर खोजने में होती है। चोर-पंचर वाली जगह से बुलबुले बहुत धीरे-धीरे और बहुत छोटे-छोटे निकलते हैं। उसका बुलबुला खोजने में बहुत ध्यान लगाना पड़ता है। एक बार छेद का पता चल जाये, फिर वहां निशान लगा कर और हवा निकाल कर ट्यूब को अच्छी तरह पोंछना होता है। उसके बाद फाइल से हल्के-हल्के हाथों से रगड़ कर सुलेशन लगाओ और फूंकते हुए सुखाओ। फिर उस पर छेद के आकार के हिसाब वाले पहले से रगड़े, सुलेशन लगे हुए दूसरे टुकड़े को दबा कर, इसी पाइप पर टायर-लीवर से हल्के हाथों, प्यार से ठोक कर चिपका दो। क्या मजाल कि फिर वहां से जोड़ छूटे! समझे!"

"जी समझ गया।" चुन्नु मांझी ने अपना छोटा-सा सर हिलाया।

कुछ लोग अपने पैरों के नीचे आने वाले कीड़ों को मसल कर चलने में आनंद लेते हैं। चाहे मसलने के लिए उन्हें अपना पैर, चलने की निर्धरित सीधी राह से कितना ही दायें-बायें क्यों न करना पड़े। उनका सारा ध्यान इस बात पर होता है कि कीड़ा किसी भी हाल में बचना नहीं चाहिए। जबकि कुछ लोग भूल से भी अपने पांव की नीचे कीड़े के आ जाने का आभास होते ही, उचक कर अपने उस पांव का भार दूसरे पांव पर डाल, उस कीड़े की जान बचाना चाहते हैं। चाहे उनके वैसे उचकने में अपना पैर ही मुचक जाने का खतरा क्यों न हो। जगजीत सिंह दूसरी तरह वालों में था।

इस साल गर्मी कुछ ज्यादा पड़ रही थी। अभी दस ही बजे थे, लेकिन गर्मी अपना रौद्र रूप दिखा रही थी। जगजीत ने थोड़ी देर पहले ही एक सायकिल रिम का टाल ठीक किया था। किसी-किसी चक्के का टाल आसानी से ठीक हो जाता है लेकिन कोई चक्का ज्यादा टेढ़ा हुआ तो उसका टाल ठीक करने में घंटों लग जाते हैं। उस चक्के का रिम भी ज्यादा टेढ़ा था। एक-एक स्पोक को बड़े ध्यान से जाँच कर, कहीं उसने चूड़ी सीधी कसी तो कहीं उलटी। कहीं आधी तो कहीं पौनी या डेढ़। तब कहीं जा कर वह चक्का रास्ते पर आया था। टाल ठीक करने के बाद चक्का लगा कर वह पंखे के पास बैठा सुस्ता रहा था, जब उसका फोन बजा। उसने जेब से फोन निकाला और बतियाने लगा।

"परणाम सर जी!" उधर से आवाज उभरी।

अपने लिए संबोधन पर वह चौंक सकता था, लेकिन 'सर जी' उसे 'सरदार जी' ही लगा। इसलिए उसने संबोधन पर ज्यादा ध्यान न दिया। हालाँकि जगजीत को वह आवाज अपरिचित लगी, लेकिन अपने सहज स्वभाविक उत्साह से उसने उत्तर दिया, "प्रणाम, प्रणाम।"

"सर, आप कल रात को टाइम से घर पहुंच गये थे न।" उधर से उसी आवाज ने पूछा।

उसकी बात पर वह चौंका। उधर वाले व्यक्ति को उसके टाईम पर घर पहुंचने की चिन्ता क्यों है? जगजीत ने अपनी याददाश्त पर जोर दिया कि उस आवाज को पहचान ले, मगर असफल रहा। उधर वाला इतने प्यार और आत्मीयता से पूछ रहा था कि उलट कर यह पूछते भी नहीं बन पड़ा,"आप कौन बोल रहे हैं ?"

उसने पिछली रात का समय याद किया। कल भी उसने रोज वाले समय पर ही दुकान बढ़ाई थी और रोज वाले ही समय पर अपने घर पहुंचा था। उसके हिसाब में कहीं कोई गड़बड़ नहीं हुई थी, "हां, हां कल मैं समय से घर पहुंच गया था।" उसने उलझन भरी आवाज में जवाब दिया।

शायद उधर वाले को उसकी आवाज में उलझन की भनक लग गयी थी, "वो ...वो सर जी, कल यहीं से आपको निकलने में देर हो गयी थी। तो हम सोचें कि आपको कहीं घर पहुंचने में देर तो नहीं हो गयी।" उधर वाले का स्वर थोड़ा झेंपा हुआ-सा लगा ।

इस बार उसने गौर किया कि उधर वाला 'सरदार जी' नहीं 'सर जी' बोला था। अब तो जगजीत सिंह से न रहा गया। उसने पूछ ही लिया, "मैंने आपको पहचाना नहीं। आप कौन बोल रहे हैं?"

"जी ...सर जी, हम धरधरो से बोल रहे हैं... हम गुमन उग्रसांडी बोल रहे हैं।" उधर वाली आवाज में अपनी पहचान बताने की उतावली थी।

जगजीत ने पहचान की तलाश में फिर अपनी याद् दाश्त पर जोर डाला, मगर असफल रहा। तभी उसने मोहन राव को अपनी ओर आते देखा, शायद वह अपनी सायकिल लेने आ रहा था। 'धरधरो कहां' और 'कौन गुमन उग्रसांडी' कहता-कहता जगजीत रुक गया और उसी उलझन में बोला, "अच्छा, अभी हम जरा बिजी हैं, आपसे बाद में बात करेंगे।"

"जी..जी सर, ठीक है। परणाम सर!" उधर से फोन रख दिया गया।

"क्या सरदार जी, मेरी सायकिल बन गयी?" मोहन राव ने पास आकर पूछा।

"हां अभी बना कर उठा हूं। उसका पिछला रिम तो पूरा टाल था। कहां पटके थे, सायकिल? रात में पारटी चला था क्या?" जगजीत ने हंसी करते हुए पूछा। मोहन राव उसकी दुकान के पुराने और परमानेन्ट ग्राहक थे, इस नाते वे दोनों आपस में काफी खुले हुए थे।

"अरे नहीं भाई, कोई पारटी-वारटी नहीं था। कल तो बुधवार था। बीच हफ्ता में भी कहीं पारटी चलता है? उसके लिए तो शनिवार ठीक है। शनिवार रात को जितनी भी देर हो जाए, फिकर नहीं अगले दिन छुट्टी होती है। हफ्ता का बाकी दिन पारटी होने पर अगले दिन सुबह उठने में दिक्कत होती है।" मोहन राव ने हंसते हुए जवाब दिया, "वो तो कल शाम को बेटा सायकिल चलाना सीख रहा था। वह चलाया कम और पटका ज्यादा। नाली में घुसा दिया था।"

"अच्छा-अच्छा।" बोल कर जगजीत उसकी सायकिल निकालने लगा।

मुन्ना को देख कर मोहन राव ने पूछा, "दुकान में काम पर फिर नया लड़का रख लिया? और लड़कों की तरह यह भी आपसे फ्री में पूरा काम सीख कर अपनी दुकान खोलने चल देगा। टिकेगा नहीं। क्या फायदा ऐसे लड़कों को काम सिखाने का?"

जगजीत अपने उसी मस्त अंदाज में बोला, "अब सिखाने में क्या फायदा है, यह तो बाद में देखा जाएगा। पहले यह मन लगा कर काम तो सीख ले। काम सीख कर चला जाएगा, तो क्या हुआ, मेरी किस्मत तो नहीं ले जाएगा। इसकी मां मेरी पत्नी वाले स्कूल में दाई का काम करती है। वह आयी थी, इसे ले कर। यह पढ़ता-लिखता कुछ नहीं, बस सारा दिन आवारा लड़कों के साथ इधर-उधर समय बिताता है। अब इसकी मां को क्या सिर्फ इसलिए मना कर देता, कि यह मेरे पास काम सीख कर कहीं और न चला जाए? मोहन राव बाबू, मैं तो बस हाथ का हुनर सिखाता हूं। बाकी कमाना-खाना तो सब अपनी-अपनी किस्मत की बात है।"

"आज के जमाने में इतनी शराफत अच्छी बात नहीं है।" मोहन राव हंसते हुए बोला, "काम सिखाने का चार्ज लिया कीजिए, आपकी कमाई बढ़ जाएगी।"

"अरे नहीं राव बाबू, सिखाने का चार्ज लेने से कहीं ज्यादा कमाई तो ऐसे ही बढ़ने वाली है।"

"भला वह कैसे?" जगजीत की बात सुन कर मोहन राव चौंका।

"अरे भई, सीधी-सी बात है। दिन पर दिन पेट्रोल-डीजल के बढ़ते दामों के कारण लोग बहुत जल्द ही वापस सायकिलों की ओर आने वाले हैं। जितने ज्यादा सायकिल उतना ज्यादा काम। अब काम बढ़ेगा तो कमाई नहीं बढ़ेगी क्या?" जगजीत ने मुस्कराते हुए कहा, "भविष्य मोटर सायकिलों का नहीं, सायकिलों का होगा।"

"हां, ठीक कहते हो।" उसकी मुस्कान में साथ देते हुए मोहन राव ने कहा और पैसे दे चला गया। उसके जाने के बाद 'मॉडर्न साइकिल रिपेयरिंग' में बचे वह दोनों, जगजीत सिंह और चुन्नु मांझी, पूर्ववत अपने-अपने कामों में लग गये।

थोड़ी देर बाद जगजीत का फोन एक बार फिर बज उठा।

"हलो।"

"सरदार जी, जरा किसी को भेज कर मेरे घर से बच्चे की सायकिल मंगवा लीजिए। उसका हैंडल जाम हो गया है।" उधर शर्मा जी थे।

"जी ठीक है शर्मा जी, मैं चुन्नु को भेज देता हूं। आप घर में इसका नाम बोल दीजिएगा, नया लड़का है।" कह कर उसने फोन रखा,"जा चुन्नु, पिछली खरोड़े वाली गली में सात नंबर वाले शर्मा जी के घर से सायकिल ले आ।"

"जी अच्छा।" कह कर पंचर बनाते चुन्नु मांझी ने अपने माथे पर उभर आयीं पसीने की बूंदों को आस्तीन से पोंछा और उठ कर शर्मा जी की गली को ओर चल दिया।

24 मार्च को पढ़ें कहानी का दूसरा पार्ट।



संजय शेफर्ड
नई दिल्ली

# मैंने एक स्वप्न देखा

मैंने एक स्वप्न देखा
मछलियां हवा में उड़ रही थी
परिन्दे पानी में तैर रहे थे

स्वप्न थोड़ा और आगे बढ़ा
मछलियां हवा में बदहवास लटकी
परिन्दे पानी में डूब चुके थे

मैं जोर से चीखा
स्वप्न को तोड़कर बाहर निकला

परिन्दों को पिजड़े में
फड़फड़ाते
मछलियों को एक्वेरियम में
छटपटाते पाया

पिजड़े को खोल दिया
एक्वेरियम को तोड़
मछलियों को बाहर निकाला

देखा परिन्दे
अब आसमान में उड़ रहे थे
मछलियां
समुन्द्र में तैर रही थी
मेरे हाथों में मिटटी लगी थी

..और मैं स्वंय धरती पर खड़ा था

सचमुच, इंसान का धरती पर होना
कितना जरूरी है?

SCAN ME
1. हमें अपना फीडबैक, सुझाव या टिप्पणियां देने के लिए दिए गए बार कोड को स्कैन करें या मेल करें।
2. आप हमें अपनी रचनाएं, कविता या आलेख भी भेज सकते हैं। जिसे हम अपने आने वाले अंक पर प्रकाशित करेंगे।
Email- thephotonnewsjharkhand@gmail.com

व्यंग्य ■ बर्बरीक

# 'व्यंग्य लंका'



दिलीप कुमार

'ना रूपया ना पैसा ना कौड़ी रे, ये मोटू और पतलू की जोड़ी रे,
मोटू और पतलू र'

ये गीत गाते हुए प्रकाशक के लाये हुये लड्डू खाते हुए मोटू ने गब्बर स्टाइल में कहा झ

'अरे पतलू भाई, कितने आदमी होंगे अपने नए व्यंग्य संग्रह में।'

पतलू ने भी लड्डू मुंह मे डालते हुए उत्साहित होकर सांबा की तरह कहा- 'पूरे पचास।'

मोटू ने तड़कते हुए कहा- 'पचास सालों से पचास पर ही अटका हुआ है,आगे बढ़ ना।'

पतलू ने झल्लाते होते हुए कहा- 'बात पूरी सुना करो यार। इसीलिये तुम्हारी कोई परियोजना बिना लफड़ेबाजी के पूरी नहीं हो पाती। मैं बोल रहा था कि पचास तो अपनी टीम के पुराने बन्दे रहेंगे। उनको तो हमको कुछ बोलना ही नहीं है। जो भी हम कहेंगे वो मान ही लेंगे। वो तो अपने कहने पर कहीं भी गर्दन झुकाने को तैयार रहते हैं,रहा सवाल बाकी पचास का? तो वो हम नए बन्दे लेंगे।'

'नए बन्दे क्यों लेंगे? जब हमारी सौ लोगों की बारात पूरी है। क्योंकि जो पचास हमारे कोर मेम्बर हैं वो अगर एक -एक को लाएंगे तो सौ लोग तो चुटकी बजाते ही जुड़ जाएंगे। और जब सौ व्यंग्य हाजिर हैं तो व्यंग्य की बैंड बजने में देर क्यों है यार? 'मोटू इस बार झल्लाते हुए बोला।'

पतलू भी झल्ला गया और तुर्शी से बोला-

'ये ना तो फुरफुरी नगर है और ना ही तुम इंस्पेक्टर चिंगम हो जो तुम्हारे हिसाब से खेल चलेगा। ऐसे में सौ अच्छे लेखकों को लेकर संग्रह निकालना आसान काम नहीं है।'

मोटू ने कहा- 'फुरफुरी नगर के खिलाड़ियों और हमारी टीम के लेखकों में कोई खास फर्क है क्या? और जब पहले ही हमारी सौ बंदों की टीम थी तो पचास का ही नाम क्यों ले रहे हो, बाकी के पचास व्यंग्य बाराती कम कैसे हो गए।'

पतलू ने कहा- 'अमां यार समझा करो जिन पचास लेखकों को हटाया गया है, वो ऐसे लोग हैं जिन्होंने संग्रह में नाम आने के बाद पलट कर हमको सलामी नहीं दी। न तो अपनी फेसबुक वाल हमारे लेखन की बड़ाई की और न ही हमारी फेस बुक वाल पर कभी भी हमारे लिखे को क्लासिक और कालजयी जैसे शब्द ही नवाजे। अब तुम्ही बताओ भाई ऐसे नाशुक्रे पचास लोगों को अपनी किताब में जगह देने का कोई मतलब है क्या? इसीलिये इनको निकाल दिया आगामी किताब से। ठीक किया ना भाई?'

मोटू ने गंभीर स्वर में कहा- 'बिल्कुल ठीक किया भाई। अच्छा ये बताओ बाकी के जो पचास लोग परमानेन्ट टीम में हैं उन्होंने रेग्युलर हमारी लल्लो -चप्पो की है ना? पूरे साल सलामी ठोंकते रहे हैं ना? भाई तुमने पूरी तरह चेक कर लिया है ना? कोई बागी तो नहीं बना,किसी ने बगावत तो नहीं की?'

पतलू ने हंसते हुए कहा- 'भले ही लोग हमें व्यंग्य के मोटू -पतलू बुलाते हैं लेकिन हम दोनों की जोड़ी जय-वीरू टाइप की है। यहां विजय हो न हो लेकिन कोई जय शहीद नहीं होता और व्यंग्य हमारे लिये रामगढ़ की चक्की का आटा है। हम दोनों अतुकांत कविताओं से लतियाये गए लेकिन मानो या न मानो व्यंग्य ही ने हमको सिरज रखा है। सही कहा ना मोटू भाई, सॉरी वीरू भाई।'

'सही कहा भी और सही किया भी, पतलू भाई। सॉरी जय भाई' मोटू ने हंसते हुए जवाब दिया।

उन दोनों की शिखर वार्ता के दौरान व्यंग्य के रामगढ़ में सांबा इस बार लेडी सांबा के रूप में अवतरित हुआ। अपनी नाक सहलाते हुए वो जनाना, खालिस जनाना स्वर में बोली-

'मोटू भैया, पतलू भैया आप लोग मुझे भूल गये। आप लोग मुझे अब अपनी बहन सूर्पनखा समझें। मेरी नाक कटी ही समझो।'

मोटू-पतलू बड़ी देर तक लेडी सांबा की सलामत नाक को देखते रहे। फिर मोटू ने कहा- 'देख बहना, तू भले ही खुद को सूर्पनखा समझ ले। लेकिन हम तुझे बहन मानकर रावण नहीं बनने वाले। पहली बात तो कलजुग में सूर्पनखा भले ही इफरात मिलती हों मगर लक्ष्मण तो एक भी नहीं होते। तेरी नाक तो अभी सलामत है बहना, फिर तू सूर्पनखा कैसे हुई बहना?'

लेडी सांबा कुछ बोल पाती इससे पहले ही पतलू ने होशियारी दिखाते हुए कहा- 'संभल के रहना भाई। इसकी नाक सलामत है अभी। जिस तरह कलजुग में लक्ष्मण नहीं होते उसी तरह कलजुग में हमको मारीचि नहीं बनना है कि कोई हिरन समझ कर हम पर बाण वर्षा कर दे और हम टें बोल जाएं। इसके बाद बरसों की सेटिंग -गेटिंग से बनायी हुई हमारी ये 'व्यंग्य लंका' जल कर राख हो जाये। ये हमारी व्यंग्य लंका ही हमारे लिए स्वर्ण लंका है। हम इस पर अपना दावा हर्गिज नहीं छोड़ सकते चाहे जितने बंधु-बांधव से नाराजगी हो जाये। बस हमारे प्यारे प्रकाशक नाराज नहीं होने चाहिये। तूने किसी प्रकाशक को नाराज तो नहीं किया ना बहना।'

लेडी सांबा सुबकते हुए बोली-

'मेरी असली नाक तो सलामत है अभी लेकिन मन की नाक कट गयी समझो। हर युग में लक्ष्मण नहीं आते नाक काटने लेकिन कलजुग में भी सूर्पनखा की नाक कटती ही रहती है। इस बार मुझे चार -पांच महिलाओं को आने वाली व्यंग्य की किताब से निकलवाना है। उन लोगों को मैं ही लायी थी लेकिन अब वे सब मुझे ही भाव नहीं देती हैं और कहीं तो छप नहीं पातीं अब यहां से भी निकाल दी जाएंगी तब पता चलेगा। तो समझो भैया मेरी नाक सलामत रखनी है तुम दोनों को वरना वो पांचो लेडीज मुझे ताना देंगी, मेरा उपहास करेंगी और मेरी बेइज्जती हुई तो मैं खुद को सूर्पनखा ही समझूंगी।' ये कहते हुए लेडी सांबा ने सुबकते हुए उन पांच नामों की लिस्ट बढ़ा दी।

मोटू और पतलू ने लिस्ट को चेक किया। वो पांच लेखिकाएं उन पचास की लिस्ट में शामिल थीं जो वफादार व्यंग्य बाराती थे।

मोटू ने कहा- 'बमुश्किल हमने पचास वफादारों की लिस्ट तैयार की है जो हमारे गाजर -मूली लेखन पर भी कसीदे गढ़ते आये हैं। ये तुम्हारी नहीं मगर हमारी वफादार रही हैं। ये और बात है बहना कि तुम्हारी मन की नाक भी तो बचानी है। लेकिन ये भी सोचो कि इनको हटाएंगे तो नारी शक्ति सन्तुलन बिगड़ जायेगा हमारी टीम से, बड़ा धर्मसंकट है' ये कहकर मोटू ने चिंतातुर होकर गहरी सांस छोड़ी। अपना काम बिगड़ता देखकर लेडी सांबा ने फिर सुबकना शुरू कर दिया।

इस इमोशनल अत्याचार से आजिज होकर पतलू ने कहा- 'इनको हटाएंगे तो ऐसे पांच कहाँ से लाएंगे? तुमने विकल्प का कुछ इंतजाम किया है?'

सुबकना बंद करते हुए लेडी सांबा ने लिस्ट बढ़ा दी जिसमें पांच नए नाम थे।

मोटू-पतलू दोनों ने लिस्ट देखी और एक साथ पूछा- 'इन्होंने कभी व्यंग्य लिखा है क्या? हमने तो इनका नाम नहीं सुना कभी। कैसे मैनेज होगा सब?'

'पहली बात तो ये है कि इन पांचों की वफादारी पांडवों की तरह है। दूसरी बात ये है कि इन लोगों ने लिखना शुरू किया है। धीरे -धीरे व्यंग्य लिखना भी सीख ही जाएंगी। इसी तरह सब मैनेज हो जायेगा। वैसे भी हमारे पिछले व्यंग्य संग्रह में कितने ही लेखक-लेखिकाएं ऐसे थे जो कि बिना एक भी ढंग का व्यंग्य लिखे ही.......'।

'श, श, श' की आवाज निकालते हुए होंठो पर उंगली रखते हुए चुप रहने का इशारा करते हुए पतलू ने कहा- 'चुप कर बहना, इतनी पोल मत खोल। तेरी नाक कटने से हमने बचा लिया तुझे लेकिन तू ऐसे बोलेगी और कोई सुन लेगा तो व्यंग्य बिरादरी में वैसे भी हमारी कोई इज्जत नहीं है। नौकरी के बलबूते पर ही हम लिटरेचर में अब तक टिके हुए हैं। जो भी हमारी रही -सही नाक अब तक बची हुई है वो भी जरूर कट जाएगी।'

पतलू की इस हरकत पर लेडी सांबा हंस पड़ी। उसे हंसता देखकर मोटू-पतलू भी हंसने लगे।

नेपथ्य में कहीं एक गीत बज रहा था- 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे।'

इस गीत पर लेडी सांबा तर्ज बनाते हुए मन ही मन गुनगुना रही थी-

'और व्यंग्य का दिवाला निकालकर छोड़ेंगे।

Daily THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
www.thephotonnews.com
Sunday, 17 March 2024

BRIEF NEWS

## चार डीएसपी का तबादला, सुमित अग्रवाल बने रांची के ग्रामीण एसपी

**RANCHI :** राज्य सरकार ने एक आईपीएस और चार डीएसपी का तबादला किया गया है। इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने शुक्रवार देर रात अधिसूचना जारी कर दी है। आदेश के अनुसार रांची ग्रामीण एसपी के पद पर पदस्थापित पीयूष पांडेय को जैप 10 होटवार रांची का कमांडेंट बनाया गया है। जबकि रांची ट्रैफिक एसपी सुमित अग्रवाल को रांची ग्रामीण एसपी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इसी प्रकार डीएसपी सिमडेगा के पद पर पदस्थापित बैजू उरांव को पलामू डीआइजी ऑफिस में पदस्थापित किया गया है। मुख्यालय डीएसपी बोकारो के पद पर पदस्थापित पवन कुमार को सिमडेगा डीएसपी बनाया गया। साहिबगंज डीएसपी के पद पर पदस्थापित बहामन टूटी को डीएसपी आईआरबी 9 गिरिडीह बनाया गया है। जबकि आईआरबी 9 डीएसपी के पद पर पदस्थापित किशोर तिर्की को डीएसपी साहेबगंज के पद पदस्थापित किया गया है।

## झारखंड की गांडेय विधानसभा सीट पर उप चुनाव 20 मई को

**RANCHI :** देश में 19 अप्रैल से एक जून तक सात चरणों में लोकसभा चुनाव के साथ ही निर्वाचन आयोग ने शनिवार को 26 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों की तारीख भी घोषित कर दी है। इसके तहत लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के मतदान के दौरान 20 मई को झारखंड की गांडेय विधानसभा सीट पर उप चुनाव होगा। गांडेय विधानसभा क्षेत्र से झामुमो विधायक सरफराज अहमद ने एक जनवरी को झारखंड विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था, जिसके इस सीट पर चुनाव होना है।

## झारखंड में बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि

**RANCHI :** राज्य के लोगों को शनिवार दोपहर बाद हुई बारिश ने बढ़ती गर्मी से राहत दी। रांची समेत बोकारो और रामगढ़ जिले में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। इस दौरान रांची में बारिश के साथ ही ठनका और ओलावृष्टि हुई। साथ ही तेज हवाएं भी चले। आने वाले दिनों में भी राज्य में बारिश जारी रहेगी। मौसम विज्ञान के अनुसार 20 मार्च तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान राज्य के दक्षिणी और मध्य हिस्से में मध्यम दर्जे की बारिश के साथ ही वज्रपात और तेज हवाएं चलेंगी। जहां 19 मार्च के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है, वहीं 19 मार्च को दक्षिणी और मध्य हिस्से में तेज बारिश और हवाओं की संभावना व्यक्त की गयी है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 20 मार्च तक बारिश में विस्तार देखा जायेगा। इस दौरान राज्य के उत्तरी पूर्वी, दक्षिणी और मध्य हिस्से में बारिश होगी। केंद्र के अनुसार इस दौरान रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो, खूंटी, पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां जिला में बारिश होगी। वहीं, 20 और 21 को उत्तर पूर्वी हिस्से जिसमें धनबाद, देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा में बारिश की संभावना है।

## रांची सिटीजन फोरम के पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

**RANCHI :** रांची सिटीजन फोरम के अध्यक्ष दीपेश कुमार निराला की अध्यक्षता में पदाधिकारियों की बैठक शनिवार को अपर बाजार लालजी हिरजी रोड़ स्थित मानसरोवर बिल्डिंग में हुई। इसमें उपाध्यक्ष उमाशंकर सिंह और सचिव सुशील क्रांतिकारी ने फोरम के कार्यों से सभी पदाधिकारियों को अवगत कराया। इसके आलोक में आगे की रूपरेखा और कार्य योजना बनाई गई। उपाध्यक्ष रेणुका तिवारी ने फोरम के लिए बनाए गए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर से समस्त उपस्थित पदाधिकारियों को अवगत कराया, जिसके तहत आगामी कार्य योजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा।

atomy ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

### मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की अध्यक्षता में शनिवार को हुई कैबिनेट की बैठक

# 53 प्रस्तावों पर लगी मुहर, 37 लाख स्कूली बच्चों को मिलेगा निशुल्क बैग

- राज्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल एक साल बढ़ा

**PHOTON NEWS RANCHI :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की अध्यक्षता में शनिवार को हुई कैबिनेट की बैठक में 53 प्रस्ताव पारित हुए। अब राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को निःशुल्क बैग मिलेगा। इसका लाभ क्लास एक से आठ तक के 37 लाख बच्चों को मिलेगा। आगामी शैक्षणिक सत्र से यह लाभ मिलना शुरू हो जाएगा।

राज्य सरकार निःशुल्क बैग के लिए 57 करोड़ रुपये खर्च करेगी। क्लास एक और दो के बच्चों के लिए प्रति बैग 140 रुपये, क्लास तीन से पांच के बच्चों के लिए 150 रुपये और क्लास छह से आठ तक के बच्चों के बैग के लिए 160 रुपये खर्च किए जाएंगे। यह जानकारी कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने दी।





### कैबिनेट के अन्य फैसले

- अल्पसंख्यक और गैर सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल के कर्मियों को ओल्ड पेंशन स्कीम का लाभ मिलेगा। कैबिनेट ने राज्य में शिक्षक पात्रता परीक्षा के आयोजन के लिए एक बार फिर झारखंड शिक्षक पात्रता नियमावली 2024 बनाने का निर्णय लिया है।
- झारखंड राज्य निर्वाचन आयुक्त नियमावली 2024 संशोधित किया गया। इसके अंतर्गत निर्वाचन आयुक्त की उम्र सीमा 64 वर्ष के स्थान पर 65 वर्ष निर्धारित की गई है तथा उनका कार्यकाल तीन वर्ष की जगह चार वर्ष होगी।
- गरीबों को हर तिमाही गैस रिफिलिंग की सुविधा देने का निर्णय लिया गया है।
- प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत राज्य के अधीन जनजाति क्षेत्रों में 91 आंगनबाड़ी केंद्र भी खोले जाएंगे।
- झारखंड शिक्षक पात्रता नियमावली 2024 का गठन किया गया। योजना विकास विभाग के तहत पीपीपी मोड के तहत कोषांग का गठन किया गया है। आम-उपचुनाव में निर्वाचन कार्य में संलग्न पदाधिकारी के कार्य अवधि से अधिक समय तक काम करने के एवज में पारितोष के भुगतान की स्वीकृति दी गई।
- राज्य ग्रामीण विकास संस्थान को ऑटोनोमस कर दिया गया है। इसमें पूर्व से जो भी कार्यरत हैं वह सब रहेगा। संस्थान का नाम राज्य ग्रामीण विकास पंचायती राज संस्थान किया गया।
- साहिबगंज में ग्रामीण जलापूर्ति योजना के लिए दो अरब की स्वीकृति।
- झारखंड बाड़ी मासिक पत्रिका का प्रकाशन और इसे राज्य के आंगनबाड़ी केंद्र में वितरित किया जाएगा।
- मिलेट की खेती को पांच लाख हेक्टेयर तक बढ़ाया जाएगा। अभी 40 हजार हेक्टेयर तक की है। वर्तमान में 50 करोड़ राशि का प्रावधान किया गया।

### कई सड़क-पुल योजनाओं की स्वीकृति

- नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से अटल शहरी विकास योजना के तहत 123 करोड़ की लागत से जामताड़ा शहरी जिला पूर्ति योजना की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।
- नक्सल मुक्त क्षेत्र बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से सड़कें बनाने की स्वीकृति दी गई।
- पकरी बरवाडीह एनटीपीसी प्रोजेक्ट में 220/30 केवी का ट्रांसफार्मर सहित अधिकारियों के लिए 33 करोड़ की स्वीकृति मिली।
- अनगड़ा, राहे पथ में 112 करोड़ की लागत से पुल निर्माण की मंजूरी दी गई।
- 35 किलोमीटर लंबी गोला-मुरी रोड 333 करोड़ से फोरलेन किया जाएगा।
- कोडरमा जिले में 5000 मत की कोल्ड स्टोरेज के लिए 11 करोड़ की योजना स्वीकृत।
- बंता-राहे पथ रोड को दो लाने करने के लिए 178 करोड़ मंजूर।
- प्रधानमंत्री बीमा फसल योजना लागू रखा जाएगा।
- राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (सर्ड) का नाम बदलकर राज्य ग्रामीण विकास पंचायती राज संस्थान कर दिया गया है। संस्थान में कार्यरत कर्मी पूर्ववत काम करते रहेंगे।
- महिला एवं किशोरी कल्याण योजना के तहत महिलाओं को सेनेटरी पैड आपूर्ति योजना को स्वीकृति।
- किसान समृद्धि योजना के लिए 80 करोड़ की मंजूरी।
- जज उत्तम आनंद की आश्रित पत्नी को अनुकंपा पर सहायक निबंधन के पद पर मिलेगी नौकरी।
- रोगी अभिज्ञा गुप्ता को निर्धारित सीमा से अधिक राशि प्रदान करने की स्वीकृति।
- कन्हैया सिंह लिपिक सेवानिवृत की सेवा नियमित कर दी गयी है। साथ ही उन्हें अनुमन्य वित्तीय लाभ मिलेगा।
- साहिबगंज में ग्रामीण जलापूर्ति के लिए दो अरब (200 करोड़) की राशि स्वीकृति की गयी है।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रांची सदर अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू

**RANCHI :** लोकसभा चुनाव के दौरान विधि-व्यवस्था और लोक शांति कायम रखने के लिए एसडीओ सदर उत्कर्ष कुमार ने चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति होने तक दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए पूरे रांची सदर अनुमंडल क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। इस दौरान किसी भी व्यक्ति/राजनैतिक दल, संगठन, उम्मीदवार और उम्मीदवार की ओर से राजनैतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना और प्रदर्शन बिना सक्षम पदाधिकारी के पुवार्नुमति के आयोजित नहीं किया जाएगा। इसी प्रकार किसी सार्वजनिक-सरकारी सम्पत्ति पर नारा लिखना, पोस्टर चिपकाना, पार्टी विशेष का झंडा लगाने, सार्वजनिक सड़कों पर बैनर लगाने, होर्डिंग लगाना और तोरण द्वार लगाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। किसी भी व्यक्तिगत सम्पत्ति पर बिना सम्पत्ति मालिक की लिखित अनुमति के नारा लिखना, पोस्टर, पम्फलेट चिपकाना, पार्टी विशेष का झंडा लगाना तथा होर्डिंग लगाना प्रतिबंधित किया गया है। इसके अलावा कोई भी पार्टी का उम्मीदवार किसी धार्मिक स्थल का प्रयोग राजनैतिक प्रचार के लिए नहीं करेंगे और साम्प्रदायिक भावना को भड़काने का कार्य नहीं करेंगे। साथी ही मतदाताओं को डराने, धमकाने का कार्य नहीं करेंगे और न ही किसी भी मतदाता को प्रलोभन में लाने का प्रयास करेंगे। दूसरी ओर, यह आदेश पूवार्नुमति प्राप्त सभा, जुलूस, शादी, बारात, पार्टी, शवयात्रा, बाजार, अस्पताल जा रहे मरीज के साथ जा रहे व्यक्तियों, विद्यालय और महाविद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राओं एवं कर्तव्य पर तैनात सरकारी कर्मचारी तथा पुलिस बल पर लागू नहीं रहेगा।

# हाईकोर्ट ने कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर के निदेशक के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर 22 तक लगाई रोक

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट ने शनिवार को चर्चित अलकतरा घोटाला में 1.08 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड के निदेशक महेश मेहरा के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक 22 मार्च तक जारी रखी है। महेश मेहरा की ओर से हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गई है। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट में मामले के अगली सुनवाई 22 मार्च को होगी।

कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर को परवा-गढ़वा रोड की 30 किलोमीटर की सड़क के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का काम रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट, डालटनगंज की ओर से दिया गया था। आरोप लगाया गया है कि कंपनी द्वारा अलकतरा के करीब एक करोड़ आठ लाख रुपये का फर्जी बिल रोड कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट में जमा किया गया। मामले में पहले सीबीआई जांच कर रही थी, जिसे बाद में ईडी ने अपने हाथों में ले लिया।

ईडी कोर्ट में मामले में ईडी ने छह आरोपितों महेश मेहरा एवं नागवंत पांडेय सहित कौशल्या इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड, कौशल्या टाउनशिप प्राइवेट लिमिटेड, कौशल्या निर्माण प्राइवेट लिमिटेड, बंगाल केडीसी हाउसिंग डेवलपमेंट लिमिटेड के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था, जिस पर ईडी कोर्ट ने संज्ञान लिया है।





## उषा मार्टिन के एमडी के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक बरकरार

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपित उषा मार्टिन के एमडी राजीव झवर की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने राजीव झांवर के खिलाफ पीड़क करवाई पर रोक 22 मार्च तक जारी रखी है। अगली सुनवाई 22 मार्च को होगी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सुमित गाड़ोदिया ने पैरवी की। ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास ने पैरवी की। मामले को लेकर ईसीआईआर 2/ 2021 दर्ज किया है।

## हाईकोर्ट : सुनील यादव की जमानत पर आदेश सुरक्षित

**RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में साहिबगंज में 1250 करोड़ के अवैध खनन मामले में आरोपित सुनील यादव की ओर से दाखिल जमानत याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। याचिकाकर्ता की ओर से सुनवाई के दौरान कहा गया कि उनके खिलाफ जो आरोप लगे हैं वह निराधार हैं। अवैध खनन मामले में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है। उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का कोई मामला नहीं बनता है। सुनील यादव की ओर से अधिवक्ता सब्यसाची ने पक्ष रखा। सात अक्टूबर, 2023 को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने सुनील यादव की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सुनील, दाहू यादव का भाई है। ईडी कोर्ट ने इन दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इसके बाद साहिबगंज पुलिस ने 26 अगस्त, 2023 को सुनील यादव को गिरफ्तार किया था।

# इलेक्टोरल बॉन्ड स्वतंत्र भारत का सबसे बड़ा घोटाला, सबसे बड़ा भ्रष्टाचार : नायक

**PHOTON NEWS RANCHI :** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव झारखंड छत्तीसगढ़ प्रभारी विजय शंकर नायक ने माननीय सुप्रीम कोर्ट के द्वारा जाट फटकार के बाद एसबीआई द्वारा इलोक्ट्रोल बॉन्ड को सार्वजनिक किए जाने पर आज अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि इलोक्ट्रोल बॉन्ड स्वतंत्र भारत का सबसे बड़ा घोटाला, सबसे बड़ा भ्रष्टाचार है - यह चंदा चोरी नहीं बल्कि बीजेपी का डाका और हफ़्ता वसूली है। उन्होने कहा कि भाजपा के नेता भ्रष्टाचार के खिलाफ भाषण देते रहे और को करोड़ों की रिश्वत भाजपा को दिलाते रहे, देश ताली बजाता रहा, और चौकीदार माल खाता रहा। हद तो यह हो गई की गौ को माता बताने वाली भाजपा ने गाय काटने वाली बीफ कंपनी से 250 करोड रुपये लिए चंदा ।

नायक ने आगे कहा कि 6 वर्षों से इलेक्टोरल बॉण्ड होने के बावजूद सिर्फ. 5 साल के ही आंकड़ें दिये गये हैं. स्इक ने सभी बांड डोनर का खुलासा नहीं किया है - डोनर फाइल में 18,871 एंट्री हैं लेकिन प्राप्तकर्ता फाइल में 20,421 एंट्री ही हैं। यह बेमेल क्यों है देश की जनता को जानने का हक है। भाजपा इस महालूट चुनावी बांड की सबसे बड़ी लाभार्थी है।

नायक ने यह भी कहा कि भाजपा चंदा दो, धंधा लो की राजनीति कर रही थी साथ ही साथ एक तरफ छापा मरवाती थी और दूसरी और वसूली करती थी मतलब साफ है चंदा ले कर जाँच रोकना या फिर चंदा वसूली के लिए जाँच करना था । भाजपा ने उन कंपनियों से भर भर कर पैसा लिया है जिनके खिलाफ उसी की सरकार की एऊ उइक् इनकम टैक्स छापे डाल रही थीं - छापे के तुरंत बाद बॉण्ड दिये गये हैं। ऐसी भी कंपनियाँ हैं जिनसे भाजपा ने चंदा लिया और उसके बाद सरकार ने उनको हजारों करोड़ों के प्रोजेक्ट दिये।भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने चुनावी बांड को असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया भाजपा की यह वसूली रकम भी तो फिर गैर कानूनी है – अगर यह भ्रष्टाचार नहीं तो क्या है । भाजपा ने इलेक्टोरल बॉड की आड़ में कंपनियों से बड़ी रिश्वत ली और उन्हें बदले में कभी काम दिलाया तो कभी जाँचें रुकवाई। जिसे देश की जनता रिश्वत और कमीशन कहती था, भाजपा ने उसे इलेक्टोरल बॉड कहा और भ्रष्टाचार को कानूनी मान्यता देकर रिश्वतखोरी की। इसका जवाब भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को देश की जनता के सामने बताना चाहिए ।



विजय शंकर नायक की फाइल फोटो।

## रिम्स परिसर में अग्निशमन विभाग का मॉकड्रिल

**PHOTON NEWS RANCHI :** रिम्स परिसर में शनिवार को अग्निशमन विभाग की ओर से मॉक ड्रिल और प्रशिक्षण दिया गया। मॉक ड्रिल में अग्निशमालय विभाग से अग्निशमन पदाधिकारी राजेन्द राम सहित अन्य कर्मी अनिल कुमार तिवारी एवं सुदीप तिवारी उपस्थित थे। उन्होंने अग्निशमन यंत्रों, आग के प्रकार और अग्निरोधक यंत्रों के प्रयोग के बारे में बताया गया, जो कि लगभग 01 घंटा चला। इस अग्निशमन मॉक ड्रिल में चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी, डीन (स्टूडेंट वेलफेयर) डॉ शिव प्रिय के अलावा विभिन्न विभागों के डॉक्टर, आकास्मिकी चिकित्सा पदाधिकरी, मातृका, प्रभारी परिचारिका, परिचारिकाऐं, पारामेडिकल स्टाफ, सुरक्षा पदाधिकारी एवं जवान (पुलिस, सैप एवं गृहरक्षक), कक्ष-सेवक, सफाई कर्मी सहित अन्य उपस्थित थे।



## 50 हजार से अधिक कैश मिलने पर होगी कार्रवाई

**PHOTON NEWS RANCHI :** लोकसभा चुनाव की घोषणा होते ही झारखंड सहित देशभर में आचार संहिता आज यानी 16 मार्च से प्रभावित हो गई है। इसके तहत भारत निर्वाचन आयोग ने कई दिशा निर्देश जारी किए हैं। इस बार के चुनाव में भी भारत निर्वाचन आयोग की पैनी नजर इसको लेकर रहेगी। यदि कोई बगैर कोई प्रमाण के 50000 से अधिक कैश लेकर निकल रहे हैं तो चुनाव आयोग के जांच के दायरे में आ जाएगा। इसी तरह 10 लाख से अधिक के कैश आपके पास से बरामद होता है तो चुनाव आयोग की टीम तत्काल आयकर विभाग से इसकी जांच कराएगी।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा होने के बाद झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 50000 रुपये तक की कैश के लिए कोई भी पाबंदी नहीं है मगर इससे ज्यादा यदि पाया जाता है, तो आपको इस पैसे के बारे में जानकारी देनी होगी और वैलिड रीजन नहीं होने पर कार्रवाई की जा सकती है। इसी तरह 10 लाख से अधिक के कैश बरामद होने पर तत्काल इसकी सूचना आयकर विभाग को दी जाएगी। आयकर की टीम इस मामले में जांच करके कार्रवाई करेगी।





### उपायुक्त ने चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन कराने के लिए की फ्लाइंग स्क्वायड की बैठक

# निर्वाचन की सभी प्रक्रिया समय सारिणी के अनुसार करें पूरा

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ आचार संहिता लागू होने के बाद शनिवार को केंद्रीय चुनाव आयोग के सभी निर्देशों का पालन करने के लिए गठित फ्लाइंग स्क्वायड की बैठक की।

उपायुक्त ने लोकसभा चुनाव के लिए गठित फ्लाइंग स्क्वायड के संबंधित सभी अधिकारियों-पदाधिकारियों को कहा कि चुनाव आयोग के निर्गत निर्देशों के तहत दिये गये प्रावधानों के अनुसार निर्वाचन की सभी प्रक्रिया ससमय सारणी के अनुसार पूरा करें। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी सम्बंधित पदाधिकारी लोकसभा चुनाव के लिये आदर्श आचार संहिता के अनुपालन और निर्वाचन की शुद्धता बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

उपायुक्त ने फ्लाइंग स्क्वायड टीम को निर्देश देते हुए कहा कि सी-विजिल के माध्यम से उड़नदस्ता टीम (एफएस) चुनाव प्रचार के अत्यधिक व्यय, नकद और सामग्री के माध्यम से वोट के लिए प्रलोभन, अवैध हथियारों की आवाजाही, गोला बारूद शराब, असामाजिक तत्वों पर चुनाव के दौरान रोकथाम और व्यय अनुश्रवण पर निगरानी के लिए विभिन्न टीमों एफएस, एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी, एटी और एईओ का गठन प्रखंडवार लगातार रूप से करते रहें।

उपायुक्त ने प्रत्येक चेक पोस्ट पर सीसीटीवी, ड्रॉप गेट, बैठने के लिए अस्थायी टेन्ट, कुर्सी, पेयजल, विद्युत की व्यवस्था सुनिश्चित रूप से कराने का निर्देश दिया। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सभी सम्बंधित पुलिस अधिकारी को निर्देश दिया कि उन्हें दिए गए उत्तरदायित्व का पालन सुनिश्चित रूप से हो यह ध्यान रखें। साथ ही कहा कि लोकसभा चुनाव में विधी-व्यवस्था पर पूरा ध्यान दें।

बैठक में एसडीओ उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



बैठक में शामिल उपायुक्त व अन्य। • फोटोन न्यूज

## लोकसभा चुनाव को लेकर डीसी ने की बैठक, दिए कई दिशा-निर्देश

**RANCHI :** रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को आगामी लोकसभा चुनाव के गठित कोषांग के सभी वरीय पदाधिकारी और प्रभारी पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित की। इस दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए। बैठक में कोषांगों की ओर से किए जा रहें कार्यों के सम्बन्ध में चर्चा की गई। विभागीय दिशा निर्देश के तहत सभी कार्यों को ससमय सम्पादित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी संबंधित कोषांग के प्रभारी पदाधिकारियों को कहा गया की भारत निर्वाचन आयोग की ओर से निर्गत निर्देशों के तहत दिये गये प्रावधानों के अनुसार चुनाव की सभी प्रक्रिया ससमय सारणी के अनुसार पूरा करें। चुनाव आयोग से प्राप्त निर्देश के तहत लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन विभिन्न कोषांगो की ओर से जो भी कार्यभार एवं दायित्व दिए गए है। उसका ससमय पर पालन करना सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी कोषांग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन अच्छे तरीके एवं ससमय कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने आगामी लोकसभा चुनाव के गठित कोषांग के सभी वरीय पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी के साथ बैठक कर भारत निर्वाचन आयोग की ओर दिए गए सभी दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश देते हुए कहा की अगले 72 घंटे में क्या करना है। इसकी तैयारी करते हुए चुनाव आयोग के दिए गए दिशा-निर्देश का पालन शतप्रतिशत ससमय पूरा करें। उपायुक्त ने कहा कि सभी योग्य मतदाता अपना मतदान अवश्य रूप से करते हुए इस लोकतंत्र के महान पर्व में अपनी सहभागिता निभाएं।

### भाजपा के मिलन कार्यक्रम का आयोजन

## परिवारवादी पार्टियों से लोगों का हो रहा मोहभंग : आदित्य साहू





कार्यक्रम में उपस्थित आदित्य साहू व अन्य भाजपाई। • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में शनिवार को कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता प्रवक्ता डॉ बिरसा उरांव, बेदिया विकास परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जीतनाथ बेदिया, समाजसेवी डॉ जयप्रकाश, भुईया समाज कल्याण समिति कोल्हान क्षेत्र के उपाध्यक्ष पोरेश नायक, तांती समाज कोल्हान क्षेत्र के अध्यक्ष राशानंद कुमार तांती, समाज सेवी अशोक कुमार सहाय, समाजसेवी छोटन लोहरा ने समर्थकों के साथ पार्टी का सदस्यता ग्रहण की। भाजपा प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने सभी नेताओं को माला एवं पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया गया। साहू ने कहा कि परिवारवादी पार्टी कांग्रेस-झामुमो से लोगों का मोह भंग होता जा रहा है और बड़े नेता से लेकर कार्यकर्ता तक पार्टी छोड़ते जा रहे है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति-नियत एवं नेतृत्व से प्रभावित होकर दूसरे दलों से लोग भाजपा में शामिल हो रहे है। कांग्रेस प्रवक्ता डॉ बिरसा उरांव ने कहा कि कांग्रेस-झामुमो आदिवासियों को दिग्भ्रमित कर रही है जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आदिवासी समाज का मान, सम्मान व स्वाभिमान बढ़ाया है।

# सरयू ने 21 करोड़ की योजनाओं का किया शिलान्यास-उद्घाटन


कार्यक्रम में उपस्थित विधायक सरयू राय व अन्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने शनिवार को 21 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इसमें विधायक निधि, नगर विकास विभाग और पथ निर्माण विभाग की योजनाएं शामिल हैं। राय ने पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में नगर विकास विभाग और विधायक निधि से क्रियान्वित होने वाली 5 करोड़ 8 लाख 94 हजार रुपये की लागत से 44 योजनाओं का सामूहिक शिलान्यास सिदगोड़ा स्थित सोन मंडप में किया। इसमें नगर विकास विभाग के मद से 4 करोड़ 89 लाख 74 हजार रुपये की लागत की 24 योजनाएं और विधायक निधि के मद से 93 लाख 21 हजार रुपये की 20 योजनाएं शामिल हैं। इसके उपरांत विधायक ने पथ निर्माण विभाग से स्वीकृत 15 करोड़ 91 लाख की लागत वाली 2 योजनाओं का स्थल पर जाकर शिलान्यास किया, जिसमें बारीडीह, बिरसानगर, भुइयांडीह, जेम्को मनीफीट की कई बड़ी और चौड़ी सड़कों का निर्माण होना है।

## मानगो में फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शुरू : स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता



**JAMSHEDPUR :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि मानगो फ्लाईओवर का निर्माण कार्य शनिवार से प्रारंभ हो गया। यह जमशेदपुर की जनता की जीत है और उन सभी विरोधियों के गाल पर थप्पड़ है, जिन्होंने हर संभव प्रयास किया कि इस निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि मैंने जमशेदपुर खास कर मानगो की जनता को यह समर्पित करता हूं और यकीन दिलाता हूं कि हर वह वादा जो मैंने आपसे किया हैं वो पूरा करूंगा, बस अपना प्यार, विश्वास और आशीर्वाद मुझपर बनाये रखें। उल्लेखनीय है कि यह फ्लाई ओवर मंत्री बन्ना गुप्ता का ड्रीम प्रोजेक्ट है और उन्होंने चुनाव के समय जमशेदपुर की जनता से वादा किया था कि मानगो को जाम मुक्त बनाएंगे साथ ही सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए विशेष प्रयास करेंगे। मंत्री बन्ना गुप्ता के प्रयास से ही मानगो में स्वर्णरेखा नदी के ऊपर 252 करोड़ रुपए की लागत से फ्लाईओवर निर्माण का कार्य होगा, जिसे गुजरात की दिनेश चंद्र अग्रवाल और इब्रा इस्कॉन की जॉइंट वेंचर कंपनी बनाएगी। इसकी लम्बाई 3.4 किलोमीटर होगा और 18 महीने के कार्यकाल में ये पूरा होगा।

## शहरनामा


वीरेंद्र ओझा

### दावेदारों को काटने लगा कीड़ा

लोकसभा चुनाव का बिगुल अभी बजा है, लेकिन दावेदारों को बहुत पहले से कीड़ा काट रहा ई। जैसे-जैसे बिगुल की तारीख नजदीक आती गई, खुजली तेज होने लगी। एक दल तो इसमें बहुत एडवांस निकला। उसने काफी पहले ही स्थिति स्पष्ट कर दी कि वह तो पावर स्टेशन पर ही भरोसा करता है। इसके साथ ही कई दावेदारों की खुजली शांत हो गई, जबकि एकाध के शरीर में लग रहा है कि राजनीति के कीड़ों ने झुंड बनाकर हमला बोल दिया है। बताते हैं कि इसमें एक-दो दलबदलू टाइप के प्राणी कुलबुलाने लगे हैं। उन्हें लग रहा है कि कैसे भी हो, यह मौका छूटना नहीं चाहिए। उनके लिए करो या मरो की नौबत आ गई है। पांच साल बाद क्या होगा, कौन जानता है। उनके लिए सब्र का फल बिकना बंद हो गया है।

### शुरू हो गई पोस्टरबाजी

चुनाव के साथ ही शहर में पोस्टरबाजी शुरू हो गई है। अब आप यह मत पूछिएगा कि यह पोस्टर कहां लगा था, हमने तो नहीं देखा। तो बता देते हैं, जनाब कि यह पोस्टर कहां लगा, इसके पीछे माथा खपाने की जरूरत नहीं है। आपको देखना ही है तो सोशल मीडिया खंगाल लीजिए, जहां यह पोस्टर वायरल हो रहा है। मजे की बात है कि एक उम्मीदवार, नहीं उसके दल के खिलाफ उसकी ही जाति-समुदाय के लोग पीछे पड़ गए हैं, लेकिन जिसने यह पोस्टर बनाया, उसने नकल में अकल लगाना जरूरी नहीं समझा। उसने टाइटल को ही जाति समझकर विरोध कर दिया है, जिससे उस जाति के लोग बौखलाए हुए हैं। अब वे उस व्यक्ति का पता लगा रहे हैं, जिसने उनकी जाति के उम्मीदवार और उसके दल को ललकारा है।



### एक ने पोस्टर फाड़ा, तो दूसरे ने शिला तोड़ा

अभी विधानसभा चुनाव दूर है, लेकिन शहर का राजनीतिक माहौल ऐसा बन गया है, जैसे लोकसभा में ही विधानसभा का मैच भी हो जाएगा। यदि ऐसा नहीं होता तो पोस्टर फाड़ा-फाड़ी और शिला तोड़ राजनीति की शुरूआत नहीं हुई होती। पिछले दिनों एक नवजात दल के कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पोस्टर-बैनर लगाए थे। कार्यक्रम के अगले दिन देखा कि उनका बड़ा सा पोस्टर किसी ने इस तरह फाड़ दिया था कि बस कोने से पता चल रहा था कि यह उन्हीं के दल का है। उन्होंने जी भर कर भड़ास निकाली, तो कागजी शेर की तरह खूब गरजे भी। अगले दिन जिस दल पर आशंका थी, उनका शिला ही तोड़ कर गायब कर दिया गया। इसमें खास बात यह रही कि पूर्व की भांति थाने में केस-मुकदमा नहीं हुआ।

### तीर-धनुष भी कर सकता खेला

राजनीति में खेला होबे... का नारा भले ही ममता दीदी ने दिया हो, लेकिन बंगाल का यह नारा उत्तर प्रदेश व महाराष्ट्र से लेकर पूरे देश में वायरल हो चुका है। अपनी लौहनगरी तो बंगाल के पड़ोस में है, इसलिए यहां के लिए यह नारा नया नहीं है। बताते हैं कि यहां अभी एक ही दल ने उम्मीदवार घोषित किया है, बाकी दलों ने चुप्पी साध रखी है। पहले तो यही डिसाइड नहीं हुआ है कि फूल वाली पार्टी से कौन टकराएगा। मन ही मन तीर-धनुष वाली पार्टी ने यहां से अपना खिलाड़ी उतारने का न केवल फैसला कर लिया है, बल्कि फूल से ही एक पंखुड़ी चुरा कर खेला करने की तैयारी भी कर ली है। राजनीति के धुरंधरों को अब उस घड़ी की प्रतीक्षा है, जब उम्मीदवार के नाम की घोषणा होगी।

## BRIEF NEWS

### राजस्व मेले में 10 लोगों को मिला भूमि का पट्टा



**ROURKELA :** बीरमित्रपुर तहसील में एक राजस्व मेला आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में उपकोष अधिकारी टोप्पो बाबू मुख्य अतिथि थे/ नगर पालिका के उपाध्यक्ष निवेदिता बागे, तहसील के तहसीलदार गौरी नायक, अतिरिक्त तहसीलदार पद्मिनी नायक, वेसज कुमार साहू, तापस नायक, मोहम्मद इजाज,आलम, और बीरमित्रपुर तहसील के सभी कर्मचारी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में 17 लोगों को विभिन्न प्रमाण पत्र और 10 लोगों को भूमि पट्टा प्राप्त हुआ।

### शिव मंदिर के पास स्ट्रीट लाइट का हुआ उद्घाटन



**ROURKELA :** बीजू युवा जनता दल के जिला सचिव राजेश बड़ाइक और एसडीसी सदस्य हिमांशु पांडा ने अपने प्रयास और ग्रामीणों के सहयोग से आज नुआगांव ब्लॉक उर्मेई पंचायत के शिव मंदिर के पास स्ट्रीट लाइट का उद्घाटन किया। ग्रामीणों की ओर से राजेश बड़ाइक और हिमांशु पांडा को धन्यवाद दिया गया। इस दौरान जन्मजय पंडा, इब्राहिम अंसारी, वार्ड सदस्य, शंभू, प्रफुल्ल, राजाराम महत, राहुल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### राउरकेला एनआईटी हॉस्टल में फूड रेट बढ़ने पर छात्रों का प्रदर्शन



**ROURKELA :** राउरकेला एनआईटी हॉस्टल के मेस में रहने वाले छात्रों का भोजन दर दोगुना कर दिए जाने से छात्रों ने विरोध जताया है। छात्रों ने आज शाम बढ़े हुए शुल्क वापस लेने की मांग को लेकर विरोध एवं धरना प्रदर्शन किया गया। बाद में शैक्षणिक संस्थानों के रजिस्ट्रार द्वारा मामले को सुलझाने का वादा करने के बाद इस धरना प्रदर्शन को वापस ले लिया गया।

### टुईलाडुंगरी से 20 को निकलेगी श्याम निशान यात्रा



**JAMSHEDPUR :** फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी पर बुधवार 20 मार्च को टुईलाडुंगरी से भव्य श्याम निशान यात्रा निकलेगी। टुईलाडुंगरी स्थित हिंदुस्तानी संघ स्कूल से सुबह 07.30 बाबा श्याम की निशान यात्रा निकल कर गोलमुरी श्री शिव मंदिर तक जाएगी। इसमें 301 से अधिक भक्त बाबा श्याम को निशान अर्पण करेंगे। शोभा यात्रा मे ईत्र की वर्षा होगी ओर चलंत दरबार सजेगा, जिसमें बाबा श्याम के शीश की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगा। यह आयोजन श्री श्याम मंड गोलमुरी, श्री श्याम मंडल टुईलाडुंगरी, श्री श्री शिव मंदिर समिति गोलमुरी एवं श्री श्याम महिला मंडल टुईलाडुंगरी द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। शनिवार को हिंदुस्तानी संघ स्कूल में आयोजकों ने पत्रकारों को बताया कि निशान यात्रा में भक्त हाथों में निशान लेकर पूरे रास्ते भजन कीर्तन एवं बाबा की जयकार करते चलेंगे।

# जमशेदपुर में लोकसभा क्षेत्र का चुनाव 25 मई को, इंडिया गठबंधन उहापोह में

**लगातार चार बार से हार रहा झामुमो, 2019 में तीन लाख वोट से हारे थे चम्पाई**

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर लोकसभा का चुनाव छठे चरण में 25 मई को होना है, लेकिन इंडिया गठबंधन ने अब तक उहापोह में है। भाजपा ने अपने उम्मीदवार निवर्तमान सांसद विद्युत वरण महतो को लगातार तीसरी बार चुनाव में उतारने की घोषणा कर दी है, लेकिन विपक्षी दलों में अब तक असमंजस की स्थिति बनी हुई है। सिंहभूम की सांसद गीता कोड़ा के कांग्रेस से पाला बदलकर भाजपा में आने के बाद स्थिति और गंभीर हो गई है। इसकी वजह है कि सिंहभूम संसदीय क्षेत्र से लंबे समय से कांग्रेस का उम्मीदवार जीतता रहा है। झामुमो का गढ़ होने के बावजूद वहां लोकसभा का उम्मीदवार कांग्रेस से ही रहा है। इस बार वहां झामुमो का उम्मीदवार देने की चर्चा पहले से चल रही थी कि इसी बीच गीता कोड़ा का प्रकरण आ गया। इससे कांग्रेस और झामुमो दोनों में दुविधा है कि कोल्हान में कौन सी सीट कौन लेगा। इसी गठबंधन के कारण जमशेदपुर सीट झामुमो और सिंहभूम संसदीय सीट कांग्रेस को मिलता आ रहा था। इस बार झामुमो कोल्हान की दोनों सीट पर अपना उम्मीदवार खड़ा करने की बात कह रहा है, लेकिन अभी इस पर निर्णय नहीं लिया गया है।

इसी बीच पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखा है, जिसमें जमशेदपुर से कांग्रेस का उम्मीदवार देने की मांग की गई है। सिंह ने लिखा है कि यहां लगातार चार बार से झामुमो का उम्मीदवार हार रहा है।

## आचार संहिता के नाम पर व्यापार और व्यापारियों का नुकसान नहीं होना चाहिए : सुरेश सोंथालिया



**JAMSHEDPUR :** देश में आम चुनाव होना 5 साल की एक प्रक्रिया है। व्यापार दिन-रात बारह महीने चलता रहता है। चुनाव में आचार संहिता लगाना अच्छी बात है, पर उतना ही जरूरी है कि व्यापार प्रभावित ना हो। कैट के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोंथालिया ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को पत्र लिख कर निवेदन किया है कि शहर के व्यापारी विभिन्न गांवों, देहातों, आदिवासी इलाकों की दुकानों में माल भेजते रहते हैं। समय-समय पर दौरा कर अपने पैसे की वसूली भी करते हैं। काफी बड़ी रकम उनके पास जमा रहती है। इसी प्रकार सोना- चांदी के व्यापारी, तेल चावल व अन्य सभी सामानों के व्यापारी अपनी गाड़ियों में माल भरकर गांव-गांव बेचते हैं। सामान के पैसे जमा करते हैं। इस तरह से व्यापारियों के पास बहुत सारा पैसा और सोना-चांदी आभूषण आदि व्यापार से संबंधित रहते हैं। अर्थव्यवस्था को चलाए रखने के लिए यह सब अनिवार्य है। चुनाव अचार संहिता के नाम पर व्यापारियों को बेवजह परेशान न किया जाए।

## एमबीएनएस ग्रुप के छात्र-छात्राओं ने की ट्रैकिंग

**JAMSHEDPUR :** एमबीएनएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के शिक्षा विभाग ने दलमा पहाड़ पर ट्रैकिंग के साथ-साथ शिक्षण भ्रमण का आयोजन किया, जिसमें सभी छात्रझछात्राओं ने बढ़-चढकर हिस्सा लिया। इस ट्रैकिंग के गाइड शिवांद्र कुमार दुबे और इंस्टीट्यूट के निदेशक विवेक सिंह थे। ट्रैकिंग की शुरूआत बहुत ही उत्साहपूर्ण माहौल में हुई, जिसमें छात्रझछात्राओं ने दलमा के प्राकृतिक सौंदर्य को अपने जीवन में उतारने और शिक्षा से जुड़े हर तथ्य को समझने कोशिश की। ट्रैकिंग रूट में पशु-पक्षियों की आवाज से सभी उत्साहित होते रहे। ट्रैकिंग में छात्रों की मानसिक व शारीरिक दक्षता का विकास हुआ। जो छात्र शिक्षक बनने की उम्मीद लेकर शिक्षा विभाग में जुड़ते हैं, उन सभी का सकारात्मक चिंतन मजबूत रहता है। ट्रैकिंग में प्रभारी प्राचार्या पिंकी सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर दीपिका भारती, भबतारण भकत, राजेश्वर वर्मा आदि भी शामिल थे।

# जिले के 72 केंद्रों पर आज होगी जेपीएससी की परीक्षा


दंडाधिकारियों को संबोधित करते उपायुक्त।

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा खढरउ-2023 पूर्वी सिंहभूम जिले के 72 परीक्षा केंद्रों में रविवार 17 मार्च को होगी। इसमें 32000 से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली पूर्वाह्न 10 बजे से 12 बजे तक एवं दूसरी पाली में अपराह्न 2 बजे से 4 बजे तक परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा को कदाचार मुक्त कराया जा सके, इसके लिए सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गयी है।

इस परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त संपन्न कराने के लिए उपायुक्त अनन्य मित्तल ने सिदगोड़ा स्थित टाउन हॉल शनिवार को बैठक बुलाई, जिसमें वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, डीडीसी मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत व एसडीएम धालभूम पारुल सिंह भी मौजूद थीं। परीक्षा केन्द्रों में शांति एवं विधि-व्यवस्था के साथ-साथ कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन के लिए प्रतिनियुक्त केंद्र पर्यवेक्षक सह स्टैटिक दंडाधिकारी, उड़नदस्ता दण्डाधिकारी, केंद्राधीक्षक को उनके दायित्वों से अवगत कराते हुए बिना किसी चूक के कर्तव्य निर्वहन का निर्देश दिया गया।

# लोकसभा चुनाव में पूर्वी सिंहभूम के 18,41,646 मतदाता कर सकेंगे मतदान



मीडिया को जानकारी देते उपायुक्त अनन्य मित्तल व अन्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR :** जमशेदपुर लोकसभा का चुनाव छठे चरण में 25 मई को होगा। भारत निर्वाचन आयोग की घोषणा के बाद उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने पत्रकारों को जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के चुनाव से संबंधित जानकारी दी। समाहरणालय सभागार में शनिवार को प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने बताया कि 09-जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी होगी। प्रत्याशी 06 मई तक नामांकन कर सकेंगे, 07 मई को स्क्रूटनी होगी, 09 मई तक प्रत्याशी नाम वापस ले सकेंगे। इस बार जिले के 1887 मतदान केंद्र पर 18,41,646 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें 9,24,246 पुरूष, 9,17,272 महिला तथा 128 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं। निर्वाचन प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए जिले में 15 कोषांग का गठन किया गया है। मीडिया कर्मियों सहित अन्य पोस्टल बैलेट के लिए जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज एवं समाहरणालय परिसर में सेंटर बनाए जाएंगे। कोई भी मतदाता या आम नागरिक वोटर हेल्पलाइन एवं टोल फ्री नंबर-1950 से अपने बीएलओ० एवं मतदान केंद्र के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं । केवाइसी एप के माध्यम से अपने अभ्यर्थियों के संबंध में जानकारी प्राप्त किया जा सकता है।

इस मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, उपविकास आयुक्त मनीष कुमार, पीडी-आइटीडीए दीपांकर चौधरी, एसडीएम धालभूम पारूल सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह व जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव भी मौजूद रहे।

## 'हाथी के दांत' व 'अमन के रखवार' देख खूब हंसे भोजपुरिया

**JAMSHEDPUR :** बिष्टुपुर स्थित तुलसी भवन में शनिवार को संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सौजन्य से नई दिल्ली की संस्था रंगश्री द्वारा दो भोजपुरी नाटकों का मंचन किया गया। भोजपुरी नाट्य महोत्सव की पहली प्रस्तुति सुरेश कांटक कृत भोजपुरी नाटक हाथी के दांत और विशु बसु कृत मूल बांग्ला नाटक शांति रक्षक के भोजपुरी अनुवाद अमन के रखवार का मंचन महेंद्र प्रसाद सिंह के निर्देशन में हुआ। अनुवाद विपुल चौधरी व महेंद्र प्रसाद सिंह का था। हास्य व्यंग्य से भरपूर दोनों नाटकों को देख भोजपुरिया दर्शक खूब हंसे। हाथी के दांत नाटक उन सभी राजनीतिक दलों पर तीखा प्रहार है जो सत्ता पाने के लिए सिद्धांतहीन गठजोड़ करते हैं। यह नाटक दर्शकों को संदेश देता है कि किसी भी राजनीतिक पार्टी के लिए आपस में लड़ाई झगड़ा न करें, क्योंकि सत्ता सुख पाने के लिए सभी मिले रहते हैं। नाटक के मुख्य पात्र अखिलेश कुमार पांडेय, सौमित्र वर्मा, विजय यादव, सूत्रधार सह विदूषक गौरव प्रकाश का अभिनय शानदार रहा।

# जागरूक नागरिक मंच की 10वीं वर्षगांठ व कार्यालय का उद्घाटन



कार्यक्रम में उपस्थित नागरिक मंच के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** जागरूक नागरिक मंच की 10वीं वर्षगांठ और कार्यालय का उद्घाटन छेंड में शनिवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष बिमल कुमार बिशी, महासचिव पीपी. राय और संचालन कुंजबिहारी राउत ने किया। कार्यक्रम में जनसंपर्क अधिकारी जगबंधु जेना, आनंद चंद्र मोहंती, नलिनीकांत धर, डॉ. बसंत कुमार दास, चन्द्रशेखर शेतपथी, सुनील कायल, मीनीति देता, देबब्रत पटनायक ने कार्यालय का उद्घाटन किया।

इस दौरान संगठन के 18 सूत्री मांग पर चर्चा की गयी। इन मांगों में तालचेर बिमलागढ़ रेलवे, बंडामुंडा में रेलवे डिवीजन और इस मे क्योंझर शामिल करना, पूर्णांग हवाई अड्डा, सरकारी मेडिकल कॉलेज, सरकारी स्वायत्त कॉलेज को विश्वविद्यालय में परिवर्तित करना, सुंदरगढ़ जिले में जनजातीय विश्वविद्यालय, वेदव्यास व्यासखेत्र से हरिशंकर तक पर्यटक गलियारा, ब्रह्मानी नदी के जल शुद्धिकरण, ब्रह्मानी नदी झूला पोल का निर्माण, राउरकेला में हाउसिंग बोर्ड कार्यालय का पूर्ण कामकाज, सरकार द्वारा हाउसिंग कॉलोनियों के विकास के संबंध में राउरकेला में सभी सुविधा, आईटी हब, छेंद बसंती कॉलोनी में शेष घर और कोइल नगर को सरकारी नियमों के अनुसार पट्टे का वितरण, हमीरपुर लुहा केरा आदि क्षेत्र को राउरकेला महानगर पालिका में शामिल करना, राउरकेला महानगर पालिका का चुनाव, राउरकेला में एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र का संचालन, अपशिष्ट जल के संरक्षण के लिए कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना,राउरकेला में एक क्रिकेट हब पर चर्चा की गई और मांग की गई।

**लायंस क्लब इंटरनेशनल का 33वां वार्षिक सम्मेलन 'फाल्गुनी' शुरू**

# अंधापन को दूर करेगा लायंस क्लब : प्रवीण अग्रवाल



कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** लायंस क्लब इंटरनेशनल का 33वां वार्षिक सम्मेलन 'फाल्गुनी' शनिवार को अग्रसेन भवन में आयोजित किया गया। जिसमे जिले के लगभग पचास क्लब के प्रतिनिधि और कई सदस्य शामिल हुए। सर्वप्रथम फ्लैग होस्टिंग और राष्ट्रगान के साथ सभा की आरंभ की गई। उसके बाद उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने सभा को संबोधित किया।

लायंस क्लब के वर्तमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रवीण अग्रवाल ने अपने संबोधन में दो दिन होने जा रहे पूरे कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लायंस क्लब दुनिया में अंधत्व को दूर करने के लिए काम कर रहा है, एवं गरीब एवं जरूरतमंदों को आंखों की शल्य चिकित्सा के अलावा महिलाओं के उत्थान के लिए विभिन्न कार्यक्रम सालों भर करते आ रहा है। पचास सिलाई मशीनों का भी निशुल्क वितरण गरीब महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए किया गया है, सदस्यों के मनोरंजन के लिए अग्रसेन भवन में ही शाम को एक रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

लायंस आई अस्पताल से लेकर अग्रसेन भवन तक शांति रैली भी निकाली गई। जिसमें 500 से ज्यादा पश्चिम उड़ीसा से आए हुए लायंस प्रतिनिधि शामिल होकर समाज के बीच शांति का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रवीण अग्रवाल के अलावा निवर्तमान यमुना प्रसाद गोयल, प्रदीप अग्रवाल , ममता गौतम, विनोद मोहंता, राजेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, प्रतीक कयाल, प्रोग्राम चेयरमैन कमलेश शारदा के साथ साथ संजय साहू शामिल थे।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने मतदान नहीं करने की दी धमकी



पेड़ के तने के सहारे नाला पार करते ग्रामीण। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA :** सुंदरगढ़ जिले के गुरुंडिया ब्लॉक के सोल पंचायत अंतर्गत जलजली गांव में न तो सड़क है और न ही पोल। लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। सड़कों और नहरों के पोल के लिए प्रशासन से बार-बार की गई अपील का कोई नतीजा नहीं निकला। अब भी ग्रामीण पेड़ के लकड़ी के सहारे नहर पार कर रहे हैं। लोग बेहद खतरनाक तरीके से नहर पार कर रहे हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द सड़क और पोल नहीं बने तो वे इस बार मतदान नहीं करेंगे।

लोगों की शिकायत है कि बीडीओ से लेकर जिलापाल तक से बार-बार शिकायत के बावजूद कोई नहीं सुनवाई नहीं हुई। यह गांव सुंदरगढ़ सीमा पर है। बीडीओ का कहना है, सड़क और पोल बारे में ग्रामीण विकास विभाग को सूचित कर दिया गया है।

# एंबुलेंस से 400 कैंडिडेट्स को एक जगह लाकर सॉल्व करा रहे थे क्वेश्चन

**बिहार।** में पेपर सॉल्वर गैंग के अब तक के सबसे बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। आर्थिक अपराध ईकाई (एडव), बिहार पुलिस और झारखंड पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन में 24 घंटे के भीतर सॉल्वर गैंग नेटवर्क के लगभग ढाई सौ कैंडिडेट को हिरासत में लिया गया है। ये सभी कैंडिडेट की ओर से आयोजित बिहार शिक्षक नियुक्ति परीक्षा (ळफए) -3 के एग्जाम में शामिल होने वाले थे। इन सभी को झारखंड के हजारीबाग के अलग अलग इलाकों से गिरफ्तार कर पटना लाया गया है। इससे पहले लगभग 18 घंटे तक इनसे पूछताछ की गई। एसटीएफ के 50 जवान के



एस्कॉट में आधी रात के बाद इन्हें हजारीबाग से पटना लाया गया। फिलहाल ये एडव की हिरासत में हैं। इस ऑपरेशन में शामिल डीएसपी रैंक के एक अधिकारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर दैनिक भास्कर को बताया कि ळफए-3 के पहली पाली का पेपर लीक हो गया है। सॉल्वर गैंग के पास से बरामद क्वेश्चन पेपर और परीक्षा में बांटे गए प्रश्न पत्र हू-बू-हू मैच कर गए हैं। बिहार-झारखंड के कई जिलों में अभी भी एडव की छापेमारी जारी है। एडव के सूत्रों की मानें तो लगभग 400 कैंडिडेट को 3-4 दिन पहले एंबुलेंस से बिहार के अलग-अलग जिलों से झारखंड के हजारीबाग के कोहीनूर बैंक्वेट हॉल लाया गया था। यहां इनसे ळफए-3 के क्वेश्चन पेपर सॉल्व कराए जा रहे थे। इसके लिए प्रति कैंडिडेट 10-15 लाख में डील हुई थी। सभी को क्वेश्चन पेपर देने के बजाय लैपटॉप, पेन ड्राइव और प्रोजेक्टर की मदद से सवालों के जवाब का मरवाया जा रहा था। रेड के दौरान इनके पास पेन ड्राइव, लैपटॉप, प्रोजेक्टर बरामद किए गए हैं। हजारीबाग के ड्ल (कोहिनूर बैंक्वेट) में सॉल्वर गैंग इस तरह की घटना को अंजाम दे रहा है इसकी सूचना बिहार पुलिस को गुरुवार रात को मिली। सूचना मिलते ही बिहार पुलिस और एडव की टीम हरकत में आ गई। क्ढर रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम बनाई गई। हजारीबाग पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। इसके बाद पुलिस पूरी रात तक ड्ल को तलाशते रही। सुबह साढ़े 6 बजे पुलिस की टीम इसे डिकोड कर पाई और शहर के बैंक्वेट हॉल कोहिनूर में रेड की। पुलिस के पहुंचने से पहले ही आधे बच्चे पहली सिटिंग की परीक्षा के लिए निकल चुके थे । एडव को सूचना मिली की तीन बस और कई लग्जरी गाड़ियों से कैंडिडेट पटना, बिहारशरीफ और बेगूसराय के लिए निकले हैं। तत्काल बस मालिक की मदद से सभी बस का लोकेशन ट्रेस किया गया। इसके बाद सभी बसों को झारखंड-बिहार बॉर्डर के बरही, पदमा, कटकमसांडी कोर्रा और हजारीबाग के अलग-अलग थानों में पहुंचाया गया। यहां कैंडिडेट को हिरासत में लिया गया। हालांकि बस को थाने में जाता देख आधे से ज्यादा कैंडिडेट भागने में सफल रहे। इसके बाद देर शाम सभी कैंडिडेट को हजारीबाग लाया गया। जिस पम्मी बस से कैंडिडेट को हजारीबाग से बिहार के अलग-अलग केंद्रों पर लाया जा रहा था,उस बस सर्विस से जुड़े एक कर्मचारी ने ऑफ रिकॉर्ड दैनिक भास्कर को बताया कि सुबह 3 बजे बस की बुकिंग की गई थी। एडवांस के तौर पर उन्हें 10 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए थे। उन्होंने बताया कि बिहारशरीफ, नालंदा और पटना पहुंचाने की डील फाइनल हुई थी। बेगूसराय जाने से मना कर दिया था। एडव सूत्रों की मानें तो सॉल्वर गैंग के इस रैकेट में मुख्य साजिशकर्ता नालंदा और पटना का है। 5 लोग मिलकर इस पूरे रैकेट को चला रहे थे। इसमें बड़े अधिकारी के मिलीभगत की बात भी सामने आ रही है।

## अब तक 10 सांसद बने जिनमें 7 राजपूत इस बार लवली आनंद की भी दावेदारी



**बिहार।** का सबसे छोटे जिले शिवहर को शिव की नगरी कहा जाता है। इस लोकसभा सीट पर राजपूत जाति का दबदबा रहा है। अब तक यहां से 10 सांसद बने हैं। इसमें 7 सांसद राजपूत जाति से रहे हैं। जबकि, दो वैश्य और एक मुस्लिम सांसद बने हैं। इस बार का चुनाव भी दिलचस्प होने वाला है। यहां से बाहुबली आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद दावा ठोक रही हैं। उनके बेटे चेतन आनंद भी इसी क्षेत्र से विधायक हैं। इससे पहले भी लवली आनंद चुनाव लड़ चुकीं हैं। हालांकि, यह सीट एनडीए में किसके खाते में जाएगी। यह अभी तय नहीं है। शिवहर को क्रांतिकारियों की भूमि होने का भी गौरव मिला हुआ है। स्वाधीनता की लड़ाई के दौरान 1942 में जिले के तरियानी छपरा के सपूतों की गोरे सिपाहियों से भिड़ंत हो गई थी। सभी शहीद हो गए थे। शहीदों के नाम स्मारक पर अंकित हैं। राजनीतिक प्रतिनिधित्व की बात करें तो शिवहर के 2 सांसद रामदुलारी सिन्हा और हरिकिशोर सिंह को राज्यपाल बनने का गौरव हासिल है। शिवहर को जिला बनाने का श्रेय रघुनाथ झा को है। उन्होंने पांच प्रखंडों की धरती को जिला बनवाया था। वैसे तो कांग्रेस ने इस लोकसभा सीट पर 6 बार अपना कब्जा जमाया, लेकिन अब यहां से लगातार तीन बार भाजपा जीतते आ रही है। शिवहर राजपूतों के लिए बहुमूल्य सीट माना जाता है। लेकिन, यह सीट फिलहाल वैश्य समाज के कब्जे में है। यहां से बड़े-बड़े दिग्गज और बाहुबली नेता सांसद बन चुके हैं। वर्तमान में रमा देवी बीजेपी के टिकट पर तीन बार से सांसद हैं। हालांकि, इस बार उनके चुनाव नहीं लड़ने की चर्चा है। बीजेपी जिलाध्यक्ष नीरज कुमार सिंह ने कहा कि यहां भाजपा की सीट है और भाजपा ही चुनाव लड़ेगी। इस बार भी रमा देवी को टिकट मिलेगा और पिछले करेगी। नाम भी आगे चल रहा है।

## लाठी-डंडे के हमले से दोनों ओर से सात लोग हुए जख्मी

**भोजपुर।** जिले के कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के सरैया गांव में शुक्रवार को घर बंटवारा के विवाद को लेकर दो भाइयों के परिवारों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर जानलेवा हमला करते हुए लाठी डंडे से मारकर जख्मी कर दिया है। घटना में एक पक्ष से दंपती समेत चार लोग जख्मी हो गए। जबकि दूसरे पक्ष के पति-पत्नी और बेटा जख्मी हो गए। मामला शांत होने के बाद सभी जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया, जहां सभी का इलाज कराया जा रहा है।



जख्मियों में कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र क्षेत्र के सरैया गांव निवासी स्व पारस साह के 55 वर्षीय पुत्र जय कुमार साह, उनकी 50 वर्षीय पत्नी पूनम देवी, दो भतीजी स्व. भीम कुमार गुप्ता की 14 वर्षीय पुत्री गगन कुमारी और 12 वर्षीय गुलाल कुमारी शामिल है। दूसरे पक्ष के स्व. पारस साह के 55 वर्षीय छबीना साह, उनकी 42 वर्षीय पत्नी कुंती देवी और 18 वर्षीय पुत्र जानू कुमार शामिल है। एक पक्ष की पूनम देवी ने बताया कि घर बंटवारा को लेकर उनके बड़े जेठ से विवाद चल रहा था। उनके हिस्से के घर को दे दिया गया था, लेकिन वो लोग जबरन ऊपर के हिस्से को मांग रहे है। जब हमलोगों ने इसी बात को लेकर मना किया तो जेठ अपने पूरे परिवार के साथ मिलकर हम सभी की बेहरमी से पिटाई कर दी। दूसरे पक्ष के जानू कुमार ने बताया कि 11 माह से बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। जब भी हमलोग घर के अंदर के रास्ते से आने-जाते गाली-गलौज किया करते थे। मेरे हिस्से के घर भी नहीं दिया गया है। हमलोग मांगने की कोशिश करते है तो हमेशा मारपीट की जाती है।

## जीजा से था अफेयर पिता गिरफ्तार भाई-चाचा फरार 5 दिन बाद ऐसे हुआ खुलासा

**कटिहार।** में ऑनर किलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। भाई, पिता और चाचा ने मिलकर नाबालिग (15) बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को 70 किलोमीटर दूर ले जाकर फेंक दिया। हत्या अररिया में की गई शव को कटिहार में फेंका गया। पुलिस ने बताया कि लड़की का अपने ही जीजा (33) से अवैध संबंध था। घर में इसे लेकर अक्सर विवाद होता था। 10 मार्च को पुलिस को सड़क किनारे लड़की का शव मिला था। 5 दिन



बाद पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए पिता कैलाश शर्मा (55) को गिरफ्तार कर लिया है। भाई, चाचा की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। लड़की के पिता, भाई और चाचा ने मिलकर उसकी हत्या की थी। गिरफ्तार मुख्य आरोपी जो कि लड़की का पिता है उसने बताया कि नानी के यहां घुमाने का बहाना बनाकर उसको कार में लेकर निकले। इसके बाद कुछ दूर में जाकर कार में रस्सी से गला दबाया और हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार ने बताया कि बीते 10 मार्च को फलका थाना क्षेत्र के स्टेट हाईवे-77 के चोचला मोड़ के पास अज्ञात युवती का शव मिला था। इसके बाद उसकी पहचान के लिए पहले उसकी तस्वीर को सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर किया गया। इस दौरान पता चला कि किशोरी बौसी थाना क्षेत्र की रहने वाली है। जब वहां जाकर जांच की गई तो पता चला कि यह ऑनर किलिंग का मामला है।एसपी ने कहा कि किशोरी का उसके जीजा दीपक शर्मा के साथ अवैध संबंध था। जब इस बात की जानकारी उसके घर वालों को लगी तो पहले बहुत समझाया, लेकिन जब बात नहीं बनी तो उसकी जान ले ली गई। लड़की कई बार पहले भी जीजा के साथ भाग चुकी थी ऐसी भी जानकारी मिली है।

## भोजपुर में निदेशक के घर ईडी की छापेमारी

**भोजपुर।** ब्रॉडसन कंपनी के निदेशक पुंज कुमार सिंह और कृष्ण मोहन सिंह के ठिकानों पर बिहार और झारखंड में एऊ ने छापा मारा है। दोनों कंपनी के पार्टनर के साथ-साथ बालू कारोबारी भी हैं। भोजपुर में पुंज कुमार सिंह और कृष्ण मोहन सिंह के ठिकानों पर शनिवार सुबह एऊ की टीम पहुंची। यहां के कोईलवर थाने के धनडीहा स्थित श्रीराल वाटिका के साथ-साथ कई ठिकानों पर टीम ने छापेमारी की। इसके अलावा धनबाद में भी पुंज कुमार सिंह के ठिकानों पर एऊ पहुंची। जांच एजेंसी ने शनिवार सुबह धनबाद के कासा सोसाइटी स्थित आवास और झरिया



हेटलिबांध स्थित उनके भाई सतेंद्र सिंह के आवास पर दबिश दी। एऊ की टीम ने अंदर जाते ही घर के सभी सदस्यों से मोबाइल जब्त कर लिया और घर के अंदर रखे कई अहम दस्तावेजों को खंगालना शुरू कर दिया। फिलहाल इन दोनों ही जगहों पर एऊकी छापेमारी जारी है। बालू कारोबारी पुंज कुमार सिंह पर 250 करोड़ से अधिक के राजस्व चोरी का मामला है। जिसके आधार पर एऊ अपनी कार्रवाई में जुटी हुई है।कंपनी के दूसरे पार्टनर कृष्ण मोहन सिंह का पैतृक घर कोईलवर थाना क्षेत्र के बाघ मझौआ है। यहां भी टीम गई थी। फिलहाल उसके दूसरे ठिकाने आरा नगर थाना क्षेत्र के आनंद नगर में छापेमारी चल रही है। पुंज सिंह बिहार में 400 करोड़ के बालू घोटाले के आरोपित हैं। जिसमें एऊ ने पहले भी पुंज सिंह और इनके साथी करीबियों के यहां छापेमारी कर चुकी है। इस मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था।

छापेमारी के दौरान किसी की भी एंट्री पर रोक लगाई है। एऊ के अधिकारी कई कागजातों की तलाशी करेंगे। टीम कई लोगों से पूछताछ भी करेगी। इसके अलावा अन्य मामले सामने आते हैं तो उस पर भी एऊ गहनता से पूछताछ करेगी।

## 30 दिनों तक ट्रेनिंग की भी सुविधा 10 साल तक होगा उपयोग

**बांका।** के किसानों को घर के कचरे और गोबर से जैविक खाद बनाने के लिए सरकार 50 फीसदी तक अनुदान दे रही है। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि जिले में जैविक खेती के लिए दो कॉरिडोर का चयन किया गया है। इसमें रजौन और बांका प्रखंड शामिल है। इन कॉरिडोर से समूह में किसानों को जोड़कर जैविक खेती कराई जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि एक यूनिट 10 मीटर लंबा, तीन मीटर चौड़ा तथा ढाई मीटर ऊंचा होता है। सरकार ने इसकी लागत



10 हजार रुपए निर्धारित किया है। इस पर 50 फीसदी अनुदान यानी पांच हजार रुपए सरकार देगी। जैविक खाद तैयार करने के लिए किसान गोबर के साथ-साथ घर के कचरे जैसे सब्जियों के टुकड़े, पुआल आदि का उपयोग कर सकते हैं। इसको तैयार करने के लिए कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से किसानों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

## मर्डर के बाद शव को पानी से भरे गड्ढे में फेंका मृतका की पहचान में जुटी पुलिस

**पटना।** के बेलछी में अपराधियों ने एक युवती की गला काटकर निर्मम हत्या कर दी। फिर उसके शव को कोकरी खंदा पर गांव में पानी भरे एक गड्ढे में फेंक दिया। पुलिस ने शनिवार को युवती का शव बरामद कर लिया है। आशंका है कि अपराधियों ने युवती का रेप करने के बाद उसकी हत्या की है। फिलहाल युवती की पहचान नहीं हो पाई है। घटना के बाद पूरे गांव में सनसनी का माहौल कायम हो गया। पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। साथ ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के मुताबिक, ग्रामीणो ने शनिवार सुबह कोकरी खंदा पर पानी सेभरे गड्ढे में युवती का शव देखा। जिसके बाद शव मिलने की सूचना पूरे गांव में आग की तरफ फैल गई। स्थानीय लोगों ने



इसकी सूचना संबंधित थाना को दी। सूचना मिलते ही बेलछी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और युवती के शव को गड्ढे से निकाला। युवती की पहचान के लिए आस-पास के लोगों से बातचीत की, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने आशंका जाहिर की है कि युवती की रेप के बाद हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस ने युवती के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बाढ़ अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। साथ ही मृतका की पहचान में भी जुटी है। घटना की पुष्टि करते हुए बेलछी थाना प्रभारी ही रेप की पुष्टि होगी।

## जमुई में जीआरपी ने नाबालिग लड़की समेत 3 को पकड़ा

**जमुई।** में प्रेमी के साथ बंगाल भाग रही प्रेमिका (17) को ऋक्ष्ढ पुलिस ने पकड़ा है। प्रेम-प्रसंग में 2 लड़कों ने एक नाबालिग(17) को स्कूल से भगा लिया। प्रेमी नाबालिग प्रेमिका को शादी की नीयत से शुक्रवार को भगाकर बंगाल ले जा रहा था। इसी दौरान इस मामले की जानकारी जमुई जीआरपी को मिली। जीआरपी ने उनकी संदिग्ध गतिविधियों को देखकर प्लेटफार्म नंबर एक से पकड़कर थाने ले आई। पुलिस ने दोनों से अलग-अलग पूछताछ की। इसके बाद सारी सच्चाई सामने आई। जीआरपी ने इस मामले की जानकारी चंद्रदीप थाना की पुलिस को दी है। शुक्रवार रात चंद्रदीप पुलिस स्टेशन पर पहुंचकर नाबालिग और दोनों



लड़के को अपने साथ थाने ले गई है। बता दें कि प्रेमिका ने स्कूल से भागने की बात बताई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात करीब 9 बजे प्लेटफार्म नंबर-1 पर 2 युवक और एक नाबालिग को काफी देर तक बैठे देखा गया। नाबालिग बुर्के में थी, जो बंगाल जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रही थी। वहीं, गश्ती में लगे जीआरपी जवानों ने जब उनसे पूछताछ की तो तीनों ने गोल-मोल जवाब दिया। इसकी वजह से जीआरपी को उन पर शक हुआ। पुलिस तीनों को थाने ले आई। जहां पूछताछ में यह बात सामने आई कि चंद्रदीप थाना क्षेत्र के सहोड़ा गांव के रामवृक्ष यादव की नाबालिग बेटी का 4 साल से गांव के ही मोहम्मद ताज अंसारी(19) के साथ अफेयर चल रहा था। शुक्रवार दोपहर रामवृक्ष यादव की नाबालिग बेटी इंटर का एग्जाम देने के लिए स्कूल गई हुई थी। यहां से वह दोपहर में प्लानिंग के तहत अपने प्रेमी के साथ भाग गई। हालांकि इस दौरान नाबालिग लड़की के पिता भी स्कूल के आसपास ही मौजूद थे। लेकिन बेटी के बुर्का में होने के कारण वह उसे पहचान नहीं पाए। समय ज्यादा होने पर जब उसकी बेटी बाहर नहीं आई तो वे खोजबीन करने के लिए स्कूल के अंदर गए। जब वह नहीं मिली तो इस मामले को लेकर चंद्रदीप थाने में शुक्रवार को ही पिता ने लिखित आवेदन दिया। इसमें गांव के ही दो लड़के मोहम्मद ताज(19) पिता मोहम्मद आशिक अंसारी और मोहम्मद सैफ आलम(18) पिता आरिफ आलम के खिलाफ शादी करने की नीयत से भगा ले जाने के मामले में अपहरण का केस दर्ज कराया था। इस मामले को लेकर प्रेमी ताज अंसारी ने बताया कि 4 साल से दोनों में प्रेम-प्रसंग चल रहा है। कोचिंग के दौरान दोनों में प्यार हुआ था। उसने बताया कि प्रेमिका ने मुझे बोला- मेरी शादी जबरदस्ती करने की बात घर पर चल रही है। हम को ले चलो नहीं तो हम कुछ कर लेंगे। इसलिए हम उसे लेकर भागने का प्लान बनाए। उसे अपने साथ कोलकाता ले जा रहे थे।वहां जाकर दोनों शादी करते। प्रेमी ताज अंसारी ने बताया कि शुक्रवार दोपहर 2 बजे उसे स्कूल से भगाए थे। वह बाहर बुर्का पहनकर आई और मेरे साथ भाग गई। उसने अपनी सहेली से बुर्का मंगवाया था। वहीं ताज का दोस्त मोहम्मद सैफ आलम दोनों को भगाने के लिए पूरी मदद कर रहा था। वह शुक्रवार रात जमुई रेलवे स्टेशन पर दोनों को ट्रेन पर बैठाने के लिए आया था। जहां जीआरपी ने तीनों को पकड़ लिया। बता दें कि कुछ देर के लिए ताज और उसके दोस्त सैफ ने लड़की को पहचानने से इनकार भी कर दिया था। नाबालिग के पिता रामवृक्ष में परीक्षा देने गई थी।

## संक्षिप्त डायरी

### लोकसभा से पहले दलितों पर दांव 70% मंत्री इसी जाति के सवर्ण में राजपूत को तवज्जो



**पटना।** लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा से ठीक एक दिन पहले बिहार में एनडीए सरकार का कैबिनेट विस्तार हुआ। इसमें भाजपा और गठबंधन ने मिलकर पिछड़ा और दलित वर्गों को साधने की कोशिश की है। शुक्रवार को कुल 21 मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। 9 पहले से थे। मंत्रिमंडल विस्तार के बाद अब सरकार में सीएम समेत कुल 30 मंत्री हो गए हैं। 30 मंत्रियों में 20 मंत्री (लगभग 70 प्रतिशत) दलित, ईबीसी और ओबीसी वर्ग के हैं। यादव और मुस्लिम से मात्र एक-एक मंत्री बनाए गए हैं। विजेंद्र यादव और जमा खान दोनों जदयू कोटे से हैं। भाजपा ने मंत्रिपरिषद में यादव जाति से एक भी मंत्री नहीं बनाया है। पार्टी की तरफ से नंद किशोर यादव को विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है। जदयू ने भी यादव जाति से आने वाले नरेंद्र नारायण यादव को डिप्टी स्पीकर बनाया है। वहीं, सवर्ण की बात करें तो दोनों पार्टियों ने भूमिहार जाती से 1-1 मंत्री बनाया है। भाजपा ने जहां विजय सिन्हा को डिप्टी सीएम बनाया है तो वहीं जदयू की तरफ से विजय चौधरी को मंत्री बनाया गया है। सबसे ज्यादा राजपूत कोटे से 4 मंत्री बनाए गए हैं। भाजपा की तरफ से दो, एक जदयू कोटे से और सुमित सिंह निर्दलीय कोटे से मंत्री बनाए गए हैं। जबकि ब्राह्मण कोटे से दो मंत्री बनाए गए हैं, दोनों बीजेपी के हैं। महागठबंधन सरकार में मुस्लिम और यादव जाति से कुल 13 मंत्री बनाए गए थे।

### हिरासत में 4 मजदूर 2 गार्ड समेत 10 लोग मां से कहा था- खाना बनाकर रखना



**पटना।** के आर ब्लॉक के पास स्थित वीवीआईपी मोहल्ले एमएलसी हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में 20 साल के कृष्णा कुमार उर्फ अंशु की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। उसे करंट लगाया गया और शव को एमएलसी कॉलोनी के एक निमार्णाधीन फ्लैट की चहारदीवारी में ग्रिल के सहारे बांधकर लटका दिया गया। घटना गुरुवार की रात करीब दो बजे के बाद की है। शुक्रवार की सुबह लोगों ने शव लटका देख सचिवालय थाने को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिटी एसपी मध्य चंद्र प्रकाश, सचिवालय डीएसपी सुशील कुमार और सचिवालय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गया। युवक के पास से बरामद मोबाइल से उसकी पहचान आर ब्लॉक रोड नंबर 6 स्थित झोपड़पट्टी के रहने वाले कृष्णा कुमार के रूप में हुई। सिटी एसपी ने कहा कि मेडिकल बोर्ड शनिवार को पोस्टमार्टम करेगी। सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है। प्रथमदृष्टया लग रहा है कि हत्या निमार्णाधीन फ्लैट में ही हुई है। पुलिस ने चार मजदूरों और कॉलोनी के दो गार्ड सहित 10 लोगों को हिरासत में लिया है। पूछताछ की जा रही है। जिस फ्लैट में शव मिला उसके पास ही विधान पार्षद जनक राम और डॉ. सच्चिदानंद राय का आवास है। डॉग स्क्वायड शव को सूंघने बाद कैंपस में घूमा और विधान पार्षद सच्चिदानंद राय के आवास के पीछे झोपड़ी में घुस गया। वहां से पुलिस ने एक जैकेट बरामद की है। बताया जा रहा है कि यह जैकेट कृष्णा की ही है। झोपड़ी में कॉलोनी के लिए लकड़ी का काम चल रहा है। कृष्णा की मां रिंकी देवी एक निजी अस्पताल में काम करती हैं। उन्होंने कहा कि रात में करीब 10 बजे घर आई। 10:30 बजे फोन किया तो कृष्णा ने कहा कि खाना बनाकर रखना हम आकर खाएंगे। इसके बाद घर के सब लोग खाकर सो गए। रात करीब 2 बजे रिंकी देवी की नींद खुली तो देखा कि कृष्णा नहीं लौटा है। उन्होंने फिर फोन किया।

### शटर गिराकर वारदात को दिया अंजाम काउंटर से 8 हजार नगद ले गए दुकानदार को पीटा



**बेगूसराय।** में बदमाशों ने दुकान में घुसकर लूटपाट लूटपाट की। घटना गढ़पुरा थाना क्षेत्र के गढ़पुरा चौक के समीप की है। जहां कि न्यू मनभावन वस्त्रालय में बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने दुकान में घुसकर हथियार के बल पर पहले मारपीट की फिर दुकान के काउंटर में रखे करीब 8,000 रुपए और नया सीसीटीवी लेकर भाग निकले। सूचना के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। पीड़ित दुकानदार संजीवन पोद्दार ने बताया कि गढ़पुरा चौक के समीप उनका न्यू मनभावन वस्त्रालय और पान मसाला की दुकान है। कल रात करीब 8:30 बजे उनका पुत्र रवीश कुमार दुकान पर था। तभी एक युवक पान मसाला लेने के लिए दुकान में घुसा। उसके बाद दो और युवक घुसे और पिस्तौल के बल पर कब्जे में लेकर दुकान का शटर गिरा दिया। इसके बाद काउंटर में रखे 8,000 रुपया ले लिए। पैसा मांगा तो रविश ने नहीं रहने की बात कही। इस पर रविश और एक अन्य बच्चे के साथ भी मारपीट की। दुकान की सुरक्षा के लिए कल ही सीसीटीवी खरीद कर लाया गया था, उसे भी बदमाशों ने लिया और बाइक से तीनों पश्चिम दिशा की ओर भाग निकले। छानबीन की जा रही है।

# फिर क्यों चाहिए बाहरी मुसलमानों को भारत की नागरिकता?

केंद्र की मोदी सरकार एक अच्छी मंशा से नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लेकर आई है। किंतु देश विरोधी शक्तियां इसे लेकर जनमानस के बीच जिस तरह का नैरेटिव सेट करने के प्रयास में लगी हैं, वह बहुत ही खतरनाक है। 2019 की तरह ही इस विषय पर फिर से देश में अराजकता पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। भारत के नागरिक मुसलमानों को भड़काने की कोशिशें शुरू हो गई हैं, यह कहकर कि उनके अधिकारों का हनन है। मुसलमानों में डर का माहौल यहां तक बनाया जा रहा है कि "यह देश के 17 करोड़ मुसलमानों को संदेश है कि वे अब कागज निकालें" ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी जैसे नेता कह रहे है, आप क्रोनोलॉजी समझिए, पहले चुनाव का मौसम आएगा फिर सीएए के नियम आएंगे।...सीएए विभाजनकारी है और गोडसे की सोच पर आधारित है, जो मुसलमानों को दोयम दर्जे का नागरिक बनाना चाहता है।... राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर), राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के साथ सीएए का उद्देश्य केवल मुसलमानों को टारगेट करना है, इसका कोई अन्य उद्देश्य नहीं है । देखा जाए तो सीएए मुद्दे पर सभी प्रधानमंत्री मोदी विरोधियों का फोकस इस बात पर है कि कैसे हम यह सिद्ध कर पाने में सफल हों कि यह कानून देश के लगभग 15 करोड़ मुसलमानों को राज्यविहीन बना देने के लिए लाया गया है। इसी सोच के साथ पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, कांग्रेस सांसद शशि थरूर समेत इंडी के अधिकांश घटक दल आज आगे बढ़ते हुए दिख रहे हैं। वास्तव में जो भी राजनीतिक पार्टियां और नेता आज 'सीएए' का विरोध कर रहे हैं, उनसे यह जरूर पूछा जाना चाहिए कि भारत विभाजन का सबसे बड़ा कारण कौन सा रहा ? किसे चाहिए था धर्म (मजहब) के आधार पर अलग देश? गैर मुस्लिमों के खिलाफ एक ही दिन अविभाजित भारत में 'डारेक्ट एक्शन' किसने शुरू किया था? और जब धर्म के आधार पर दो देशों के बीच मुस्लिम-गैर मुस्लिम की जनसंख्यात्मक अदला-बदली होनी चाहिए थी, आखिर वे कौन लोग (नेता-संगठन) थे, जिन्होंने ऐसा होने नहीं दिया। यदि यह कार्य उसी वक्त हो जाता तो 1947 से लेकर अब तक स्वतंत्र भारत में जितने भी सांप्रदायिक दंगे हुए और उनमें जिन मासूमों, सामान्य जनों को अपनी जानें गंवानी पड़ी, वह नहीं जातीं! और न ही भारत में हिन्दू-मुस्लिम जैसी कोई समस्या दिखाई देती । इतना ही नहीं देश में पिछले 75 वर्षों के दौरान एक विशेष धर्म को माननेवाले जितने स्लीपर सेल एवं आतंकी पकड़े गए, अनेक बम ब्लास्ट हुए, वह भी नहीं होते। केंद्र और राज्य सरकारों का धन और ऊर्जा इस प्रकार के तमाम मामलों को सुलझाने में जो खर्च होती है, कहना होगा कि वह भी नहीं लगती। तब दोषी कौन हुआ? क्या जो निर्वासित हो रहे थे, वे दोषी हैं या वे जिनके साथ अमानवीय अत्याचार सिर्फ इसलिए किए गए क्योंकि उनका धर्म अलग था? इस सब के लिए उन्हें ही दोषी माना जाए? ऐसे में साफ समझ आता है कि दोषी 1947 की तत्कालीन भारत-पाकिस्तान की सरकारें रही हैं। यदि आज पूर्व सरकार की गलती को भारत सरकार विशेषकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुधारने का प्रयास किया है तो खुले मन से विचार करें; इस का विरोध होना चाहिए या सर्वत्र समर्थन ? जनसंख्या के आंकड़े देखिए; ह्यूमन राइट सर्व रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान में हिंदुओं की जनसंख्या 1931 में 15 प्रतिशत थी, वह विभाजन के बाद सिर्फ 1.3 फीसदी रह गई । यह आंकड़ा 1961 में 1.4 प्रतिशत, 1981 में 1.6 और अभी की स्थिति में अधिकतम बढ़कर 1.8 प्रतिशत तक ही पहुंच सका है। यूनाइटेड स्टेट्स कमिशन ऑन इंटरनेशनल रिलिजियस फ्रीडम का सार्वजनिक तौर पर डेटा मौजूद है जो यह बता रहा है कि पाकिस्तान में हिन्दू-सिख एवं ईसाईयों की स्थिति बहुत दयनीय है। पाकिस्तान में हर साल एक हजार से ज्यादा हिंदू, सिख और क्रिश्चियन लड़कियों का धर्म परिवर्तन कराया जाता है। यदि इस अधिकारिक आंकड़े से अलग सामान्य धर्म परिवर्तन के मामले देखें तो अकेले अल्पसंख्यक लड़कियों के कन्वर्जन की यह संख्या एक हजार से कई गुना अधिक बढ़ जाती है। वस्तुतः यही हाल बांग्लादेश का है। अविभाजित भारत में 1901 में हुई जनगणना में बांग्लादेश में कुल 33 फीसदी हिंदू आबादी रहती थी, लेकिन 1971 में दुनिया के नक्शे पर नए देश के रूप में आए इस बांग्लादेश में हिंदुओं की आबादी सतत गिरावट की ओर है। यहां अल्पसंख्यक हिंदुओं पर सुनियोजित हमले हो रहे हैं। पिछले एक दशक में वहां हिंदुओं पर लगभग पांच हजार हमले हुए हैं, जिनमें सैकड़ों जानें गईं और हजारों हिंदू घायल हुए हैं। यहां वर्ष 2021 तक महज 6.5 प्रतिशत हिंदू ही रह गए हैं। जिनकी कि 2024 में संख्या घटकर ओर कम लगभग 6.2 प्रतिशत ही रह गई है। आप स्वयं विचार करें 33 प्रतिशत का छह प्रतिशत पर सिमट जाने के मायने क्या हैं ! विश्व जानता है कि पाकिस्तान से अलग होने की बांग्लादेशी नींव भारत के सहयोग के बाद ही साकार हो सकी थी और इसके लिए पंथनिरपेक्षता की बुनियाद चुनी गई, जहां सभी धर्मों के लोग अपना पर्व-त्योहार मनाने, धार्मिक स्वतंत्रता और समानता का अधिकार रखते हैं, लेकिन आप पिछले 53 वर्षों की गैर मुस्लिम लोगों की यात्रा देखिए; आपको समझ आ जाएगा कि पाकिस्तान की तरह ही यहां हिंदू समेत अन्य गैर मुस्लिम समाजों को सुरक्षा, समानता, धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकर जैसे शब्दों से उपेक्षित कर रखा गया है ।

# भारत और कृषि क्षेत्र में विकास

ANALYSIS



कुचिभोटला श्रीनिवास

**केंद्र की मौदी सरकार ने कृषि क्षेत्र के विकास और किसानों की आय को दोगुना करके उनकी समृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फार्म-गेट अवसंरचना की बाधाओं को दूर करने का लक्ष्य रखकर वर्ष 2020 में 1,00,000 करोड़ रुपये के महत्वाकांक्षी परिव्यय से दूरदर्शी पहल-कृषि-अवसंरचना कोष (एआईएफ) योजना का शुभारंभ किया। एआईएफ योजना का उद्देश्य फार्म-गेट अवसंरचना और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों में निवेश के लिए मध्यम से दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण को आसान बनाना है। योजना के अंतर्गत, वित्तीय संस्थान वित्तीय वर्ष 2020-21 से छह वर्षों के लिए 1,00,000 करोड़ तक का ऋण प्रदान करेंगे। यह योजना सात वर्षों की अवधि के लिए 2.0 करोड़ रुपये तक की ऋण राशि पर प्रति वर्ष तीन प्रतिशत की ब्याज छूट प्रदान करती है। भारत सरकार द्वारा इस योजना का कार्यान्वयन सफलतापूर्वक किया गया, जिसमें फार्म-गेट अवसंरचना की जरूरतों को विकसित करने के लिए जमीनी वास्तविकता के प्रति अनुकूलनीयता, लचीलापन और संवेदनशीलता में आसानी है।**

भारत के कृषि क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें अपर्याप्त फार्म-गेट पोस्ट-हार्वेस्ट बुनियादी ढांचे की महत्वपूर्ण बाधाओं को दूर करने की स्थिति में महसूस किया जा सकता है। केंद्र की मौदी सरकार ने कृषि क्षेत्र के विकास और किसानों की आय को दोगुना करके उनकी समृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फार्म-गेट अवसंरचना की बाधाओं को दूर करने का लक्ष्य रखकर वर्ष 2020 में 1,00,000 करोड़ रुपये के महत्वाकांक्षी परिव्यय से दूरदर्शी पहल-कृषि-अवसंरचना कोष (एआईएफ) योजना का शुभारंभ किया। एआईएफ योजना का उद्देश्य फार्म-गेट अवसंरचना और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों में निवेश के लिए मध्यम से दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण को आसान बनाना है। योजना के अंतर्गत, वित्तीय संस्थान वित्तीय वर्ष 2020-21 से छह वर्षों के लिए 1,00,000 करोड़ तक का ऋण प्रदान करेंगे। यह योजना सात वर्षों की अवधि के लिए 2.0 करोड़ रुपये तक की ऋण राशि पर प्रति वर्ष तीन प्रतिशत की ब्याज छूट प्रदान करती है। भारत सरकार द्वारा इस योजना का कार्यान्वयन सफलतापूर्वक किया गया, जिसमें फार्म-गेट अवसंरचना की जरूरतों को विकसित करने के लिए जमीनी वास्तविकता के प्रति अनुकूलनीयता, लचीलापन और संवेदनशीलता में आसानी है। इसके त्वरित दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप इस अत्यधिक प्रभावी योजना का किसानों को लाभ मिला। एआईएफ के लिए अन्य सभी योजनाओं के साथ तालमेल बिठाने की संभावना सहायक रही, जिससे फार्म-गेट अवसंरचना में निवेश की बढ़ी हुई व्यवहार्यता के साथ-साथ तेजी से योजना को अपनाने में महत्वपूर्ण वृद्धि सुनिश्चित हुई। इस योजना ने 55,600 से अधिक आवेदनों से 66,007 करोड़ रुपये से अधिक के फार्म-गेट अवसंरचना में प्रतिबद्ध निवेश के साथ कृषि क्षेत्र को बढ़ावा दिया है। इस योजना के अंतर्गत 23,949 करोड़ रुपये के वितरण सहित अब तक 39,306 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया जा चुका है। इस योजना को कृषि उद्यमियों, किसानों और पैक्स से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। सभी राज्यों ने इस योजना को अपनाया है, जिसमें 10,000 आवेदनों के साथ पंजाब सबसे आगे है, उसके बाद मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र का स्थान है। कस्टम हायरिंग सेंटर, वेयरहाउस और प्राइमरी प्रोसेसिंग सेंटर्स को 12,000 से अधिक आवेदकों से काफी आकर्षण मिला है।

**एआईएफ का मकसद**

इस योजना को विभिन्न मॉडलों के माध्यम से लागू किया गया है। इसमें कृषि-उद्यमिता भी है। यह मॉडल संपूर्ण कृषि मूल्य शृंखला में आवश्यकता आधारित फार्म-गेट अवसंरचना के निर्माण के लिए स्थानीय उद्यमिता की ताकत का लाभ उठाता है। इसके अलावा पैक्स संचालन का मॉडल किसानों की जरूरतों को समझने और उसके अनुसार फार्म गेट अवसंरचना का निर्माण करने के लिए प्राथमिक कृषि सहकारी ऋण समितियों (पैक्स) के व्यापक नेटवर्क का लाभ उठाता है। एफपीओ के मॉडल ने एफपीओ पारिस्थितिकी तंत्र का लाभ उठाते हुए आवश्यक अवसंरचना के निर्माण में मदद की है। यह समूह समूह आधारित मॉडल है। नरेन्द्र मोदी सरकार की जागरुकता और प्रचारात्मक पहल के कारण योजना का सफल कार्यान्वयन संभव हुआ। भारत सरकार ने योजना के बारे में लक्षित समूहों के बीच जागरुकता और ज्ञान पैदा करने के लिए एक बहुआयामी रणनीति अपनाई है। योजना में भागीदारी बढ़ाने के लिए व्यापक दृष्टिकोण, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल और सोशल मीडिया पर व्यापक अभियानों के माध्यम से इसके उद्देश्यों, लाभों और पात्रता मानदंडों की तरफ किसानों, उद्यमियों एवं अन्य हितधारकों का ध्यान आकर्षित कर संभव हो पाया। आवेदन प्रक्रिया को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के साथ सुव्यवस्थित किया गया। पिछले तीन वर्षों में, 91 प्रतिशत की सीएजीआर सहित आवेदनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इस उपलब्धि का श्रेय सरकार की समावेशिता सुनिश्चित करने की मजबूत प्रतिबद्धता को दिया जा सकता है। एआईएफ किसानों की आय बढ़ाने के लिए सतत कृषि परिवर्तन की दिशा में बड़ा कदम है। इस योजना का प्रभाव उल्लेखनीय रहा है, जिसे विभिन्न हितधारकों की भागीदारी के पैमाने, फार्म-गेट अवसंरचना की चौड़ाई और गहराई और व्यापक भौगोलिक प्रसार के साथ देखा जा सकता है। एआईएफ योजना के तहत स्वीकृत फार्म-गेट अवसंरचना की वर्तमान और भविष्य की प्रगति से फसल कटाई उपरांत प्रबंधन, कृषि उपज के भंडारण और रसद में सुधार होगा, खाद्य अपव्यय कम होगा, किसानों की आय में वृद्धि होगी और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा में सुधार होगा। यह योजना कृषि उपज के मूल्यवर्धन में रोजगार सृजन को भी सक्षम बनाएगी और ग्रामीण-शहरी भौगोलिक क्षेत्रों के बीच आय विभाजन को कम करते हुए ग्रामीण आय में विविधता लाएगी। फार्मगेट अवसंरचना के तहत 55,600 से अधिक पोस्ट-हार्वेस्ट और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों को मंजूरी दी गई है, जिनमें महत्वपूर्ण 94 प्रतिशत अवसंरचना ग्रामीण क्षेत्रों में है। फसल कटाई के उपरांत हुए नुकसान में कमी आई है। 11,533 से अधिक शुष्क गोदामों और 1,601 शीत भंडारण परियोजनाओं को मंजूरी देने के साथ कृषि-मूल्य शृंखला का विकास देखा जा रहा है। पूरी की गई परियोजनाओं ने लगभग 312 एलएमटी भंडारण क्षमता को जोड़ा है, जिससे फसल कटाई उपरांत लगभग 11 एलएमटी खाद्यान्न और 2.9 एलएमटी बागवानी उपज के नुकसान में कमी आई है। मूल्य संवर्धन और बेहतर मूल्य प्राप्ति योजना से किसानों के लिए भंडारण से परे वैल्यू अनलॉकिंग का प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। यह लाभार्थियों को प्राथमिक प्रसंस्करण इकाइयां, ग्रेडिंग सुविधाएं, पैकेजिंग इकाइयां स्थापित करने, उनकी उपज में मूल्यवर्धन करने और उन्हें बेहतर मूल्य प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस योजना ने किसानों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ने और बिचौलियों को समाप्त करने के लिए वैकल्पिक माध्यम और बेहतर बाजार संपर्क बनाने के लिए ई-विपणन प्लेटफार्मों को सहायता की है। मूल्यवर्धन अवसंरचना और सेवाओं के माध्यम से किसानों के लिए वैल्यू अनलॉकिंग से उनकी उपज के लिए 11-14 फीसद अधिक लाभ होने की उम्मीद है। इसमें रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास की परिकल्पना है। किसानों के लिए आय सृजन के अलावा भी इस योजना का प्रभाव पड़ेगा। इस योजना से पहले ही 5.5 लाख से अधिक रोजगार के अवसर पैदा हो चुके हैं और 1,00,000 करोड़ रुपये के वितरण से इस क्षेत्र में 14 लाख से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। वर्ष 2025 तक, इस योजना से 8 लाख से अधिक नौकरियां पैदा होने की उम्मीद है, जिससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्थाओं में आय बढ़ेगी, बल्कि शहरों की ओर पलायन भी कम होगा। इसका पर्यावरणीय लाभ भी होगा। यह योजना कृषि क्षेत्र के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने और भारत के जलवायु परिवर्तन लक्ष्यों में योगदान करने के लिए सौर ऊर्जा संचालित कोल्ड स्टोरेज और पर्यावरण-अनुकूल पैकेजिंग सामग्री जैसी टिकाऊ प्रौद्योगिकियों के उपयोग को प्रोत्साहित करती है। एआईएफ योजना के शुभारंभ ने भारत में कृषि परिदृश्य में परिवर्तन की शुरूआत की, जिससे किसानों को बेहतर भंडारण, प्रसंस्करण और फसल कटाई उपरांत की रसद सुविधाओं से लाभ हुआ। यह योजना भविष्य की पहलों के लिए एक महान मॉडल के रूप में खड़ी है, जो भारत के कृषि परिदृश्य को बदलने के लिए अच्छी तरह से डिजाइन की गई और अच्छी तरह से लागू की गई योजनाओं की शक्ति को प्रदर्शित करती है। इस महत्वाकांक्षी बीज के पोषण और सफल परिणाम प्राप्त करने के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, भारत सरकार के प्रयास सराहनीय हैं।

**लेखक, भारत में कृषि व्यवसाय क्षेत्र के अनुभवी पेशेवर हैं।**

# जागो ग्राहक जागो

जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, नाप-तोल में गड़बड़ी, मनमाने दाम वसूलना, बगैर मानक वस्तुओं की बिक्री, ठगी, सामान की बिक्री के बाद गारंटी अथवा वारंटी के बावजूद सेवा प्रदान नहीं करना इत्यादि समस्याओं से ग्राहकों का सामना अकसर होता रहता है। ऐसी ही समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने और अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतिवर्ष 15 मार्च को संसार में विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाया जाता है। वास्तव में यह उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का एक महत्वपूर्व अवसर है। उपभोक्ता आन्दोलन की नींव सबसे पहले 15 मार्च 1962 को अमेरिका में रखी गई और 15 मार्च 1983 से यह दिवस इसी दिन निरन्तर मनाया जा रहा है। भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरूआत मुम्बई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। वैसे बाजार में उपभोक्ताओं का शोषण होना कोई नई बात नहीं है बल्कि उपभोक्ताओं के शोषण की जड़ें आज बहुत गहरी हो चुकी हैं। उपभोक्ताओं को इस शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए कई कानून भी बनाए गए। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अस्तित्व में आने के बाद से उपभोक्ताओं को शीघ्र, त्वरित एवं कम खर्च पर न्याय दिलाने का मार्ग प्रशस्त हुआ और उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियां व प्रतिष्ठान अपनी सेवाओं अथवा उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार के प्रति सचेत हुए। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाए जाने का मूल उद्देश्य यही है कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें। ग्राहकों के साथ आए दिन होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए देश में 20 जुलाई 2020 को उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया, जिसमें उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई प्रावधान हैं। यह कानून अब साढ़े तीन दशक पुराने ह्यउपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986ह्व का स्थान ले चुका है। भारत में उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं का शोषण होने और ऐसे मामलों में उनके द्वारा उपभोक्ता अदालत की शरण लिए जाने के बाद मिले न्याय के कुछ मामलों पर नजर डालें तो स्पष्ट हो जाता है कि उपभोक्ता अदालतें उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण के लिए कितना बड़ा काम कर रही हैं। एक उपभोक्ता ने एक दुकान से बिजली का एक पंखा खरीदा लेकिन एक वर्ष की गारंटी होने के बावजूद थोड़े ही समय बाद पंखा खराब होने पर भी जब दुकानदार उसे ठीक कराने या बदलने में आनाकानी करने लगा तो उपभोक्ता ने उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया। अदालत ने अपने आदेश में नया पंखा देने के साथ उपभोक्ता को हजार्ना देने का भी फरमान सुनाया। एक अन्य मामले में एक आवेदक ने सरकारी नौकरी के लिए अपना आवेदन अंतिम तिथि से पांच दिन पूर्व ही स्पीड पोस्ट द्वारा संबंधित विभाग को भेज दिया लेकिन आवेदन निर्धारित तिथि तक नहीं पहुंचने के कारण उसे परीक्षा में बैठने का अवसर नहीं दिया गया। आवेदक ने डाक विभाग की लापरवाही को लेकर उपभोक्ता अदालत का दरवाजा खटखटाया और उसे न्याय मिला। चूंकि स्पीड पोस्ट को डाक अधिनियम में एक आवश्यक सेवा माना गया है, इसलिए उपभोक्ता अदालत ने डाक विभाग को सेवा शर्तों में कमी का दोषी पाते हुए डाक विभाग को मुआवजे के तौर पर आवेदक को एक हजार रुपये की राशि देने का आदेश दिया। ऐसी ही छोटी-बड़ी समस्याओं का सामना जीवन में कभी न कभी हम सभी को करना ही पड़ता है लेकिन अधिकांश लोग अपने अधिकारों की लड़ाई नहीं लड़ते। इसका एक प्रमुख कारण यही है कि देश की बहुत बड़ी आबादी अशिक्षित है, जो अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति अनभिज्ञ है लेकिन जब शिक्षित लोग भी अपने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति उदासीन नजर आते हैं तो आश्चर्य होता है। यदि आप एक उपभोक्ता हैं और किसी भी प्रकार के शोषण के शिकार हुए हैं तो अपने अधिकारों की लड़ाई लड़कर न्याय पा सकते हैं। कोई वस्तु अथवा सेवा लेते समय हम धन का भुगतान तो करते हैं पर बदले में उसकी रसीद नहीं लेते। शोषण से मुक्ति पाने के लिए सबसे जरूरी है कि आप जो भी वस्तु, सेवा अथवा उत्पाद खरीदें, उसकी रसीद अवश्य लें। यदि आपके पास रसीद के तौर पर कोई सबूत ही नहीं है तो आप अपने मामले की पैरवी सही ढंग से नहीं कर पाएंगे। पिछले कुछ वर्षों में ऐसे अनेक मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें उपभोक्ता अदालतों से उपभोक्ताओं को पूरा न्याय मिला है लेकिन आपसे यह अपेक्षा तो होती ही है कि आप अपनी बात अथवा दावे के समर्थन में पर्याप्त सबूत तो पेश करें। उपभोक्ता अदालतों की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि इनमें लंबी-चौड़ी अदालती कार्रवाई में पड़े बिना ही आसानी से शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



मुझे मेरे देशवासियों के, विशेष रूप से गरीब, किसान, युवा और नारीशक्ति के आशीर्वाद से असीम शक्ति मिलती है। जब मेरे देशवासी ये कहते हैं कि- मैं हूं मोदी का परिवार तो इससे मुझे विकसित भारत के निर्माण के लिए और अधिक मेहनत करने का उत्साह मिलता है। हम विकसित भारत के लिए सामूहिक प्रयास करेंगे, और ये लक्ष्य हासिल करके रहेंगे। यही समय है, सही समय है!

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)**



प. सिंहभूम जिले के बंदगांव एवं हाटगम्हरिया में डिग्री कॉलेज सहित अन्य विकास योजनाओं का उद्घाटन तथा शिलान्यास किया। इस अवसर पर विभिन्न सरकारी योजनाओं के कई लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। हमारी सरकार द्वारा झारखंड के हर गांव के हर जरूरतमंद परिवार को राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है, हर खेत में सिंचाई का इंतजाम किया जा रहा है तथा युवाओं को शिक्षा से जोड़ने हेतु जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं।

**(सीएम चम्पाई सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# विदेशी व्यापार समझौते में सतर्कता जरूरी

आखिर 16 साल की लंबी बातचीत के बाद 10 मार्च, 2024 को भारत ने यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (इएफटीए) के साथ एक ऐतिहासिक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर दिये। इस संघ में स्विट्जरलैंड, आइसलैंड, लिकटेंस्टीन और नॉर्वे शामिल हैं। इस समझौते में कुल 14 अध्याय हैं, जिनमें वस्तुओं से संबंधित बाजार पहुंच, उद्भव के नियम, व्यापार सुगमीकरण, व्यापार उपचार, स्वच्छता एवं पादप स्वच्छता उपाय, व्यापार से संबंधित तकनीकी बाधा, निवेश संवर्धन, सेवाओं पर बाजार पहुंच, बौद्धिक संपदा अधिकार, व्यापार एवं सतत विकास तथा अन्य प्रावधान शामिल हैं। इसमें 100 अरब डॉलर के निवेश और 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार की प्रतिबद्धता है। प्रभावी होने के दो साल बाद इसकी समीक्षा का प्रावधान है। पहली समीक्षा के बाद दोनों पक्ष हर दो साल में समीक्षा करेंगे। यह व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीइपीए) दोनों पक्षों के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक लाभ का वादा करता है, लेकिन करीब से देखने पर भारत के लिए संभावित फायदे और चुनौतियों की एक जटिल क्रिया का पता चलता है। समझौते में आर्थिक सहयोग के विभिन्न पहलू शामिल हैं, जिनमें शुल्कों में कमी मुख्य है। भारत ईएफटीए देशों से होने वाले आयात पर लगभग 80-85 प्रतिशत आयात शुल्क खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि इएफटीए 99.6 प्रतिशत भारतीय निर्यात के लिए शुल्क-मुक्त पहुंच प्रदान करता है। शुल्क कटौती से कुछ संवेदनशील कृषि उत्पादों को बाहर रखा गया है। इएफटीए के बाजार पहुंच प्रस्ताव में 100 प्रतिशत गैर-कृषि उत्पाद और प्रसंस्कृत कृषि उत्पाद पर शुल्क रियायत शामिल है। सोने पर शुल्क अछूता रहा है। भारत में निवेश प्रोत्साहन इस समझौते का दूसरा मुख्य अंश है। इएफटीए ने 15 वर्षों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआइ) में 100 अरब डॉलर की बढ़ोतरी का लक्ष्य रखा है। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो भारत समझौते से बाहर निकलने के लिए स्वतंत्र होगा। यूरोपीय देशों के साथ हुआ यह समझौता सीमा शुल्क प्रक्रियाओं, व्यापार नियमों और तकनीकी बाधाओं को सरल बनाने, संभावित रूप से सीमाओं के पार माल के प्रवाह में तेजी लाने और व्यवसायों के लिए परिचालन लागत को कम करने का प्रयास करता है। यह समझौता आइपी सुरक्षा मानकों को मजबूत करता है, जिससे भारतीय कंपनियों को नवीन उत्पादों और बौद्धिक संपदा से लाभ हो सकता है। जेनेरिक दवाओं में भारत के हितों और पेटेंट से संबंधित चिंताओं को इसमें पूरी तरह से संबोधित किया गया है। टीइपीए के समर्थकों का मानना है कि यह समझौता भारत के लिए आर्थिक विकास के एक नये युग की शुरूआत करेगा। इस समझौते से विशेष रूप से भारतीय कपड़ा, दवाओं और कृषि उत्पादों (संवेदनशील वस्तुओं को छोड़कर) के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है। लक्षित निवेश बुनियादी ढांचे के विकास, उद्योगों के आधुनिकीकरण और रोजगार सृजन के लिए पूंजी का एक बहुत जरूरी इंजेक्शन प्रदान कर सकता है। तकनीकी रूप से उन्नत इएफटीए देशों के भारत में निवेश से ज्ञान और तकनीक का हस्तांतरण होने की प्रबल संभावना है। बढ़े हुए व्यापार और निवेश से विभिन्न क्षेत्रों में 10 लाख रोजगार के नये अवसर पैदा होने की संभावना है। सरल व्यापार प्रक्रिया से भारतीय व्यवसाय विश्व स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। यह समझौता व्यापार बढ़ाने का वादा करता है, लेकिन भारतीय उद्योगों, खासकर कृषि क्षेत्र, के लिए चिंताएं भी पैदा करता है। बड़ी भारतीय कंपनियों को उत्पादन बढ़ाने और वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने की उनकी बेहतर क्षमता के कारण इस समझौते से अधिक लाभ हो सकता है।

# नए निर्वाचन आयुक्त

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले दो रिक्त स्थानों पर नए चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति स्वागत योग्य कदम है। पिछले करीब एक सप्ताह से चुनाव आयोग में केवल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ही रह गए थे, अतः ये नियुक्तियां अनिवार्य हो गई थीं। तीन आयुक्तों में से एक चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे 14 फरवरी को सेवानिवृत्त हो गए, जबकि दूसरे सदस्य अरुण गोयल ने विगत 9 मार्च को अचानक इस्तीफा दे दिया था। ऐसे में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने सेवानिवृत्त नौकरशाह सुखबीर सिंह संधू और ज्ञानेश कुमार को नए चुनाव आयुक्त के रूप में चुना है। चुनाव आयुक्तों की दौड़ में 212 अधिकारियों के नाम शामिल थे, जिनमें से छह नामों की सूची ही समिति के सामने अंतिम निर्णय के लिए रखी गई। चयन समिति में शामिल विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी को बैठक से कुछ देर पहले ही छह नामों की सूची सौंपी गई, जिस पर उन्होंने अपनी आपत्ति या अलग मत का इजहार किया है, जिसे पूरी तरह से शायद ही कोई खारिज कर सकता है। चुनाव आयुक्त चुने गए दोनों ही अधिकारी अनुभवी हैं और उनके अनुभव से आयोग को अवश्य लाभ होगा। पहली नजर में इन दोनों अधिकारियों को लेकर किसी तरह के विवाद की चर्चा नहीं है, अतः इन नियुक्तियों की सराहना की जा सकती है। सरकार के विरोधियों के बीच अक्सर यह चर्चा होती है कि गुजरात से संबंधित अधिकारियों को ज्यादा आगे बढ़ाया जाता है, पर संधू उत्तराखंड कैडर, तो ज्ञानेश कुमार केरल कैडर के अधिकारी रहे हैं। हां, अधीर रंजन चौधरी की जो शिकायत है, वह अब आगे के वर्षों में हमेशा कायम रहने वाली है। देश में सरकार कोई भी रहेगी, विपक्ष इन नियुक्तियों पर सवाल उठाता रहेगा।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899, Editor- Fahim Akhtar. Mob - 9431311669, E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# एवरेस्ट इंस्ट्रूमेंट्स ने तीन क्रांतिकारी डेयरी सोल्यूशन्स लॉन्च किए

**–अहमदाबाद स्थित कंपनी ने भारत का पहला एफटीआईआर–आधारित दूध विश्लेषक, गैस क्रोमैटोग्राफी मशीन और सोमैटिक सेल विश्लेषक लॉन्च किया –**

**अहमदाबाद ।**

डेयरी और खाद्य परीक्षण सोल्यूशन्स में इनोवेशन के लिए विख्यात कंपनी एवरेस्ट इंस्ट्रूमेंट्स ने तीन क्रांतिकारी उत्पाद लॉन्च किए हैं। लॉन्च किए गए उत्पादों में भारत में पहला FTIR-आधारित YAMA दूध विश्लेषक भी शामिल है। YAMA मिल्क एनालाइजर भारत में डिजाइन किया गया पहला फूरियर ट्रांसफॉर्म इन्फ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कोपी (FTIR) एनालाइजर है, जो कच्चे दूध की संरचना का तेजी से और सटीक विश्लेषण प्रदान करता है। यह उपकरण दूध में वसा, एसएनएफ और प्रोटीन सामग्री निर्धारित करने और केवल 30 सेकंड के भीतर सामान्य मिलावट का पता लगाने में सक्षम है। इस विश्लेषक की विशेषताओं के कारण यह ग्रामीण स्तर के दूध भंडारण और थोक दूध शीत केंद्रों में क्रांति ला देगा। इस उत्पाद को बाजार में लाने से इसका आयात भी कम करना होगा क्योंकि फिलहाल इसका ज्यादातर आयात किया जाता है। एक अन्य प्रमुख उत्पाद मिल्क फैट फैटी एसिड और ट्राइग्लिसराइड्स (एवरेस्ट जीसी4500) के लिए गैस क्रोमैटोग्राफी है, जो दूध, दूध उत्पादों और घी की गुणवत्ता को मापने के लिए महत्वपूर्ण फैटी एसिड और ट्राइग्लिसराइड्स की विस्तृत प्रोफाइलिंग प्रदान करता है। यह उपकरण पोषण मूल्य के सही मापन तथा ओथेन्टीसिटी के कारण डेयरी क्षेत्र में नए मानक स्थापित करेगा।

वर्तमान में, फैटी एसिड विश्लेषण और ट्राइग्लिसराइड्स विश्लेषण के लिए दूध वसा के जीसी विश्लेषण के लिए अलग गैस क्रोमैटोग्राफी मशीनों का उपयोग किया जाता है। एवरेस्ट इंस्ट्रूमेंट्स ने एक ऐसी मशीन विकसित की है जो फैटी एसिड और ट्राइग्लिसराइड्स दोनों का विश्लेषण करती है।

इससे मशीनों, सहायक उपकरण, इंस्टॉलेशन और स्पेयर की लागत कम हो जाएगी। इन उत्पादों को हाल ही में हैदराबाद में 50वें डेयरी उद्योग सम्मेलन में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अध्यक्ष मिनेश शाह द्वारा लॉन्च किया गया था। एवरेस्ट इंस्ट्रूमेंट्स के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, अजीत पटेल ने कहा, हम दृढ़ता से मानते हैं कि इन नवाचारों में न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर डेयरी उद्योग में क्रांति लाने की क्षमता है।

# एयर इंडिया ने 180 कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

**नई दिल्ली ।**

टाटा ग्रुप की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया में भी हाल में 180 से अधिक नॉन-फ्लाइंग स्टाफ की छंटनी कर दी है। कंपनी ने बताया है कि जिन लोगों की नौकरी गई है वो वॉलंटरी रिटायरमेंट स्कीम और नए सिरे से कौशल निखारने के मौकों का इस्तेमाल नहीं कर पाए थे।

एयर इंडिया में 18,500 से अधिक कर्मचारी हैं जबकि ग्रुप एयरलाइन, एयर इंडिया एक्सप्रेस में लगभग 6,200 कर्मचारी हैं। बता दें जब टाटा समूह ने एयरलाइन का अधिग्रहण किया था, तब दोनों एयरलाइनों में संविदा कर्मियों सहित कुल 12,085 कर्मचारी थे। इस मामले में एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा कि हम इस प्रक्रिया के दौरान सभी संविदात्मक दायित्वों का सम्मान कर रहे हैं।

कर्मचारियों को भेजे गए एक लेटर के अनुसार छंटनी किए गए कर्मचारियों को एयरलाइन के साथ सेवा के प्रत्येक वर्ष के लिए 15 दिनों के वेतन के बराबर मुआवजा पैकेज मिलेगा। एयरलाइन ने पहले दो बार स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजनाओं की पेशकश की थी जिसका 2,500 से अधिक कर्मचारियों ने लाभ उठाया था।




कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि फिटमेंट प्रक्रिया के हिस्से के रूप में, गैर-उड़ान कार्यों में कर्मचारियों को संगठनात्मक आवश्यकताओं और व्यक्तिगत योग्यता के आधार पर भूमिकाएं सौंपी गई हैं।

# सरकार ने तैयार की नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति

**- ईवी वाहन बनाने वाली कंप नियों के लिए आयात शुल्क 70 से घटाकर 15 प्रतिशत किया**

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार ने आम चुनाव से ठीक पहले इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली वैश्विक कंपनियों के लिए द्वार खोल दिए हैं। सरकार ने एक नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति तैयार की है, जिससे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों का विनिर्माण जोर पकड़ेगा। इस नीति के तहत सरकार ने ऐसे वाहन बनाने वाली कंपनियों के लिए आयात शुल्क मौजूदा 70 प्रतिशत से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। नई नीति अमल में आने के बाद टेस्ला, विनफास्ट, बीवाईडी, किया, स्कोडा, बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज-बेंज जैसी दुनिया की नामी कंपनियां भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों को रफ्तार देंगी। ईलॉन मस्क की कंपनी टेस्ला ने सरकार से शुल्क में छूट की मांग की थी और नई नीति उसी का नतीजा दिख रही है।

नई नीति के तहत विदेश में पूरी तरह तैयार (सीबीयू) ई-कार भारत में आयात की जा सकती है। ऐसी कारों पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगेगा। फिलहाल 40,000 डॉलर से अधिक दाम वाली सीबीयू ई-कार पर 100 प्रतिशत और इससे कम कीमत वाली ई-कार पर 70 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने अब जो नीति तैयार की है, उसके हिसाब से टेस्ला जैसी कंपनियों से सीबीयू ई-कार पर भी 15 प्रतिशत आयात शुल्क ही वसूला जाता है। टुकड़ों या पुर्जों की शक्ल में (सीकेडी) आने वाली कारों पर अभी इतना ही शुल्क लगता है। सीकेडी को देश में लाकर असेंबल किया जाता है। सरकार के आला अधिकारियों के साथ बैठकों में टेस्ला कर घटाने की मांग करती रही है। भारी उद्योग मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार कंपनियां स्वयं उत्पादन करती हैं तो उनके उत्पादों पर कम आयात शुल्क लगेगा।

लेकिन इन कंपनियों को देश में कम से कम 4,150 करोड़ रुपये का निवेश करना होगा। इस योजना में वे कंपनियां ही शामिल हो सकती हैं, जो तीन साल के भीतर अपने कारखाने लगाएंगी और पांचवें साल तक उनकी गाड़ियों में कम से कम 50 फीसदी स्थानीयकरण होना चाहिए यानी 50 फीसदी पुर्जे भारत से ही लिए होने चाहिए।

# पेट्रोल और डीजल कई राज्यों में पांच रुपए तक मिल रहा सस्ता



**नई दिल्ली ।**


पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर 15 मार्च को मिली राहत के बाद देशभर में ईंधन के भाव स्थिर हैं। सरकार ने शुक्रवार से पेट्रोल और डीजल की कीमत में 2 रुपये प्रति लीटर की कटौती कर दी है, वहीं कुछ राज्यों में वैट कम होने से पेट्रोल-डीजल 5 रुपये तक सस्ता मिल रहा है।

शनिवार के लिए तेल मार्केटिंग कंपनियों ने फिर ईंधन के नए भाव जारी कर दिए हैं। लखनऊ, पटना और चेन्नई समेत अन्य बड़े शहरों में ईंधन का भाव कम हुआ है। हालांकि आज कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल के भाव मामूली रूप से बढ़ भी गए हैं। गोवा, गुजरात, हिमाचल और केरल समेत कुछ राज्यों में ईंधन की कीमतें बढ़ी हैं, जबकि कुछ प्रदेशों में भाव स्थिर हैं। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर है। मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर है। चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है। नोएडा में पेट्रोल 94.71 रुपये और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। गुरुग्राम में पेट्रोल 94.80 रुपये और डीजल 87.85 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। लखनऊ में पेट्रोल 94.56 रुपये और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। चंडीगढ़ में पेट्रोल 94.24 रुपये और डीजल 82.40 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। पटना में पेट्रोल 105.48 रुपये और डीजल 92.32 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। जयपुर में पेट्रोल 104.88 रुपये और डीजल 90.36 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है।

# नमो ड्रोन दीदी योजना शुरू, एसएचजी को खेती के लिए मिलेगा ड्रोन

**नई दिल्ली ।**

केन्द्र सरकार ने महिला किसानों यानी सेल्फ हेल्प ग्रुप (एसएचजी) के लिए नमो ड्रोन दीदी योजना शुरू की है। इसके तहत एसएचजी को ड्रोन दिया जाएगा। जिसका इस्तेमाल वो खेती में कर सकेंगी, जो आय बढ़ाने में सहायक होगा। मौजूदा समय में देशभर में करीब 10 करोड़ महिलाएं एसएचजी का हिस्सा हैं। इस योजना के तहत देशभर के 14500 महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप (एसएचजी) को ड्रोन दिया जाएगा। खास बात यह है कि इसमें मोदी सरकार 80 फीसदी सब्सिडी देगी। बचे हुए बीच 20 फीसदी पर लोन दिया जाएगा। इस लोन में भी एक और फायदा है। ब्याज में 3 फीसदी की छूट अलग से दी जाएगी। कृषि मंत्रालय के अनुसार एक ड्रोन पैकेज की संभावित कीमत 10 लाख रुपये के करीब होगी और 10 लाख के ड्रोन में एसएचजी को आठ लाख की सब्सिडी मिलेगी। उसे केवल दो लाख चुकाना होगा और दो लाख का रुपये का लोन किया जाएगा। ड्रोन उड़ाने वाली महिला को ड्रोन पायलट को डेटा विश्लेषण और ड्रोन के रखरखाव के लिए एक और महिला को को-पायलट की ट्रेनिंग दी जाएगी। यह 15 दिन की ट्रेनिंग इसी पैकेज में शामिल होगी। इस योजना



के तहत ड्रोन का इस्तेमाल नैनो फर्टिलाइजर और कीटनाशक के छिड़काव में इस्तेमाल किया जाएगा। इस योजना को लागू करने में देशभर के कृषि विज्ञान केंद्रों (केवीके) की मदद ली जाएगी।

## तांबे की कीमत 11 महीने के उच्चतम स्तर पर



**मुंबई ।** चीनी स्मेल्टरों द्वारा उत्पादन में कटौती पर सहमति के बाद तांबे की कीमत 11 महीने के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। लंदन मेटल एक्सचेंज पर तीन महीने का तांबा वायदा 1.5 फीसदी बढ़ गया और अप्रैल 2023 के बाद पहली बार 9,000 डॉलर प्रति टन के स्तर को पार कर गया। न्यूयॉर्क के कॉमेक्स बाजार में मई में डिलीवरी वाले तांबे की कीमत बढ़कर 4.06 डॉलर प्रति पाउंड (8,932 प्रति टन) पर पहुंच गईं। शंघाई वायदा एक्सचेंज में तांबा दो साल के उच्चतम स्तर 70,460 युआन प्रति टन पर पहुंच गया। गौरतलब है कि हाल ही में चीनी तांबा स्मेल्टरों द्वारा कीमतें बढ़ाने के प्रयास में कटौती करने पर समझौता हुआ। विश्लेषकों का कहना है कि अभी तांबें की कीमतों में और बढ़ोतरी हो सकती है, ये जून 2024 तक 9,500 डॉलर प्रति पर जा सकती है।




## बायजू की 53 करोड़ डॉलर से ज्यादा की रकम फ्रीज

**नई दिल्ली ।** अमेरिकी कोर्ट ने एडटेक कंपनी बायजू की पैरेंट कंपनी थिंक एंड लर्न कंपनी के 53.3 करोड़ डॉलर फ्रीज कर दिए हैं। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि यह पैसा कहीं उपयोग नहीं किया जा सकता। इस फैसले को कंपनी के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहे कर्जदाताओं की जीत माना जा रहा है। उनकी मांग थी कि इस पैसे का उपयोग सिर्फ उन्हें भुगतान करने के लिए किया जाना चाहिए। थिंक एंड लर्न ने कानूनी विवादों में फंसने के बाद इस 53.3 करोड़ डॉलर को कथित तौर पर मॉर्टन हेज फंड में ट्रांसफर कर दिया था। इसके बाद इसे एक अनाम ऑफ शोर ट्रस्ट में भेज दिया दिया गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक कर्जदाताओं ने मांग की थी कि टेक फर्म द्वारा इस पैसे के उपयोग को रोकने के लिए इसे कोर्ट में जमा करवा दिया जाए। कोर्ट ने बायजू के फाउंडर बायजू रविंद्रन के भाई और कंपनी के डायरेक्टर रिजू रविंद्रन को निशाना बनाते हुए कहा कि आप बताइए पैसा कहां है। जज ने कहा, मैं उनका विश्वास नहीं कर पा रहा हूं कि उन्हें पैसे की लोकेशन पता नहीं है। थिंक एंड लर्न उन्हें यह जानकारी क्यों नहीं दे रही कि पैसा कहां है। रवींद्रन के वकील ने तर्क दिया कि थिंक एंड लर्न में चल रहे संकट के लिए कर्जदाता ही जिम्मेदार हैं। यही लोग हमारे ऊपर लोन डिफॉल्ट का जरूरत से ज्यादा दबाव बना रहे थे। कंपनी डेलवेयर और न्यूयॉर्क की अदालतों में कर्जदाताओं से केस लड़ रही है।

## जी एंटरटेनमेंट के अध्यक्ष नितिन मित्तल का इस्तीफा

**नई दिल्ली ।** जी एंटरटेनमेंट के अध्यक्ष और समूह के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीओओ) नितिन मित्तल ने इस्तीफा दे दिया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि निदेशक मंडल ने मित्तल का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है, जो पिछले दो साल से इस पद पर कार्यरत थे। जी एंटरटेनमेंट ने एक बयान में कहा कि कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ पुनीत गोयनका द्वारा किये जाने वाले प्रौद्योगिकी और डेटा क्षेत्र में रणनीतिक बदलावों के बीच यह घोषणा की गई है। मित्तल ने कंपनी के कार्यक्षेत्र को सुव्यवस्थित करने की कवायद के बीच इस्तीफा दिया है।

## हरियाणा कौशल रोजगार निगम ने उम्मीदवारों को किया शॉर्ट-लिस्ट

**- 7000 से अधिक उम्मीदवारों को एक क्लिक से जॉब ऑफर लेटर भेजे**

**चंडीगढ़ ।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के तहत विभिन्न पदों के लिए प्राप्त आवेदनों को शॉर्ट लिस्ट करते हुए 7000 से अधिक उम्मीदवारों को एक क्लिक से जॉब ऑफर लेटर एसएमएस के माध्यम से भेजे। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि कुछ लोग भ्रम फैला रहे हैं कि एचकेआरएन में विभिन प्रकार के लालच देकर लोगों का काम हो रहा है, यह सरासर गलत है। मुख्यमंत्री ने साथ ही आम लोगों से यह भी आग्रह किया कि एचकेआरएनएल में किसी भी कार्य के लिए किसी भी तरह के प्रलोभन में ना आएं, क्योंकि निगम के तहत पूरी ईमानदारी व पारदर्शी तरीके से सुव्यवस्थित प्रक्रिया को अपनाकर ही युवाओं को अनुबंध आधार पर रोजगार के अवसर दिये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिन उम्मीदवारों को शॉर्ट लिस्ट किया गया, उनमें लेवल-1 से लेवल-3 तक के पद शामिल हैं। इन पदों में विभिन्न अध्यापकों के 4216, चपरासियो के 650, सफाई कर्मचारियों के 787, चौकीदार के 466, पटवारियों के 226, ड्राइवरों के 52, शिफ्ट अटेंडेंट के 50, स्टाफ नर्स के 14, लीगल असिस्टेंट के 22, सहायक लाइनमैन के 24 पद सहित अन्य विभिन्न पद शामिल हैं।

## वर्ष 2030 तक रियल एस्टेट बाजार एक लाख करोड़ डॉलर का होगाः पुरी



**नई दिल्ली ।** केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए वर्ष 2030 तक एक लाख करोड़ डॉलर के अनुमानित बाजार के साथ परिपक्व और विकसित रियल एस्टेट क्षेत्र होना चा हिए। रियल्टी कंपनियों के संगठन क्रेडाई की युवा शाखा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में पुरी ने कहा कि रियल एस्टेट नियामक कानून रेरा का लागू होना पूरे क्षेत्र के लिए एक परिवर्तनकारी घटनाक्रम रहा है। पुरी ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत को आवासीय और वाणिज्यिक दोनों क्षेत्रों में अत्यधिक परिपक्व और विकसित रियल एस्टेट क्षेत्र की भी जरूरत होगी। उन्होंने कहा कि डेटा सेंटर और वेयरहाउसिंग सहित वाणिज्यिक रियल एस्टेट में निवेश आ रहा है। इसके अलावा रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट्स) की शुरुआत से भी रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने में मदद मिली है। पुरी ने कहा कि रेरा एक परिवर्तनकारी घटना थी। अर्थव्यवस्था के सबसे बड़े क्षेत्रों में से एक के पास लगभग 70 वर्षों तक कोई नियामक नहीं होना आश्चर्यजनक था। उन्होंने कहा कि देश भर में 1,22,553 रियल एस्टेट परियोजनाएं और 86,262 रियल एस्टेट एजेंट इस नियामक के साथ पंजीकृत हैं।

# सेंसेक्स और निफ्टी में आधा फीसदी की गिरावट रही

**मुंबई ।**

वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों और विदेशी निवेशकों की लिवाली के दबाव में बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी में आधा फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखी गई। बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में सोमवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार को गिरावट और मंगलवार को हल्की बढ़त पर कारोबार हुआ। बीते सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो अमेरिका में मुद्रास्फीति आंकड़े आने से पहले एशियाई प्रतिस्पर्धियों की सुस्त शुरुआत के बाद, भारतीय इक्विटी सूचकांक भी सोमवार को मामूली गिरावट के साथ खुले। बीएसई सेंसेक्स 95 अंक की गिरावट के साथ 74,024 पर खुला और 617 अंकों की गिरावट के साथ 73,502 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी50 14 अंक की गिरावट के साथ 22,479 पर खुला और 161 अंक फिसलकर 22,332 पर बंद हुआ। शेयर बाजार में हफ्ते के दूसरे दिन हरे निशान पर कारोबार की शुरुआत हुई है। सेंसेक्स मंगलवार को शुरुआती कारोबार में 332.79 अंकों की बढ़त के साथ 73,831.88 के स्तर पर खुला और 165.32 अंकों की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी 61.25 अंक मजबूत होकर 22,393.90 पर खुला और 3.05 अंक चढ़कर 22,335.70 के स्तर पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 182.11 अंकों की बढ़त के साथ 73,877.85 के स्तर पर खुला और 906.07 अंकों की गिरावट के साथ 72,761.89 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 40.10 अंक मजबूत होकर 22,375 पर खुला और 338.00 अंक फिसलकर




21,997.70 पर बंद हुआ। पिछले सत्र में मुनाफावसूली के बाद गुरुवार को भारतीय इक्विटी सूचकांक लगातार दूसरे कारोबारी सत्र लाल निशान में खुले। बीएसई सेंसेक्स 252 अंक की गिरावट के साथ 72,509 पर खुला और 335.39 अंकों की बढ़त के साथ 73,097.28 पर बंद हुआ। निफ्टी 68 अंक की गिरावट के साथ 21,930 पर खुला और 148.96 अंकों की बढ़त के साथ 22,146.65 पर बंद हुआ। शुक्रवार को बीएसई सेंसेक्स 416 अंकों की गिरावट के साथ 72,681 खुला और 453.85 (0.62 फीसदी) अंकों की गिरावट के साथ 72,643.43 पर बंद हुआ। निफ्टी 136 अंकों की गिरावट के साथ 22,010 पर खुला और 123.31 (0.56 फीसदी) अंक टूटकर 22,023.35 के स्तर पर पहुंचकर बंद हुआ।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10.47 अरब डॉलर बढ़ा

**नई दिल्ली ।**

देश का विदेशी मुद्रा भंडार आठ मार्च को समाप्त सप्ताह में 10.47 अरब डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 636.095 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली। इससे एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 6.55 अरब डॉलर बढ़कर 625.626 अरब डॉलर हो गया था। अक्टूबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था लेकिन वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबावों के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपए की गिरावट को थामने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया, जिससे मुद्रा भंडार प्रभावित हुआ था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक आठ मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा आस्तियां 8.121 अरब डॉलर बढ़कर 562.352 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लिखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 2.299 अरब डॉलर बढ़कर 50.716 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार



(एसडीआर) 3.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.211 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा भी 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.817 अरब डॉलर हो गई।

## एआई से वित्तीय संस्थानों की साइबर सुरक्षा चुनौतियां बढ़ींः दास

**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से साइबर सुरक्षा चुनौतियां कई गुना बढ़ सकती हैं। इसके साथ ही उन्होंने वित्तीय संस्थानों से ग्राहक जानकारी की सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम करने के लिए कहा। दास ने हाल ही में यहां आरबीआई लोकपाल के वार्षिक सम्मेलन में कहा कि विनियमित संस्थाएं वित्तीय लेनदेन, ग्राहक संपर्क और परिचालन गतिविधियों से जुड़े आंकड़ें अपने पास रखती हैं। उन्होंने कहा कि आंकड़ों के इस व्यापक भंडार में डेटा विश्लेषण के जरिए ग्राहक सेवा को बेहतर बनाने का एक अनूठा अवसर निहित है। दास ने कहा कि डेटा विश्लेषण की ताकत का उपयोग करके विनियमित संस्थाएं ग्राहकों की जरूरतों का अच्छी तरह से अनुमान लगा सकती हैं, मुद्दों का तुरंत समाधान कर सकती हैं और प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि धोखाधड़ी वाले लेनदेन बढ़ने के साथ निगरानी प्रणालियों को मजबूत करने और संभावित धोखाधड़ी का पता लगाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। दास ने कहा कि एआई के आने के साथ साइबर सुरक्षा संबंधी चुनौतियां कई गुना बढ़ सकती हैं।


# राजकुमारी और चांद खिलौना



एक राजा था उसकी एक छोटी सी बेटी थी। वह उसे बहुत प्यार करता था। एक बार राजकुमारी बीमार पड़ गई। कई डॉक्टर बुलाए गए लेकिन कोई भी उसका इलाज नहीं कर पाया। क्योंकि उसकी बीमारी का पता नहीं चल पा रहा था। एक दिन राजा उदास होकर राजकुमारी से बोला समझ में नहीं आ रहा कि मैं क्या करूं? तुम्हारे इलाज के लिउ कुछ भी करने को तैयार हूं।

यह सुनकर राजकुमारी झट से बोली फिर मेरे लिए चांद मंगवा दिजीए। मैं उससे खेलूंगी तो मेरी तबियत ठीक हो जाएगी। राजा ने खुश होकर कहा ठीक है मैं तुम्हारे लिए चांद मंगवाने का प्रबंध करता हूं।

राजा के दरबार में बहुत से योग्य व्यक्ति थे। सबसे पहले उसने अपने प्रधानमंत्री को बुलवाया और उससे धीरे से कहा रानी बेटी को खेलने के लिए चांद चाहिए। आज नहीं तो कल रात तक जरूर आ जाना चाहिए।



चांद प्रधानमंत्री ने आश्चर्य से कहा। उसके माथे पर पसीना आ गया। थोड़ी देर बाद वह बोला महाराज मैं दुनिया के किसी भी कोने से कोई भी चीज मंगवा सकता हूं लेकिन चांद लाना मुश्किल है। राजा ने प्रधानमंत्री को तुरन्त दरबार से बाहर जाने का आदेश दे दिया। और प्रधान सेनापति को बुलवाया।

प्रधान सेनापति के आने पर राजा ने उनसे भी चांद लाने की बात कही सेनापति ने भी चांद लाने में अपनी असमर्थता व्यक्त की और तर्क दिया कि चांद को कोई भी नहीं ला सकता। वह यहां से डेढ़ लाख मील दूर है।

राजा ने उसे भी चले जाने को कहा और अपने खजांची को बुलाया उसने भी राजकुमारी के लिए चांद लाने में असमर्थता जताई। जाओ यहां से जाओं राजा चीखा और बोला दरबारी जोकर को बुलाओ। जोकर ने आते ही झुककर सलाम किया और पूछा सरकार आपने मुझे बुलाया? हां राजा रो पड़ा जब तक रानी बेटी को चांद नहीं मिलेगा तब तक उनकी तबियत ठीक नहीं होगी क्या तुम चांद ला सकते हो?

हां क्यो नहीं पर राजकुमारी कितना बड़ा चांद चाहती है कोई बात नहीं मैं खुद उनसे जा कर पूछ लेता हूं। जोकर बोला और सीधे राजकुमारी में कमरे में चला गया।



राजकुमारी ने जोकर को देखकर पूछा कि चांद लाए। जोकर ने कहा अभी नहीं लेकिन जल्द ला दूंगा। पहले ये बताओं कितना बड़ा चांद चाहिए। राजकुमारी ने कहा कि मेरे अंगूठे के नाखून बराबर क्योंकि जब मैं आंख के सामने अंगूठे का नाखून कर देती हूं तो वह दिखाई नहीं देता। अच्छा यह और बता दो कि चांद किस चीज का बना है और कितनी ऊंचाई पर है? चांद सोने का बना है और पेड़ के बराबर ऊंचाई पर है राजकुमारी ने बोला।



ठीक है आज रात को मैं पेड़ पर चढ़कर चांद उतार लाऊंगा। जोकर ने कहा और राजा के पास चला गया और उसने राजा को बोला कि मैं कल राजकुमारी के लिए चांद का खिलौना ले आऊंगा। और उसने अपनी योजना राजा को बता दी। राजा योजना सुनकर बहुत खुश हुआ। अगले दिन दरबारी जोकर सुनार से एक सोने का चांद बनवा कर ले आया। उसने यह चांद राजकुमारी को दे दिया राजकुमारी बहुत खुश हुई। उसने चांद को जंजीर में डालकर गले में लटका लिया। उसकी तबियत ठीक हो गई। लेकिन राजा को चिन्ता खाय जा रही थी कि जब राजकुमारी जब खिड़की में से चांद को देखेगी तो क्या कहेगी। वह सोचेगी कि पिताजी ने उससे झूठा वादा किया था। रात को जब चांद निकला तो राजकुमारी उसे देखने लगी। राजा और जोकर उसके कमरे में खड़े थे। जोकर ने राजकुमारी से पूछा कि अच्छा राजकुमारी ये तो बताओ कि जब चांद तुम्हारे गले में लटका है तो आसमान में कैसे निकल आया?

राजकुमारी हंस कर बोली तुम मूर्ख हो जैसे मेरा जब दंत टूट जाता है तो दूसरा निकल आता है वैसे ही चांद भी दूसरा निकल आया है। यह सुनकर राजा ने राहत की सांस ली और खुशी खुशी राजकुमारी के साथ खिलौने से खेलने लगा।

# गुरु नानकदेव की सीख



एक डाकू गुरु नानकदेवजी के पास आया और चरणों में माथा टेकते हुए बोला- मैं डाकू हूँ, अपने जीवन से तंग हूँ। मैं सुधरना चाहता हूँ, मेरा मार्गदर्शन कीजिए, मुझे अंधकार से उजाले की ओर ले चलिए। नानकदेवजी ने कहा- तुम आज से चोरी करना और झूठ बोलना छोड़ दो, सब ठीक हो जाएगा। डाकू प्रणाम करके चला गया। कुछ दिनों बाद वह फिर आया और कहने लगा- मैंने झूठ बोलने और चोरी से मुक्त होने का भरसक प्रयत्न किया, किंतु मुझसे ऐसा न हो सका। मैं चाहकर बदल नहीं सका। आप मुझे उपाय अवश्य बताइए।

गुरु नानक सोचने लगे कि इस डाकू को सुधरने का क्या उपाय बताया जाए। उन्होंने अंत में कहा- जो तुम्हारे मन में जो आए करो, लेकिन दिन भर झूठ बोलने, चोरी करने और डाका डालने के बाद शाम को लोगों के सामने किए हुए कामों का बखान कर दो। डाकू को यह उपाय सरल जान पड़ा।

इस बार डाकू पलटकर नानकदेवजी के पास नहीं आया क्योंकि जब वह दिनभर चोरी आदि करता और शाम को जिसके घर से चोरी की है उसकी चौखट पर यह सोचकर पहुँचता कि नानकदेवजी ने जो कहा था कि तुम अपने दिन भर के कर्म का बखान करके आना लेकिन वह अपने बुरे कामों के बारे में बताते में बहुत संकोच करता और आत्मग्लानि से पानी-पानी हो जाता। वह बहुत हिम्मत करता कि मैं सारे काम बता दूँ लेकिन वह नहीं बता पाता।



हताश-निराश मुँह लटकाए वह डाकू एक दिन अचानक नानकदेवजी के सामने आया। अब तक न आने का कारण बताते हुए उसने कहा-मैंने तो उस उपाय को बहुत सरल समझा था, लेकिन वह तो बहुत कठिन निकला। लोगों के सामने अपनी बुराइयाँ कहने में लज्जा आती है, अतः मैंने बुरे काम करना ही छोड़ दिया। इस तरह नानकदेव जी ने उसे अपराधी से अच्छा इंसान बना दिया।

# शेख चिल्ली की चिट्ठी

बच्चो, तुमने मियाँ शेख चिल्ली का नाम सुना होगा। वही शेख चिल्ली जो अकल के पीछे लाठी लिए घूमते थे। उन्हीं का एक और कारनामा तुम्हें सुनाएँ।

मियाँ शेख चिल्ली के भाई दूर किसी शहर में बसते थे। किसी ने शेख चिल्ली को बीमार होने की खबर दी तो उनकी खैरियत जानने के लिए शेख ने उन्हें खत लिखा। उस जमाने में डाकघर तो थे नहीं, लोग चिट्ठियाँ गाँव के नाई के जरिये भिजवाया करते थे या कोई और नौकर चिट्ठी लेकर जाता था।



लेकिन उन दिनों नाई उन्हें बीमार मिला। फसल कटाई का मौसम होने से कोई नौकर या मजदूर भी खाली नहीं था अतः मियाँ जी ने तय किया कि वह खुद ही चिट्ठी पहुँचाने जाएँगे। अगले दिन वह सुबह-सुबह चिट्ठी लेकर घर से निकल पड़े। दोपहर तक वह अपने भाई के घर पहुँचे और उन्हें चिट्ठी पकड़ाकर लौटने लगे।

उनके भाई ने हैरानी से पूछा - अरे! चिल्ली भाई! यह खत कैसा है? और तुम वापिस क्यों जा रहे हो? क्या मुझसे कोई नाराजगी है?

भाई ने यह कहते हुए चिल्ली को गले से लगाना चाहा। पीछे हटते हुए चिल्ली बोले - भाई जान, ऐसा है कि मैंने आपको चिट्ठी लिखी थी। चिट्ठी ले जाने को नाई नहीं मिला तो उसकी बजाय मुझे ही चिट्ठी देने आना पड़ा।

भाई ने कहा - जब तुम आ ही गए हो तो दो-चार दिन ठहरो। शेख चिल्ली ने मुँह बनाते हुए कहा - आप भी अजीब इंसान हैं। समझते नहीं। यह समझिए कि मैं तो सिर्फ नाई का फर्ज निभा रहा हूँ। मुझे आना होता तो मैं चिट्ठी क्यों लिखता?

# कैसे बनी आइसक्रीम



बच्चो हम सब आइसक्रीम तो खाते है पर कभी ये जानने की कोशिश पहले कैसे बनाया जाता था ? भारत में मुगल शासनकाल के दौरान आइस जाता है कि अरब जगत के लोगों ने सबसे पहले आइसक्रीम के उत्पादन में शुरूकिया। वे फलों की बजाय चीनी मिलाकर इसको मीठा करते थे। फालूद और अफगानिस्तान से मानी जाती है। करीब 200 ईसा पूर्व के आस-पार मिश्रण को जमाकर खाने की परंपरा मिलती है। रोम का शासक नीरो (37- को मंगाता था और उनमें फलों के ऊपरी हिस्से को मिलाकर खाता था।

18वीं सदी में ब्रिटेन और अमेरिका की रेसिपी में आइसक्रीम बनाने की आधुनि ऑक्सफोर्ड इंग्लिश डिक्शनरी के अनुसार 1744 में पहली बार आइसक्रीम शब्द का उल्लेख मिलता है।दुनिया के पहले आइसक्रीम पार्लर की शुरुआत 1776 में अमेरिका में हुई थी।20वीं सदी में ब्रिटेन में आइसक्रीम बनाने के आसान तरीके विकसित होने से बढोतरी हुई। उसी दौर में रेफ्रिजरेटर के अस्तित्व में आने के बाद इसको घरों में संरक्षित रखा जाना शुरूहुआ। साइकिल में लेकर इसे बेचने की शुरुआत लंदन में 1923 में हुई थी। जिसमें बेचने वाले डिब्बे पर लिखा होता था- स्टॉप मी ऐंड बाई वन। अमेरिका आइसक्रीम का दुनिया में सबसे बडा उपभोक्ता है। दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया का नाम आता है।

## मशहूर गायिका अनुराधा पौडवाल हुईं राजनीति में सक्रिय, थामा बीजेपी का दामन



नई दिल्ली। मशहूर बॉलीवुड सिंगर अनुराधा पौडवाल अब सक्रिय राजनीति करने जा रही हैं। दरअसल उन्होंने वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। अनुराधा पोंडवाल का बीजेपी में शामिल होना जहां एक ओर लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा को एक बड़ी सफलता हासिल होना बताया जा रहा है, वहीं स्वयं पोंडवाल ने भाजपा में शामिल होने को अपना सौभाग्य बताया है। भाजपा में शामिल होने के अवसर पर मशहूर गायिका अनुराधा पौडवाल ने कहा कि मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि मैं उस पार्टी में शामिल हो रही हूं, जिसका सनातन धर्म से गहरा नाता है। अब चूंकि देश में लोकसभा चुनाव होने जा रहे हैं ऐसे में अनुराधा पोंडवाल का भाजपा ज्वाइन करना पार्टी कार्यकर्ताओं में उत्साह भरने जैसा ही है। आम चुनाव को लेकर भाजपा समेत तमाम दल के स्?टार प्रचारक चुनाव प्रचार करने में व्यस्त हैं। बीजेपी का दामन थामने के बाद अनुराधा पौडवाल ने कहा, कि यह तो मेरा सौभाग ?य है कि मैं आज भाजपा में शामिल हो रही हूं।'

### सुप्रसिद्ध गायिका के तौर पर है अनुराधा की पहचान

वालिवुड सिंगर अनुराधा पौडवाल यूं तो 90 के दशक की मशहूर गायिका हैं, लेकिन आज भी उन्हें हर घर में बेहतरीन गायिका के तौर पर ही पहचाना जाता है। अनुराधा पौंडवाल के भक्ति गीत भी खासे मशहूर हैं। इसे देखते हुए पार्टी उन्हें लोकसभा चुनाव-2024 के लिए स्?टार प्रचारक घोषित कर सकती है।

## पीएम मोदी के एक वायरल वीडियो ने मचाई धूम




नई दिल्ली। सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों के जरिए यह गाना लोगों के बीच तेजी से फैलता जा रहा है। लोग इसे बहुत चाव से सुन रहे हैं और इसे गुनगुना भी रहे हैं। लोगों की जुबां पर गाने का बोल अपना स्थान बनाता जा रहा है। इसे सुनने वाले इसकी सराहना भी कर रहे हैं। गाने के जरिये जिन तथ्यों को बताया गया है, उस पर लोग अपनी सहमति भी प्रकट कर रहे हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेरा भारत मेरा परिवार अभियान की कड़ी में सोशल मीडिया पर एक और वीडियो वायरल हो रहा है। लोगों के बीच इसे काफी पसंद किया जा रहा हैं। लोग इसके गाने को खूब सुन रहे हैं। गाने का बोल मैं मोदी का परिवार हूं है। बता दें कि है कि तीन मार्च को पटना में एक रैली में राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने पीएम मोदी पर तंज करते हुए कहा था कि उनका तो कोई परिवार ही नहीं है, वो परिवारवाद पर क्या बोल सकते हैं। इसके जवाब में पीएम मोदी ने कहा था कि देश की 140 करोड़ जनता ही उनका परिवार है। इसके बाद तो मै हूं मोदी का परिवार नाम का अभियान ही चल पड़ा। देश भर के लोगों ने पीएम मोदी को अपना परिवार बताना शुरू कर दिया। पीएम मोदी को अपना परिवार बताने की कड़ी में ही यह नया वीडियो वायरल हो रहा है।

## सेवा भारती को बदनाम करने की साजिश, यूट्यूबर पर 50 लाख का जुर्माना , मद्रास हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला

चेन्नई । मद्रास हाई कोर्ट ने आरएसएस से जुड़े संगठन सेवा भारती के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में एक यूट्यूबर पर 50 लाख का जुर्माना बतौर हर्जाना ठोका है। इतना ही नहीं अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि अदालत ने आंखों पर पट्टी नहीं बांध रखी है और ना ही आंख बंद कर रह सकती है। जस्टिस एन सतीश कुमार की पीठ ने कहा है कि अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर कोई भी अपनी संवैधानिक स्वतंत्रता और अधिकार का उपयोग दूसरों की गोपनीयता पर हमला करने या उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए नहीं कर सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस कुमार ने फैसले में लिखा, केवल, अभिव्यक्ति की आजादी के बहाने, कोई दूसरों की निजता में दखल देकर साक्षात्कार नहीं कर सकता, कानून किसी यूट्यूबर और सोशल मीडिया को दूसरों की प्रतिष्ठा खराब करने की इजाजत नहीं देता है। साथ ही कोर्ट ने यूट्यूबर सुरेंद्र उर्फ नाथिकन को सेवा भारती ट्रस्ट को 50 लाख का हर्जाना चुकाने का आदेश दिया है। दरअसल, यूट्यूबर ने दो ईसाई पुरुषों, पी जयराज और उनके बेटे बेनिक्स की हिरासत में हुई मौत के मामले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े तमिलनाडु की सेवा भारती ट्रस्ट के तार जोड़े थे और ट्रस्ट पर कई अपमानजनक टिप्पणी की थी। इसके खिलाफ सेवा भारती ने अदालत का दरवाजा खटखटाकर मुआवजे की मांग की थी। साथ ही ट्रस्ट ने अदालत से मांग की थी कि वह यूट्यूबर को उसके खिलाफ कोई भी अपमानजनक बयान देने से रोकने का निर्देश दे। हाई कोर्ट ने फैसले में कहा है कि आजकल लोग सोशल मीडिया पर प्रसारित बयानों का इस्तेमाल ब्लैक मेल करने के एक उपकरण के रूप में करने लगे हैं, इस चलन को प्रोत्साहित नहीं किया जा सकता। वहीं सेवा भारती ने मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया कि जयराज और बेनिक्स की मौत से उसका कोई लेना-देना नहीं रहा है और यह ज्ञात तथ्य है कि दोनों की मौत पुलिस हिरासत में हुई थी।

## भारत ने पाक सीमा पर बढ़ाई आर्मी, हवा में तैनात होंगे टैंक

नई दिल्ली। पाकिस्तान से लगती सीमा पर जल्द ही हेवी ड्यूटी कॉम्बैट हेलीकॉप्टर अपाचे की तैनाती की जाएगी । इससे पहले इंडियन आर्मी ने पश्चिमी कमान में स्थित महत्वपूर्ण सैन्य पोस्ट जोधपुर में अपनी क्षमताओं का विस्तार किया है। भारतीय सेना ने हेवी ड्यूटी और अत्याधुनिक क्षमताओं से लैस हेलीकॉप्टर के स्क्वाड्रन को बढ़ाया है। स्क्वाड्रन के अस्तित्व में आने से सेना का पश्चिमी कमान और ज्यादा मजबूत होगा और उसकी युद्धक क्षमता भी बढ़ेगी। बता दें कि आर्मी के वेस्टर्न कमान में अपाचे हेलीकॉप्टर को तैनात करने की तैयारी चल रही है। अमेरिका से इसकी पहली खेप फरवरी 2024 में मिलनी थी, लेकिन उसमें देरी हुई है। अब अपाचे हेलीकॉप्टर की पहली खेप मई में मिलने की संभावना है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान सीमा पर भी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जा रही हैं। देश के पश्चिमी सीमा पर 'हवा में टैंक' तैनात करने की तैयारी चल रही है। उम्मीद है कि इस बार गर्मी के मौसम में इसे पूरा कर लिया जाएगा। बॉर्डर पर भारत की बढ़ती रक्षा क्षमता और सेना की स्ट्रैटजिक प्लानिंग से पड़ोसी देश पाकिस्तान में खलबली मचना तय है। भारतीय सेना ने अमेरिकी कंपनी बोइंग के साथ अपाचे हेलीकॉप्टर खरीद को लेकर समझौता किया है। तकरीबन 5,691 करोड़ रुपये की इस डील के तहत बोइंग सेना को 6 हेलीकॉप्टर देगा। फरवरी 2020 में रक्षा खरीद पर सहमति बनी थी। आर्मी के एविएशन डायरेक्टर जनरल लेफ्टिनेंट जनरल अजय सूरी ने बताया कि अपाचे हेलीकॉप्टर की आपूर्ति फरवरी में ही शुरू होनी थी, लेकिन किन्हीं वजहों से इसमें कुछ देरी हुई है। भारतीय वायुसेना को 22 अपाचे हेलीकॉप्टर की आपूर्ति की जा चुकी है। वायुसेना ने सितंबर 2015 में अमेरिकी कंपनी के साथ 13, 952 करोड़ रुपये का करार किया था।



# हैती में फंसे 90 भारतीयों को निकालने के लिए विदेश मंत्रालय ने शुरु किए प्रयास



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कैरेबियाई देश हैती पर अपराधियों ने कब्जा कर लिया है। जिसके कारण कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। लोगों का घर से निकलना कठिन हो गया है ऐसे में 90 भारतीय भी हैती में फंसे हुए हैं। इन्हे निकालने के लिए भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रयास शुरु कर दिए है। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि हैती में 75 से 90 भारतीय मौजूद हैं जिनमें से लगभग 60 ने जरूरत पड़ने पर भारत लौटने के लिए भारतीय अधिकारियों के साथ पंजीकरण कराया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने एक नियमित मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि हैती में 75 से 90 भारतीय हैं और उनमें से लगभग 60 ने ÷जरूरत पड़ने पर वापस आने÷ के लिए भारतीय अधिकारियों के साथ पंजीकरण कराया हैय उन्होंने कहा, ÷हम सभी को निकालने के लिए तैयार हैं। भारतीय पक्ष ने मदर टेरेसा द्वारा स्थापित कोलकाता स्थित संगठन मिशनरीज ऑफ चैरिटी के 30 से अधिक ननों से संपर्क किया है, जो हैती में हैं, हालांकि यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि वे सभी वापस लौटने का विकल्प चुनेंगे या नहीं। भारत का हैती में कोई दूतावास नहीं है और देश की स्थिति की निगरानी डोमिनिकन गणराज्य की राजधानी सैंटो डोमिंगो में भारतीय मिशन और नई दिल्ली में विदेश मंत्रालय द्वारा की जा रही है। सैंटो डोमिंगो में भारतीय दूतावास, जिसे हैती की भी मान्यता प्राप्त है, हैती की राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस और देश के अन्य हिस्सों में सभी भारतीयों के संपर्क में है।

कैरेबियाई राष्ट्र हैती अपराधियों के कब्जे में है। हैती की राजधानी और अन्य क्षेत्रों पर आपराधिक गिरोहों का कब्जा हो गया है। सुरक्षा की स्थिति में गिरावट के बाद हैती में फंसे 90 भारतीय नागरिकों को निकालने के लिए तैयार है। हैती में सरकारी संरचनाओं और सामाजिक व्यवस्था के पतन के कगार पर होने के कारण संकटग्रस्त प्रधान मंत्री एरियल हेनरी ने अपना पद छोड़ने की पेशकश की है। इस बीच गवर्निंग काउंसिल की स्थापना के लिए कैरेबियन समुदाय और कॉमन मार्केट ने बातचीत शुरू की है।हाईटियन राजनेताओं और पार्टियों के बीच झगड़े के कारण एक संक्रमणकालीन परिषद स्थापित करने का प्रस्ताव मुश्किल में पड़ गया है। कैरीकॉम राज्यों के नेताओं ने जमैका में एक बैठक के बाद परिषद बनाने की योजना का खुलासा किया, जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने भाग लिया। हैती के प्रधानमंत्री हेनरी ने परिषद की स्थापना होते ही पद छोड़ने का वादा किया है।

## फडणवीस का दावा : बाला साहेब का बेटा किसी भी सूरत में सीएए का विरोध नहीं कर सकता

मुंबई। महाराष्ट्र उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना (यूबीटी) नेता उद्धव ठाकरे को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि बाला साहेब का बेटा किसी भी सूरत में सीएए का विरोध नहीं कर सकता है। फडणवीस ने हिंदूवादी दिवंगत नेता और शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे को याद करते हुए उनके बेटे उद्धव पर जोरदार हमला बोला है। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम ने कहा, उद्धव ठाकरे ने नागरिकता संशोधन अधिनियम का विरोध किया है। मुझे यह समझना मुश्किल हो रहा है कि बाल ठाकरे का बेटा ऐसा कर सकता है।उन्होंने कहा है कि एकनाथ शिंदे की सरकार मुंबई में उन चीजों को ठीक करने के लिए मजबूर है जिन्हें वर्षों पहले ठीक किया जाना चाहिए था। फडणवीस ने कहा, उद्धव ठाकरे को मुंबई के लोगों ने कई मौके दिए लेकिन उन्होंने उनके लिए कुछ नहीं किया। शहर में उनके द्वारा एक भी प्रतिष्ठित काम नहीं किया गया या बनाया नहीं गया। एक इंटरव्यू में फडणवीस ने उद्धव ठाकरे के मोदी विरोधी रुख के लिए उनकी आलोचना की और लोकसभा चुनाव से पहले उनकी पार्टी के साथ गठबंधन की किसी भी संभावना से इनकार किया। उन्होंने कहा, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के गठबंधन की कोई गुंजाइश नहीं है। अगर वह कोई प्रयास कर रहे हैं, तो मुझे इसकी जानकारी नहीं है। हमारी ओर से उनके लिए कोई गुंजाइश नहीं है। मुझे इस बात का दुख है कि वह अपनी वोट बैंक की राजनीति के लिए अब छद्म धर्मनिरपेक्ष और तुष्टिकरण की राजनीति में लिप्त हैं।फडणवीस ने सीट बंटवारे, महाराष्ट्र और मुंबई में बुनियादी ढांचे के विकास, संभावित नए सहयोगियों और पिछली सरकार की कमियों के बारे में खुलकर बात की है।

# कांग्रेस व्यापक सामाजिक, आर्थिक और जाति जनगणना की गारंटी देती है: खरगे



**बेंगलुरु, (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव से पहले शनिवार को अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण पर लगी 50 प्रतिशत की सीमा को बढ़ाने के लिए संविधान संशोधन पारित करने और एक व्यापक सामाजिक, आर्थिक और जातिगत जनगणना कराने का वादा किया। ये वादे 'श्रमिक न्याय' और 'हिस्सेदारी न्याय' के लिए शनिवार को पार्टी द्वारा घोषित पांच अन्य गारंटियों में शामिल हैं।

खरगे ने 'हिस्सेदारी न्याय' के तहत आने वाली गारंटी गिनाते हुए कहा, 'कांग्रेस पार्टी एक व्यापक सामाजिक, आर्थिक व जाति जनगणना की गारंटी देती है। इसके माध्यम से सभी जातियों व समुदायों की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति, राष्ट्रीय संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी और शासन से संबंधित संस्थानों में उनके प्रतिनिधित्व का सर्वेक्षण किया जाएगा।' उन्होंने कहा कि यह सकारात्मक नीति देश में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी।

खरगे ने कहा, 'कांग्रेस यह गारंटी भी देती है कि वह एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण पर लगी 50 प्रतिशत की सीमा बढ़ाने के लिए एक संविधान संशोधन पारित करेगीज्50 प्रतिशत सीमा बढ़ाकर 60, 65 की जा सकती है। तमिलनाडु की तरह, उन्होंने जो किया, हम भी करना चाहते हैं।' उन्होंने कहा कि कांग्रेस एससी और एसटी की विशेष घटक योजना को कानून द्वारा पुनर्जीवित व लागू करने की गारंटी देती है। खरगे ने कहा कि कुछ कांग्रेस शासित राज्यों में यह कदम पहले ही उठाया जा चुका है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी वन अधिकार अधिनियम के सभी लंबित दावों को एक साल में हल करने और खारिज किए गए दावों की छह महीने के अंदर समीक्षा के लिए एक पारदर्शी प्रक्रिया शुरू करने की गारंटी देती है। खरगे ने कहा, 'अपनी धरती, अपना राज÷ के तहत कांग्रेस लघु वन उपज के लिए एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) की गारंटी भी बढ़ाएगी। पार्टी आदिवासी भाई-बहनों को स्वशासन और उनके सांस्कृतिक अधिकारों की सुरक्षा की गारंटी देती है।'

पार्टी ने कहा कि कांग्रेस उन सभी बस्तियों को अनुसूचित क्षेत्र के रूप में अधिसूचित करने के लिए प्रतिबद्ध है जहां आदिवासी सबसे बड़ा सामाजिक समूह हैं। खरगे ने कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान कांग्रेस ने 'किसान न्याय', 'युवा न्याय' और 'महिला न्याय' के तहत 15 गारंटियों की घोषणा की है।

# पीएम मोदी और शाह में हिम्मत नहीं अल्पसंख्यकों को दिया आरक्षण हटा दें : रेड्डी



**-इफ्तार पार्टी में ओवैसी और रेवंत रेड्डी ने एक-दूसरे को गले लगाया**

**हैदराबाद (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव से पहले तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी एक साथ दिखाई दिए। इफ्तार पार्टी के दौरान मंच पर ओवैसी और रेवंत रेड्डी ने एक-दूसरे को गले लगाया। ओवैसी ने कहा कि नफरत फैलाने वालों के खिलाफ हमें साथ में लड़ना है। वहीं, सीएम रेड्डी ने कहा कि मोदी और शाह में हिम्मत नहीं है कि अल्पसंख्यकों को दिया 4 फीसदी आरक्षण तेलंगाना से हटा दें।

सांसद ओवैसी ने सीएम रेड्डी से मुखातिब होकर कहा कि तेलंगाना में हमें नफरत पैदा करने वालों के खिलाफ हम सभी को मिलकर लड़ना है। घरों को तोड़ने वालों के खिलाफ साथ में लड़ना होगा। ओवैसी ने सीएए पर कहा कि असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य में हुए एनआरसी में लिस्टेड 12 लाख हिंदुओं को सीएए के तहत भारतीय नागरिकता दी जाएगी, लेकिन 1.5 लाख मुसलमानों का क्या? लोग कह रहे हैं तुरंत कुछ भी नहीं होने वाला है। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि चीजों को सामने आने में वक्त लगता है।

सीएम रेड्डी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में आरक्षण की लड़ाई के लिए बेहतरीन वकीलों को नियुक्त किया था। मुस्लिमों के हितों की रक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। हिंदू और मुस्लिम मेरी दो आंखें हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी धर्मनिरपेक्षता में विश्वास करती है।

सीएम रेड्डी ने आश्वासन दिया कि राज्य की किसी एक यूनिवर्सिटी में अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्य को कुलपति नियुक्त किया जाएगा। सीएम रेड्डी ने कहा कि राज्य सरकार तमाम पहलुओं में अल्पसंख्यकों के उचित हिस्से की रक्षा करेगी, जिसमें डबल बेडरूम घरों का आवंटन भी शामिल है।

## लोकसभा चुनाव के लिये तैयार, लोकतंत्र के भविष्य का होगा फैसला : कांग्रेस



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद शनिवार को कहा कि वह इस चुनावी मुकाबले के लिए तैयार है तथा यह चुनाव आम नहीं, बल्कि खास है क्योंकि इसमें देश के लोकतंत्र के भविष्य का फैसला होगा। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, ''चुनाव आयोग ने घोषणा कर दी है। यह चुनाव आम नहीं है। यह चुनाव फैसला करेगा कि यह देश और लोकतंत्र मजदूर किसान के कंधों पर चलेगा या कुछ उद्योगपतियों के कंधों पर चलेगा।'' उन्होंने कहा, ''इस चुनाव से तय होगा कि देश बाबासाहेब के संविधान पर चलेगा या एक तानाशाह के गुणगान पर चलेगा। इसलिए यह एक आम चुनाव नहीं, खास चुनाव है।''

## चीन का उदय भारत के लिए चुनौती... लेकिन हमें इसकी जानकारी

**-सीडीएस अनिल चौहान ने बातचीत के दौरान कही यह अहम बात**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान ने कहा कि चीन का उदय और पाकिस्तान के साथ देश की दोस्ती सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है जिसका सशस्त्र बल आज सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पड़ोसी हिमालय जितनी ऊंची और महासागर जितनी गहरी दोस्ती का दावा करते हैं और वे दोनों परमाणु क्षमता में भी सक्षम हैं। हालाँकि, सीडीएस चौहान ने कहा कि ये चुनौतियाँ अनुमानित हैं और भारत को इसकी जानकारी है। सीडीएस चौहान ने कहा कि भविष्य में युद्ध जिस तरह से बदल रहा है उसमें अप्रत्याशितता निहित है। सीडीएस चौहान ने चीन का उदय भारत के लिए सबसे बड़ी चुनौती है, चौहान ने कहा कि हालांकि, पड़ोसी का विस्तार सुचारू नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि चीन के लिए अपने भू-राजनीतिक लक्ष्यों को हासिल करना थोड़ा मुश्किल होगा। सीडीएस चौहान ने कहा कि हमारे लिए, हिमालय सदियों से सुरक्षा प्रदान करता रहा है। लेकिन हाल ही में, प्रौद्योगिकी की प्रगति के कारण, हिमालय अब कोई बाधा नहीं है। लेकिन फिर भी प्रायद्वीपीय आकार, दो द्वीप क्षेत्रों से घिरा होने के कारण हमें भौगोलिक लाभ भी है और हिंद महासागर तक पहुंच बहुत, बहुत प्रतिबंधित है, और हम एक पूर्व-प्रमुख स्थिति का आनंद लेते हैं। सीडीएस चौहान ने पाकिस्तान की सेना को गंभीरता से न लेने के विचार को भी खारिज कर दिया, क्योंकि देश एक बड़े वित्तीय संकट से जूझ रहा है और हाल ही में कुछ राजनीतिक स्थिरता मिली है।

# पृथ्वी का लगभग 19 प्रतिशत भाग बंजर

**-10 प्रतिशत भाग को ग्लेशियरों ने ढंका हुआ**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वैज्ञानिकों का कहना है कि पर्यावरण की रक्षा के लिए इस पृथ्वी पर ज्यादा से ज्यादा पेड़ों की आवश्यकता है। लेकिन दूसरी ओर इन जीवनदायी पेड़ों को लगातार उजाड़ा जा रहा है। दुनियाभर के देशों से जंगल कम हो रहे हैं।

ऐसे में सवाल ये उठता है कि इस परिस्थिति में वो कौन सा देश है, जहां सबसे अधिक पेड़ हैं? भूवैज्ञानिकों ने एक अनुमान लगाया है, जिसके मुताबिक पृथ्वी का लगभग 19 प्रतिशत भाग बंजर है, जबकि 10 प्रतिशत भाग को ग्लेशियरों ने ढंका हुआ है। इसके अलावा कई ऐसे हिस्से भी हैं, जहां पर रेत के टीले, रेगिस्तान, चट्टानी भूमि और शुष्क नमक वाले क्षेत्र शामिल हैं। वहीं, दुनिया में कुल रहने योग्य जगह का लगभग 38 प्रतिशत भाग जंगलों से घिरा है। यह पृथ्वी की कुल भूमि के 26 प्रतिशत के बराबर है।ऐसे में फिर से सवाल उठता है कि क्या अफ्रीका और अमेरिका पेड़ों के मामले में सबसे आगे हैं? अगर आप ऐसा सोच रहे हैं, तो बिल्कुल गलत हैं। इस धरती पर रूस वो देश है, जहां पर सबसे ज्यादा पेड़ मौजूद हैं।

जानकारी के मुताबिक, रूस में लगभग 815 मिलियन हेक्टेयर वन हैं, जो इसे दुनिया का सबसे अधिक वृक्ष-घना देश बनाता है। ऐसे में एक सवाल और उठता है कि दुनिया में कुल कितने पेड़ हैं? तो आपको बता दें कि वैज्ञानिकों का अनुमान है कि वर्तमान में पृथ्वी पर लगभग 3.04 ट्रिलियन पेड़ हैं। दक्षिण अमेरिका में स्थित अमेजन के जंगल लगभग 9.8 मिलियन वर्ग किमी क्षेत्र में फैले हुए हैं। अमेजन के इस जंगल को विश्व में सबसे बड़ा वर्षावन माना जाता है। यह विश्व के कुल वर्षावन का एक तिहाई भाग घेरता है।अमेजन का यह वर्षावन कई देशों में फैला हुआ है, जिसमें कोलंबिया, पेरू और ब्राजील सहित नौ दक्षिण अमेरिकी देश शामिल हैं।

रिसर्च से पता चला है कि अमेजन वर्षावन में दुनिया की लगभग 10 प्रतिशत जैव विविधता शामिल है, जिसमें जानवर, पौधे और अन्य जीवित चीजें शामिल हैं। मालूम हो कि वैज्ञानिक पेड़ों को मानव जाति का सबसे लाभकारी मित्र बताते हैं। लेकिन इंसानों ने इन पेड़ों को परोपकारी का उचित दर्जा नहीं दिया है। शायद यही वजह है कि पेड़ों और जंगलों की अंधाधुंध कटाई हो रही है। इस विनाश ने पूरी दुनिया को रसातल के कगार पर पहुंचा दिया है।

## चुनावी बॉण्ड घोटाले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो स्वतंत्र जांच, कांग्रेस पार्टी की मांग

नई दिल्ली । कांग्रेस ने कहा कि चुनावी बॉण्ड घोटाले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र जांच होना जरूरी है। कांग्रेस पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में सरकार का मतलब जितना चंदा, उतना हक है। कांग्रेस नेता रमेश ने पोस्ट किया, चुनावी बॉण्ड पर डेटा सामने आने के बाद पहले विश्लेषण में भाजपा की चार भ्रष्ट नीति – चंदा दो, धंधा लो, हफ्ता वसूली, ठेका लो, रिश्वत दो और फर्जी कंपनी-डकैत संगनी सामने आई थी। कांग्रेस नेता रमेश ने कहा, भारत के कॉरपोरेट से हजारों करोड़ रुपये की उगाही और वसूली की गई है। हजारों करोड़ की सार्वजनिक संपत्ति लूटी गई है। उन्होंने दावा किया, इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी कंपनियों ने भारी मात्रा में चंदा दिया है। उदाहरण के लिए मेघा इंजीनियरिंग, तेलंगाना में कलेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना पर काम कर रही थी। मेघा ने मेडीगड्डा बैराज के कुछ हिस्से का निर्माण किया, जो इस परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसा हुआ कि बैराज डूबने लगा, जिससे करदाताओं का एक लाख करोड़ रुपए बर्बाद हो गए। उनके मुताबिक, पिछले कुछ वर्षों में इस तरह बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं के खराब होने कई उदाहरण सामने आए हैं, ऐसा ही एक और उदाहरण गुजरात का मोरबी है।

# पाकिस्तान छोड़कर आए हिंदुओं को नागरिकता क्यों नहीं देना चाहिए: अमित शाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली(ईएमएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पाकिस्तान से भारत आए शरणार्थियों को नागरिकता क्यों नहीं देनी चाहिए। जो लोग इस पर सवाल उठा रहे हैं उनसे पूछना चाहता हूं कि आजादी के वक्त पाकिस्तान में हिंदुओं की संख्या 23 प्रतिशत थी। आज घटकर 2.7 प्रतिशत रह गई है। ये हिंदु गए कहां। सबको पता है कि या तो मार दिए गए या जबरियां धर्म परिवर्तन करा दिया गया। कुछ लोग अत्याचार से परेशान होकर भारत आ गए। क्या ऐसे लोगों को नागरिकता नहीं देना चाहिए। शाह ने एक टीवी इंटरव्यू में कहा कि पीओके को लेकर अपनी पार्टी और केंद्र सरकार का स्टैंड साफ करते हुए शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा है। इसलिए वहां के हिंदू और मुस्लिम दोनों ही हमारे लोग हैं। एक टीवी इंटरव्यू में अमित शाह ने देश के विभाजन को गलत बताया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान में हिंदुओं पर बहुत अत्याचार हुआ है। चुनावी बॉन्ड को लेकर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे जा रहे सवालों पर शाह ने जमकर पलटवार किया है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि यह भ्रम फैलाया जा रहा है की चुनावी बॉन्ड से भाजपा को फायदा हुआ है, जबकि हकीकत इससे उलट है। भाजपा के सांसद ज्यादा है लेकिन उसे केवल छह हजार करोड़ के बॉन्ड मिले हैं, जबकि विपक्ष के सांसद कम होने के बावजूद उनको कई गुना ज्यादा मूल्य के बॉन्ड मिले हैं। उन्होंने कहा कि चुनावी बॉन्ड का चिठ्ठा खुलेगा तो विपक्ष परेशानी में आएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव बॉन्ड भारतीय राजनीति में से काले धन का वर्चस्व खत्म करने के लिए लाया गया था। पर उच्चतम न्यायालय जो फैसला देती है, वो सभी को मानना होता है। उन्होंने कहा कि वह किसी भी मंच पर किसी भी व्यक्ति से चर्चा करने के लिए तैयार हैं। कोई उनको ये समझा दे कि चुनावी बॉन्ड आने से पहले चंदा कैसे आता था, बॉन्ड से चंदा कैसे आता है? अपनी कंपनी के चेक आरबीआई को देकर एक बॉन्ड खरीदते हैं और राजनीति पार्टियों को देते हैं। उन्होंने कहा, इसमें गोपनीयता का सवाल आ गया है। उन्होंने कहा कि वह पूछना चाहते हैं कि जो नकदी में चंदा आता था, उसमें किसका नाम सामने आया है। यह भ्रम फैलाया जा रहा है कि बॉन्ड से भाजपा को बड़ा फायदा हुआ है, क्योंकि वह सत्ता में है। अमित शाह ने कहा, राहुल गांधी ने बयान दिया कि दुनिया की सबसे बड़ी उगाही का बड़ा जरिया चुनावी बॉन्ड है। उन्होंने कहा कि मालूम नहीं राहुल गांधी को ये लिखकर कौन देता है। भाजपा को करीब छह हजार करोड़ के बॉन्ड मिले हैं। कुल बॉन्ड 20 हजार करोड़ के हैं तो 14 हजार के बॉन्ड कहां गए?



## कनाडा में भारतीय परिवार की मौत

ब्रैंपटन । कनाडा के ओंटारियो प्रांत में भारतीय परिवार के घर में आग लगने से 3 सदस्यों की मौत हो गई। आग लगने की वजह अब तक सामने नहीं आई है। पुलिस को शक है कि घर में आग लगाई। उनका कहना है कि आग लगना एक्सीडेंटल नहीं हो सकता। पुलिस ने शनिवार को कहा- ब्रैंपटन शहर में स्थित एक घर में 7 मार्च को आग लगी थी। यहां आग बुझाए जाने के बाद मानव अवशेष मिले थे। हालांकि, यह साफ नहीं हुआ था कि कितने लोग जलकर मरे हैं। 15 मार्च को मानव अवशेषों की पहचान भारतीय परिवार के तीन सदस्यों के रूप में हुई। पुलिस अफसर टैरिन यंग ने कहा- आग में झुलसकर राजीव वारिकू, पत्नी शिल्पा कोठा और 16 साल की बेटी महेक वारिकू की मौत हो गई। आग लगने से पहले तीनों घर में ही मौजूद थे।

## नोबेल पुरस्कार विजेता पर मुकदमा दर्ज

बीजिंग । चीन के नोबेल पुरस्कार विजेता साहित्यकार मो यान के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। यह मुकदमा चीन के राष्ट्रवादी ब्लॉगर माने जाने वाले वू वानझेंग ने दायर कराया है। वू का आरोप है कि मो यान ने अपनी किताब में चीन की सेना की आलोचना की है और जापान के सैनिकों को गौरवशाली परिपेक्ष्य में दिखाया। मो यान की यह फिक्शनल किताब जापान के चीन पर हमले के समय पर आधारित है। वू वानझेंग सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं और अक्सर राष्ट्रवादी मुद्दों पर अपने विचार साझा करते रहते हैं। वू वानझेंग ने मुकदमे में मो यान से 1.5 अरब युआन का हर्जाना मांगा है। यह हर्जाना हर चीनी नागरिक के लिए एक युआन के आधार पर मांगा गया है और साथ ही मुकदमे में मो यान से माफी की मांग भी की गई है। वू वानझेंग ने ये भी मांग की है कि कथित विवादित किताब की बिक्री पर रोक लगाई जाए। हालांकि चीन की किसी अदालत ने अभी तक वू वानझेंग के मुकदमे को स्वीकार नहीं किया है।

## क्रोएशिया में संसदीय चुनाव 17 अप्रैल को

बेलग्रेड। क्रोएशिया में संसदीय चुनाव 17 अप्रैल को होने है। राष्ट्रपति जोरान मिलानोविक के प्रशासन ने इसकी जानकारी दी है। बयान में कहा गया है कि श्री मिलानोविक ने देश में 17 अप्रैल को संसदीय चुनाव निर्धारित किए हैं। बयान के अनुसार क्रोएशियाई सबोर के सांसदों ने आखिरी बैठक में क्रोएशिया साम्राज्य की 1100वीं वर्षगांठ की तैयारियों की समीक्षा की, कई अंतरराष्ट्रीय संधियों की पुष्टि की, प्राकृतिक गैस और अन्य ईंधन पर वैट दर में कटौती को बढ़ाया, कई आर्थिक उपायों पर चर्चा की और संसद को भंग करने के लिए मतदान किया। प्रशासन द्वारा प्रकाशित श्री मिलानोविक के निर्णय में कहा गया, क्रोएशियाई सबोर के लिए सांसदों का चुनाव बुधवार, 17 अप्रैल, 2024 को होगा।

## अमेरिका ने इटली को एक हथियार सौदे की मंजूरी दी

वाशिंगटन । अमेरिका ने इटली के साथ एक हथियार सौदे को मंजूरी दे दी है। रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने इसकी जानकारी दी है। विदेश विभाग ने नौ करोड 60 लाख रुपये की अनुमानित लागत पर एआईएम-9एक्स साइडवाइंडर मिसाइलों और संबंधित उपकरणों की इटली सरकार को संभावित विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी देने का निर्णय लिया है। इटली ने 88 एआईएम-9एक्स साइडवाइंडर ब्लॉक टू प्लस टैक्टिकल मिसाइलें, चार एआईएम-9 एक्स ब्लॉक टू प्लस टैक्टिकल गाइडेंस यूनिट, आठ एआईएम-9 एक्स कैप्टिव एयर ट्रेनिंग मिसाइल (सीएटीएम) और दो एआईएम-9एक्स सीएटीएम मार्गदर्शन इकाइयाँ, सक्रिय ऑप्टिकल लक्ष्य डिटेक्टरों, कार्मिक प्रशिक्षण और रसद सहायता सेवाओं जैसे अतिरिक्त उपकरणों के साथ खरीदने का अनुरोध किया है। बयान में कहा गया यह प्रस्तावित बिक्री नाटो सहयोगी की सुरक्षा में सुधार करके अमेरिका की विदेश नीति के लक्ष्यों और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों का समर्थन करेगी जो यूरोप में राजनीतिक स्थिरता और आर्थिक प्रगति के लिए एक ताकत है तथा इससे क्षेत्र में बुनियादी सैन्य संतुलन में कोई बदलाव नहीं आएगा।

## यूएनएससी में गाजा पर अमेरिका प्रस्ताव पर बातचीत जारी

संयुक्त राष्ट्र । संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में राजनयिकों की गाजा पर अमेरिका की ओर से तैयार प्रस्ताव पर बातचीत जारी है, लेकिन प्रस्ताव में तत्काल युद्धविराम की मांग के महत्व को कम कर दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र में रूस के उप स्थायी प्रतिनिधि दिमित्री पॉलींस्की ने इसकी जानकारी दी है। अमेरिका ने गाजा में तत्काल युद्धविराम की मांग वाले प्रस्तावों को विफल करने के लिए पिछले पांच महीनों में तीन बार सुरक्षा परिषद में अपनी वीटो शक्ति का इस्तेमाल किया है। श्री पॉलींस्की ने कहा कि सुरक्षा परिषद के बाकी सदस्य तत्काल युद्धविराम की मांग और राफा में इजरायली अभियान का विरोध करने वाले प्रस्ताव के प्रयासों में अमेरिका बाधा डाल रहा है। अमेरिकी प्रस्ताव में इजरायली अभियान का उल्लेख करते हुए कहा गया राफा में जमीनी हमले से नागरिकों को और अधिक नुकसान होगा तथा संभावित रूप से पड़ोसी देशों में उनका विस्थापन भी होगा। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि गाजा पट्टी में अब तक करीब 31,300 लोग मारे गए हैं। इसके अलावा, 24 नवंबर को, कतर ने इजरायल और हमास के बीच एक अस्थायी संघर्ष विराम और कुछ कैदियों और बंधकों की अदला-बदली के साथ-साथ गाजा पट्टी में मानवीय सहायता के वितरण पर एक समझौते में मध्यस्थता की।

## हमास और इजराइल के बीच युद्धविराम की संभावना

**- इजराइल 1000 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने पर हो सकता है सहमत**

तेल अवीव । हमास और इजराइल के बीच युद्धविराम की संभावना बढ़ गई है। दोनों पक्ष अपनी पिछली मांगों से पीछे हटने को तैयार हो गए हैं। हमास जहां युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करने की अपनी मांग की जगह इसे छह सप्ताह के लिए रोकने पर सहमत हो गया है, वहीं इज़राइल 1000 फ़िलिस्तीनी कैदियों को रिहा करने पर लगभग तैयार हो गया है। इनमें से 100 पर हत्या सहित गंभीर अपराधों का आरोप है। युद्ध विराम के लिए पिछले दो दिनों में दोहा, काहिरा और पेरिस में वार्ताकारों के बीच कई बैठकें हुईं। इजराइली खुफिया एजेंसियों के सूत्रों ने बताया कि कतर ने हमास नेतृत्व को सूचित किया है कि अगर वे अपनी अनुचित मांगों से पीछे नहीं हटते हैं, तो कतर उनके नेताओं को अपने देश से निर्वासित करने में संकोच नहीं करेगा। सूत्रों के मुताबिक हमास 1000 फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ने के बदले में सैनिकों सहित सभी इजरायली बंदियों को रिहा करेगा। इजराइली खुफिया एजेंसियों ने सरकार को सूचित किया है कि गाजा में शेष 134 इजराइली बंधकों में से 32 की मौत हो गई है। इजराइली प्रधान मंत्री कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि 1000 फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ने के बदले में हमास शेष 102 बंधकों को रिहा करेगा और 32 बंधकों के शवों को इजराइल भेजेगा।

## रूस के राष्ट्रपति पुतिन द्वारा तोहफे में दी कार लिमोजिन में सवारी करते नजर आये किम जोंग उन

सियोल। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने हाल में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा भेंट में दी लग्जरी कार लिमोजिन में सफर किया। किम की बहन ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कार की ''विशेषताओं'' और दोनों देशों के बीच गहरे हो रहे द्विपक्षीय संबंधों की प्रशंसा की। पुतिन ने फरवरी में किम के लिए महंगी ऑरस सीनट लिमोजिन भेजी थी। उन्होंने सितंबर में रूस में एक शिखर सम्मेलन के लिए हुई मुलाकात के दौरान यह कार उत्तर कोरियाई नेता को दिखायी थी। पर्यवेक्षकों का कहना है कि इस कार को भेजने से संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का उल्लंघन हुआ है। संयुक्त राष्ट्र के इस प्रस्ताव का उद्देश्य उत्तर कोरिया को लग्जरी सामान की आपूर्ति पर प्रतिबंध लगाकर उस पर अपने परमाणु हथियारों के कार्यक्रम को छोड़ने के लिए दबाव बनाना है। सरकारी मीडिया में शनिवार को आए बयान में किम की बहन और वरिष्ठ अधिकारी किम यो जोंग ने कहा कि उनके भाई ने एक कार्यक्रम के दौरान पहली बार लिमोजिन में सफर किया। उन्होंने कहा, ''किम जोंग उन का रूसी फेडरेशन के राष्ट्रपति द्वारा उपहार स्वरूप भेजी निजी कार का इस्तेमाल करना उत्तर कोरिया-रूस के बीच मित्रता का स्पष्ट प्रमाण है जो एक नए उच्च स्तर पर व्यापक रूप से विकसित हो रही है।''



क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी (बीपीबीडी) ग्रोबोगन द्वारा प्रदान की गई यह तस्वीर ग्रोबोगन रीजेंसी, मध्य जावा, इंडोनेशिया में भारी बारिश के बाद बाढ़ वाले क्षेत्र को दिखाती है।

## राजनीति से ऊबे कनाडाई पीएम बोले- ये पागलपन से भरी नौकरी है

टोरंटो। कनाडा में प्रधानमंत्री पद के लिए अगले साल यानी अक्टूबर 2025 तक चुनाव होना है। इसके लिए हुए हालिया सर्वेक्षणों से पता चलता है कि लिबरल पार्टी को कंजर्वेटिव्स के हाथों बुरी हार का सामना करना पड़ेगा। सर्वे की मानें तो कनाडा के मतदाता ट्रूडो से ऊब चुके हैं। ट्रूडो बतौर प्रधानमंत्री अपनी नौकरी से खासा परेशान नजर आ रहे हैं। उन्होंने खुद बताया कि यह एक पागलपन भरी नौकरी है और वे इसे छोड़ने के बारे में सोच रहे थे। हालांकि उन्होंने जोर देकर कहा कि वह अगले चुनाव तक पद पर बने रहेंगे। बता दें कि जस्टिन ट्रूडो का ये बयान ऐसे समय में आया है जब उनकी लिबरल पार्टी ऑफ कनाडा चुनावों में बुरी तरह से पिछड़ रही है। ट्रूडो ने पहली बार नवंबर 2015 में पदभार संभाला था। तमाम सर्वे में हो रही हार की भविष्यवाणी के बीच ट्रूडो ने एक लंबे इंटरव्यू में फ्रांसीसी भाषा के ब्रॉडकास्टर रेडियो-कनाडा को बताया, मैं जो आज हूं वह शख्स कभी नहीं बन पाता। इसलिए इस अहम मोड़ पर मैं ये लड़ाई नहीं छोड़ सकता हूं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह राजनीति छोड़ने के बारे में सोचते हैं, तो उन्होंने हंसते हुए जवाब दिया, मैं हर दिन छोड़ने के बारे में सोचता हूं। यह एक पागलपन भरा काम है जो मैं कर रहा हूं। व्यक्तिगत बलिदान दे रहा हूं... बेशक, यह बहुत मुश्किल है। पिछले साल ट्रूडो और उनकी पत्नी सोफी ने घोषणा की थी कि वे 18 साल की शादी के बाद अलग हो रहे हैं। ट्रूडो ने कहा, हमेशा ये बहुत अच्छा नहीं होता है। मैं लोकप्रिय होने के लिए राजनीति में नहीं आया, व्यक्तिगत कारणों से नहीं, (बल्कि) क्योंकि मैं सेवा करना चाहता हूं और मुझे पता है कि मेरे पास देने के लिए कुछ है।



# अमेरिकी सीनेटर ने भारत में चुनाव को लेकर सोशल मीडिया कंपनियों से तैयारी के बारे में पूछा



**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के एक प्रभावशाली सीनेटर ने 'मेटा' के मालिकाना हक वाले व्हाट्सऐप समेत सोशल मीडिया कंपनियों से पूछा है कि उन्होंने भारत में चुनाव के मद्देनजर क्या तैयारियां की हैं। सीनेटर माइकल बेनेट के मुताबिक, भारत में सोशल मीडिया मंच का इस्तेमाल कर फर्जी और झूठी सामग्री साझा करने का रिकॉर्ड रहा है। अमेरिकी चुनावों पर नज़र रखने वाली सीनेट की खुफिया और नियम समिति के सदस्य सीनेटर बेनेट ने सोशल मीडिया मंचों का संचालन करने वाली कंपनियों को भारत में चुनाव की घोषणा से पहले पत्र लिखकर उक्त जानकारी मांगी है।

बेनेट ने 'अल्फाबेट', 'मेटा' (फेसबुक), 'टिकटॉक', 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) के अधिकारियों को पत्र लिखा है जिसमें इन कंपनियों से भारत समेत विभिन्न देशों में चुनाव को लेकर उनकी तैयारियों के बारे में पूछा गया है।

बेनेट ने पत्र में कहा, 'आपके मंचों से चुनावों में होने वाले खतरे नए नहीं हैं - पिछले चुनावों में उपयोगकर्ताओं ने 'डीपफेक' और डिजिटल रूप से छेड़छाड़ कर सामग्री को पोस्ट किया था - लेकिन अब, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) मॉडल लोकतांत्रिक प्रक्रिया और राजनीतिक स्थिरता दोनों के लिए जोखिम बढ़ाएगा।' उन्होंने कहा कि उन्नत एआई उपकरणों के माध्यम से अब कोई भी वास्तविक दिखने वाली तस्वीरें, वीडियो और ऑडियो का निर्माण कर सकता है जो चिंताजनक है। साल 2024 में 70 से ज्यादा देशों में चुनाव होने हैं और दो अरब से ज्यादा लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। साल 2024 'लोकतंत्र का वर्ष' है। इस साल ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, क्रोएशिया, यूरोपीय संघ, फिनलैंड, घाना, आइसलैंड, भारत, लिथुआनिया, नामीबिया, मेक्सिको, मोल्दोवा, मंगोलिया, पनामा, रोमानिया, सेनेगल, दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटेन और अमेरिका में चुनाव होने हैं।

'एक्स' के एलन मस्क, 'मेटा' के मार्क जुकरबर्ग, 'टिकटॉक के शो ज़ी च्यू और अल्फाबेट के सुंदर पिचाई को लिखे पत्र में बेनेट ने इन मंचों की चुनाव संबंधी नीतियों, सामग्री नियंत्रण (मॉडरेशन) दल और एआई से बनाई गई सामग्री की पहचान करने के लिए अपनाए गए उपकरणों की जानकारी मांगी गई है। साथ में इसकी भी जानकारी मांगी गई है कि सामग्री नियंत्रण दल कितनी भाषाओं में हैं।

उन्होंने कहा, 'दुष्प्रचार और फर्जी सूचना तथ्य और कल्पना के बीच के अंतर को धुंधला करके लोकतांत्रिक चर्चा में जहर घोलते हैं। आपके मंचों को लोकतंत्र को मजबूत करना चाहिए, उसे कमज़ोर नहीं करना चाहिए।'

सीनेटर ने कहा, 'दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के प्रमुख सोशल मीडिया मंचों में 'मेटा' के स्वामित्व वाला व्हाट्सऐप भी शामिल है और इनका भ्रामक व झूठी सामग्री को बढ़ावा देने का एक लंबा ट्रैक रिकॉर्ड है। राजनीतिक तत्व जो अपने लाभ के लिए जातीय आक्रोश को बढ़ावा देते हैं, उन्हें आपके मंचों पर दुष्प्रचार नेटवर्क तक आसान पहुंच मिल गई है।' इसके बाद बेनेट ने उनकी नई नीतियों और भारत चुनावों के लिए तैनात किए गए लोगों के विवरण के बारे में पूछा। उन्होंने पूछा कि ÷आपने 2024 के भारतीय चुनाव की तैयारी को लेकर कोई नई नीतियां अपनाई हैं?

बेनेट ने पूछा, 'आपने असमी, बांग्ला, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, कश्मीरी, कोंकणी, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, उड़िया, पंजाबी, संस्कृत, सिंधी, तमिल, तेलुगु, उर्दू, बोडो, संताली, मैथली और डोगरी में कितने सामग्री नियंत्रकों को फिलहाल तैनात किया हुआ है।' सीनेटर ने सोशल मीडिया कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) से कहा कि उनके मंच एआई से बनी सामग्री को रोकने के साथ-साथ पारंपरिक फर्जी सामग्री को रोकने में भी नाकाम साबित हुए हैं। सीनेटर के अनुसार, उन्होंने अमेरिकी खुफिया विभागों के प्रमुखों से सुना है कि रूसी, चीनी और ईरानी सरकारें अमेरिकी चुनावों में हस्तक्षेप करने का प्रयास कर सकती हैं।

# रूस में राष्ट्रपति चुनाव, वोटिंग के बीच हिंसा

### -यूक्रेनी बॉर्डर से सटे शहर में आगजनी; कई पोलिंग बूथ में तोडफ़ोड़

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस में राष्ट्रपति पद के चुनाव की वोटिंग के बीच आगजनी और हिंसा हो रही है। यूक्रेन बॉर्डर से सटे बेलगोरोड शहर में पुतिन विरोधी लोगों ने कई जगह आग लगा दी। वहीं, राजधानी मॉस्को में लोगों ने कई पोलिंग बूथ में तोडफ़ोड़ की। पुलिस ने हिंसा के मामले में अब तक 8 लोगों को हिरासत में लिया है।

रूस में 15 मार्च को राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए वोटिंग शुरू हुई। पहली बार तीन दिन वोटिंग हो रही है। रूसी नागरिक जो किसी क्रिमिनल केस में जेल की सजा न काट रहा हो, वो 17 मार्च तक वोट कर सकते हैं। वहीं, नतीजे मॉस्को के समय के मुताबिक, 17 मार्च की रात तक जारी हो सकते हैं।

### महिला ने पोलिंग बूथ में स्याही डाली

सेंट पीटर्सबर्ग में एक लडक़ी ने स्कूल में बनाए गए पोलिंग बूथ में आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि 20 साल की एक लडक़ी ने पुतिन के खिलाफ विरोध जताने के लिए आग लगाई। उसे हिरासत में लिया गया है। वहीं, राजधानी मॉस्को में एक महिला ने बैलट बॉक्स में स्याही डाल दी। मॉस्को के अन्य पोलिंग बूथ को भी आग के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने ऐसा करने वाली एक अन्य महिला को भी हिरासत में लिया। इधर, स्याही डालने वाली महिला को चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने के मामले में हिरासत में लिया गया। सेंट पीटर्सबर्ग, मॉस्को के अलावा वोरोनिश, कराचे-चर्केसिया और रोस्तोव शहर से भी लोगों को हिरासत में लिया गया है। साइबेरियाई क्षेत्र खांटी-मानसी में एक महिला ने बैलट बॉक्स जलाने की कोशिश की।

### पुतिन ने ऑनलाइन वोट डाला

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने ऑनलाइन वोट डाला। 14 मार्च को रूस के चुनाव आयोग ने कहा था- देश में 11.23 करोड़ मतदाता हैं। इन वो लोग भी शामिल हैं जो रूसी कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्र के नागरिक भी शामिल हैं। इसके अलावा करीब 19 लाख वोटर देश से बाहर रहते हैं। इस बार रूस में ऑनलाइन वोटिंग की भी सुविधा रहेगी। यह सुविधा रूस के 27 क्षेत्रों और क्रीमिया में होगी। क्रीमिया यूक्रेन का वही क्षेत्र है, जिस पर रूस ने साल 2014 में कब्जा कर लिया था।

## इमरान खान की पार्टी सुन्नी इत्तेहाद परिषद के साथ विलय की योजना बना रही, चुनाव आयोग के फैसले पर दारोमदार



**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के शीर्ष नेता ने पार्टी की योजना का खुलासा किया कि अगर आयोग ने हाल के अंतर-पार्टी चुनावों को स्वीकार कर लिया और अपना प्रतिष्ठित चुनाव चिह्न वापस कर दिया तो वे सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के साथ विलय कर देंगे। पाकिस्तानी समाचार चैनल डॉनन्यूज़टीवी के साथ एक साक्षात्कार में पीटीआई के असद क़ैसर ने कहा कि अगर पार्टी को हालिया संगठनात्मक चुनावों के बाद अपना चुनाव चिन्ह वापस मिल जाता है, तो दोनों पार्टियां विलय कर लेंगी और पीटीआई ही रहेंगी। एसआईसी पाकिस्तान में इस्लामी राजनीतिक और बरेलवी धार्मिक दलों का एक राजनीतिक गठबंधन है, जिसे 8 फरवरी के चुनावों में पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों का समर्थन प्राप्त है।

क़ैसर ने पुष्टि की कि पीटीआई समर्थित उम्मीदवार जो एसआईसी में शामिल हुए हैं, वे गठबंधन के साथ बने रहेंगे और यदि चुनाव चिन्ह का मुद्दा हल हो जाता है तो इसमें विलय कर लेंगे। पाकिस्तान के चुनाव आयोग द्वारा पिछले साल दिसंबर में कराए गए पिछले संगठनात्मक चुनावों को खारिज करने के बाद हुए ताजा इंट्रा-पार्टी चुनावों में बैरिस्टर गोहर अली खान को हाल ही में पीटीआई के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। 71 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर इमरान खान द्वारा स्थापित पीटीआई को अपने अंतर-पार्टी चुनावों में चुनौतियों का सामना करना पड़ा है, हालिया चुनाव पिछले दो वर्षों में तीसरा प्रयास है। ईसीपी ने पहले जून 2022 में हुए चुनावों को अत्यधिक आपत्तिजनक बताते हुए रद्द कर दिया था। क़ैसर ने उल्लेख किया कि एसआईसी के साथ जुड़ने का निर्णय लेने से पहले पार्टी के भीतर व्यापक विचार-विमर्श हुआ और वे इस मामले पर कानूनी सलाह ले रहे हैं।

# पाकिस्तान ने किया राम मंदिर का जिक्र, भारत ने इस्लामोफोबिया पर सुनाई खरी-खरी

### -संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान की हुई किरकिरी




**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान के द्वारा राम मंदिर का जिक्र करने पर जमकर क्लास लगा दी है। इस दौरान भारतीय प्रतिनिधी ने पाकिस्तान को इस्लामोफोबिया को लेकर पाठ भी पढ़ दिया है। भारत के प्रतिनिधी ने पाकिस्तान से कहा कि केवल एक धर्म के बजाय हिंदू, बौद्ध, सिख और हिंसा व भेदभाव का सामना करने वाले अन्य धर्मों के खिलाफ धार्मिक भय व्यापकता को भी स्वीकार किया जाना चाहिए। इस दौरान जब पाकिस्तानी दूत ने अयोध्या में स्थित राम मंदिर का जिक्र किया तब भारत ने कड़ी आपत्ति जाहिर की।


शुक्रवार को 193 सदस्यीय महासभा ने पाकिस्तान द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव इस्लामोफोबिया से निपटने के उपाय को मंजूरी दी। 115 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, किसी ने भी विरोध नहीं किया और भारत, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इटली, यूक्रेन तथा ब्रिटेन सहित 44 देश मतदान से दूर रहे।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने यहूदी-विरोध, 'ईसाईफोबिया' और इस्लामोफोबिया (इस्लाम के प्रति पूर्वाग्रह) से प्रेरित सभी कृत्यों की निंदा की। उन्होंने कहा कि यह स्वीकार करना जरूरी है कि इस तरह का 'फोबिया' (पूर्वाग्रह) अब्राहिमी धर्मों से परे भी फैला हुआ है। कंबोज ने कहा, इस्लामोफोबिया का मुद्दा निस्संदेह महत्वपूर्ण है, लेकिन हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि अन्य धर्म भी भेदभाव और हिंसा का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, यह स्वीकार करना जरूरी है कि दुनियाभर में 1.2 अरब से अधिक अनुयायियों वाला हिंदू धर्म, 53.5 करोड़ से अधिक अनुयायियों वाला बौद्ध धर्म और तीन करोड़ से अधिक अनुयायियों वाला सिख धर्म, सभी धार्मिक पूर्वाग्रह की चुनौती का सामना कर रहे हैं। अब समय आ गया है कि हम एक धर्म के बजाय सभी धर्मों के प्रति धार्मिक पूर्वाग्रह की व्यापकता को स्वीकार करें। इस दौरान पाकिस्तान के दूत मुनीर अकरम ने अयोध्या में राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह और नागरिकता संशोधन अधिनियम के कार्यान्वयन का भी जिक्र किया।

# पुतिन के लिए बुरी खबर: रुस की रुक सकती है युद्ध में ईरान की मदद

**तहरान (एजेंसी)।** रूस में चुनाव के बीच राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की परेशानी बढ़ गई है। जहां लगातार यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध में ईरान - रूस की मिसाइल, ड्रोन, हवाई बम भेज कर बड़ी मदद कर रहा था, अब उस पर रोक लगती दिखाई दे रही है। अब जी 7 समूह ने ईरान को चेतावनी दी है। जी 7 समूह ने ईरान को संदेश दिया है कि रूस को मिसाइल न भेजें अगर उसने ऐसा किया तो उसको सख्त परिणाम भुगतने होंगे। जी 7 देशों ने शुक्रवार को ईरान को चेतावनी दी और कहा कि अगर ईरान ने करीबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल रूस को भेजी तो उसको दंड का सामना करना पड़ेगा। रूस और यूक्रेन के बीच दो साल से चल रहे युद्ध में ईरान - रूस को मिसाइल भेज रहा है। जिस पर जी 7 देशों का गुस्सा फुटा है। जी 7 देशों ने कहा कि अगर ईरान अपनी हरकतों से बाज नहीं आया तो यूरोप जाने वाली ईरान की एयर फ्लाइट तक पर भी बैन लगा दिया जाएगा।

वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने कहा, जी7 ईरान की यूरोप में फ्लाइट पर बैन लगा देगा। बता दें, ईरान एयर यात्रियों को ईरान से यूरोप के कई शहरों तक ले जाती है। जी 7 इस उड़ान पर ही बैन लगा देंगे। अधिकारी ने कहा कि हालांकि संयुक्त राज्य अमेरिका इस बात की पुष्टि नहीं कर सका है कि मिसाइल पहले ही रूस को भेजी जा चुकी है या नहीं। ईरान पर बात करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि यह यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका के कई देशों के बीच बातचीत का मुद्दा रहा है। जी7 के बयान में कहा गया है कि रूस को ईरानी मिसाइलें भेजना रूस को यूक्रेन पर हमला करने में मदद करेगा। ईरान द्वारा कुछ मिसाइलों, ड्रोनों और अन्य प्रौद्योगिकियों के निर्यात पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रतिबंध अक्टूबर में समाप्त हो गए है। हालांकि, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ ने ईरान को मिडिल ईस्ट और रूस में अपने प्रतिनिधियों को हथियारों के निर्यात पर साथ ही बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर प्रतिबंध बरकरार रखा। क्योंकि ईरान की तरफ से भेजी जा रही बैलिस्टिक मिसाइलें रूस के लिए यूक्रेन में युद्ध में इस्तेमाल करने के लिए एक शक्तिशाली नया हथियार होंगी। संयुक्त राज्य अमेरिका ने कहा है कि ईरान ने पहले ही रूस को ड्रोन, निर्देशित हवाई बम और तोपखाना गोला-बारूद भेजा है।



## टी20 विश्व कप सेमीफाइनल और फाइनल में बाधा आई तो रिजर्व दिनों में होगा मुकाबला : आईसीसी

**दुबई ।**

वेस्टइंडीज और अमेरिकी में जून में होने वाले टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल और फाइनल के लिए रिजर्व दिन रखे गये हैं जिससे बारिश आदि के कारण रद्द होने पर मैच इन दिनों रखा जाएगा। रिजर्व दिनों को लेकर फैसला आईसीसी की वार्षिक बोर्ड बैठक के दौरान लिया गया क्योंकि पिछले सत्र में रिजर्व दिन नहीं रखे जाने की कड़ी आलोचना हुई थी, कई टीमों को इससे नुकसान हुआ था। इसी को देखते हुए ही आईसीसी ने गत वर्ष भारत में हुए पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए रिजर्व दिन रखा था। बैठक के दौरान,आईसीसी ने पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए खेल की शर्तों को भी मंजूरी दे दी और 2026 संस्करण के लिए योग्यता प्रक्रिया की भी घोषणा की। आईसीसी ने वार्षिक बोर्ड बैठक के बाद कहा कि ग्रुप चरण और सुपर आठ चरण में मैच आयोजित करने के लिए दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाली टीम को कम से कम पांच ओवर फेंकने होंगे। नॉकआउट दौर में, एक मैच के लिए दूसरी पारी में कम से कम 10 ओवर फेंकने होंगे। वहीं इससे पहले शुक्रवार को आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 क्वालिफिकेशन प्रक्रिया को भी मंजूरी दे दी गई। ये 20 टीमों का टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा और इसमें कुल 12 स्वचालित क्वालीफायर होंगे। 2024 संस्करण में शीर्ष आठ टीमें भारत और श्रीलंका के साथ स्वचालित क्वालीफायर के रूप में जुड़ेंगी।

# निसांका के शतक से श्रीलंका ने दूसरे एकदिवसीय में बांग्लादेश को हराया

**सीरीज 1-1 से बराबरी पर आयी**

**चट्टोग्राम।**

श्रीलंकाई टीम ने दूसरे एकदिवसीय मैच में बांग्लादेश को 3 विकेट से हराकर सीरीज एक-एक से बराबरी पर ल दी है। इस मैच में बांग्लादेश ने पहले खेलते हुए श्रीलंकाई टीम को 287 रन का लक्ष्य दिया था जो उसने पाथुम निसांका के शतक से हासिल कर लिया। इस मैच में जीत के लिए मिले लक्ष्य का पीछा करते हुए लंकाई टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही पर पाथुम निसांका और चरिथ असलांका ने शानदार पारी खेलकर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। निसांका ने जहां 114 रन बनाये। वहीं असलांका ने 93 गेंदों पर 91 रन बनाए। इन दोनो के आउट होने के बाद हसरंगा और दुनिथ ने टीम को जीत की ओर अग्रसर किया। की राह दिखाई।

इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश की शुरूआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज लिटन दास खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौट गये। इसके बाद सैम्य सरकार और कप्तान शान्तो ने पारी को आगे बढ़ाया। सौम्य सरकार ने 66 गेंदों पर 68 रन बनाए जबकि शान्तो 40 रन पर आउट हुए। मध्यक्रम में तौहीद ने नाबाद 96 रन बनाए और स्कोर 286 तक ले गए। इस दौरान मुशफिकुर रहीम ने 28 गेंदों पर 25, मेहदी हसन ने 12, तंजीम हसन साकिब ने 18 तो तस्कीन अहमद ने 10 गेंदों पर 18 रन बनाए।




वहीं श्रीलंका की ओर से वानिंदु हसरंगा ने 10 ओवर में 45 रन देकर 4 विकेट लिए जबकि दिलशान मधुशंका ने 30 रन देकर 2 विकेट लिये। प्रमोद ने भी 72 रन देकर 1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरूआत खराब रही। अविष्का फर्नांडो 0, कप्तान कुसल मेंडिस 16 तो समरविक्रमा 1 रन बनाकर आऊट हो गए पर इसके बाद निसांका और चरिथ असलांका ने पारी को आगे बढ़ाया। निसांका ने 113 गेंदों पर 13 चौके और 3 छक्कों की मदद से 114 रन बनाए। वहीं, असलांका ने 93 गेंदों पर 6 चौके और 4 छक्कों की मदद से 91 रन बनाए। जानिथ 9 रन बनाकर आऊट हो गए। तब दुनिथ 15 और वानिंदु हसरंगा 25 ने पारी को संभाला और अपनी टीम को जीत दिला दी। इस सीरीज के पहले मैच में बांग्लादेश जीती थी। ऐसे में अब ये सीरीज 1-1 से बराबरी पर आ गयी है।

## संक्षिप्त समाचार



### धोनी आईपीएल के बीच में ही छोड़ सकते हैं कप्तानी : रायडू

**नई दिल्ली ।** पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने कहा है चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के बीच में ही कप्तानी छोड़कर किसी अन्य खिलाड़ी को ये जिम्मेदारी दे सकते हैं। सीएसके के लिए पिछले सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले रायुडू का मानना है कि भविष्य को देखते हुए माही आईपीएल के दौरान किसी युवा को चेन्नई का कप्तान बना सकते हैं। पिछले सत्र में अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को सीएसके का कप्तान बनाया गया था पर लगातार असफल होने के कारण उन्होंने बीच में ही कप्तानी छोड़ दी थी। उसके बाद से ही ये जिम्मेदारी धोनी संभाल रहे हैं। उनकी कप्तानी में सीएसके को साल 2023 में पांचवीं बार खिताब मिला था। रायुडू ने कहा ,'इंपैक्ट प्लेयर नियम के जरिए धोनी बीच के ओवरों में किसी और को कप्तानी सौंप सकते हैं। यह साल सीएसके के लिए बदलाव वाला हो सकता है। अगर यह उनका आखिरी साल है , अगर वह कुछ साल और खेलते हैं तो वह कप्तान बने रहेंगे। जहां तक मेरी बात है, मैं चाहूंगा कि वही कप्तान रहें।' धोनी ने हाल ही में फेसबुक पोस्ट में संकेत दिया था कि इस साल आईपीएल में वह नई भूमिका में होंगे। वहीं रायुडू इस सत्र में कमेंटेटर के तौर पर नजर आयेंगे। रायडू ने पिछले साल खेल के सभी प्रारुपों से संन्यास ले लिया था।

### अब समय बेकार नहीं कर पायेगी गेंदबाजी टीम , स्टॉप क्लॉक नियम होगा लागू

**आईसीसीएकदिवसीय ने दी मंजूरी**

ICC

**दुबई ।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने समय की बर्बादी को रोकने के लिए एकदिवसीय और टी20 में स्टॉप क्लॉक नियम को लाने का फैसला किया है। आईसीसी ने कहा है कि परीक्षण अवधि में सफल होने पर स्टॉप क्लॉक नियम को स्थायी रूप से लागू किया जाएगा। इस नियम को इसलिए लगाया गया है जिससे कि बीच में होने वाली समय की बर्बादी को रोका जा सके। ये नियम शुरू में दिसंबर 2023 में ट्रॉयल के आधार पर पेश किया गया था। इसे अब टी20 अंतराष्ट्रीय और एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय सहित सभी सफेद गेंद वाले क्रिकेट में लागू करने की सहमति आईसीसी ने दे दी है। स्टॉप क्लॉक नियम के अनुसार फील्डिंग टीम को एक ओवर समाप्त होने के बाद अगला ओवर 60 सेकेंड करीब एक मिनट के अंदर शुरू करना होता है। ओवर समाप्त होते ही स्टॉप वॉच ऑन हो जाएगी और फिर 60 सेकेंड के अंदर टीम को दूसरा ओदवर शुरू करना होगा। वहीं अगर गेंदबाजी करने वाली टीम ऐसा नहीं कर पाती है तो उन पर पेनल्टी लगती है। इस गलती के कारण फील्डिंग टीमों पर पांच रनों तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इससे पहले उन्हें दो बार चेतावनी भी मिलती है। सभी आईसीसी सफेद गेंद प्रारुप के लिए नियम को लागू किया जाएगा।

# मजबूत दिल्ली कैपिटल्स, आत्मविश्वास से भरी आरसीबी के बीच होगी रोमांचक खिताबी भिड़ंत

**नई दिल्ली,**

अरुण जेटली स्टेडियम में खचाखच भरी भीड़ एक रोमांचक खिताबी भिड़ंत की गवाह बनेगी, जब मेग लैनिंग की अगुवाई वाली दिल्ली कैपिटल्स आत्मविश्वास से भरी स्मृति मंधाना की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से भिड़ेगी, जिससे यह तय होगा कि कौन रविवार को चमचमाती डब्लूपीएल 2024 ट्रॉफी उठाता है. पिछले साल डब्लूपीएल 2023 में मुंबई से हारकर उपविजेता बनने के बाद दिल्ली के पास अब अपने घरेलू मैदान पर खिताब जीतने का सुनहरा मौका है. उनका प्रभावशाली फॉर्म उन्हें अपना पहला डब्ल्यूपीएल खिताब हासिल करने में मदद कर सकता है, क्योंकि उन्होंने अंक तालिका में शीर्ष पर रहकर सीधे फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी. इसके अलावा, डब्ल्यूपीएल इतिहास में आरसीबी के खिलाफ अपनी सभी चार भिड़ंत में दिल्ली विजेता रही है. प्रतियोगिता में दो हार को छोड़कर, बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने दिल्ली की अजेय छवि को मजबूत करने के लिए एकजुट होकर प्रदर्शन किया है. ऑस्ट्रेलिया की कई बार विश्व कप विजेता कप्तान मेग लैनिंग ने आत्मविश्वास के साथ दिल्ली का नेतृत्व किया है, जबकि आठ पारियों में 308 रन बनाए हैं, और उन्हें शीर्ष क्रम में दूसरे छोर से बड़ी हिट शैफाली वर्मा का समर्थन मिला है. इस सीज़न में बल्ले से दिल्ली की सफलता में जेमिमा रोड्रिग्स और एलिस कैप्सी भी रन बनाने वाली प्रमुख खिलाड़ी रही हैं. गेंदबाजी विभाग में, तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर मारिजैन कप्प और बाएं हाथ के स्पिनर जेस जोनासन ने 11 विकेट लिए हैं, जिससे वे टीम के लिए संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गयी हैं. बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव के साथ-साथ तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी, शिखा पांडे और तितास साधु भी डीसी के लिए गेंद से भरोसेमंद खिलाड़ी रही हैं. दूसरी ओर, आरसीबी को प्लेऑफ में प्रवेश करने के लिए उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा, लेकिन जब यह सबसे ज्यादा मायने रखता था, तो उन्होंने हार नहीं मानी और मुम्बई को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली. उनकी उम्मीदें फिर से स्मृति, ऋचा घोष और एलिस पैरी, जो 312 रनों के साथ डब्ल्यूपीएल 2024 के लिए रन-स्कोरिंग चार्ट में सबसे आगे हैं, की तिकड़ी पर होंगी . उस रात जब उनकी टीम की बाकी साथी बल्ले से अपनी लय हासिल करने के लिए संघर्ष कर रही थीं, एलिस ने बाउंड्री लगाने से पहले समय लिया और गेंद को नियमित अंतराल पर अच्छी टाइमिंग के साथ 50 गेंदों पर 66 रनों के साथ शीर्ष स्कोर तक पहुंचाया, जो अंततः आरसीबी को विजयी स्कोर तक पहुंचाने में निर्णायक साबित हुआ. आरसीबी को उम्मीद होगी कि स्मृति, ऋचा, दिशा कसाट और सोफी डिवाइन, जो खराब फॉर्म में हैं, फाइनल में अपनी लय हासिल कर लेंगी.

शायद वे सब्बिनेनी मेघना को लाना चाहेंगे, जिन्होंने पिछले कुछ मैचों में नहीं खेला है, लेकिन शीर्ष क्रम में प्रतियोगिता के शुरुआती चरणों में अच्छा प्रदर्शन किया. एलिस अपनी स्विंग और सीम गेंदबाजी से भी समान रूप से प्रभावी रही हैं और उन्होंने सात विकेट लिए हैं, जो सभी एमआई के खिलाफ आए हैं. शुक्रवार की एलिमिनेटर जीत में, श्रेयंका पाटिल, सोफी मोलिनक्स, जॉर्जिया वेयरहैम और आशा शोभना की स्पिन चौकड़ी ने आरसीबी को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई.




## बीसीसीआई रणजी खिलाड़ियों के लिए मैच फीस दोगुनी या तिगुनी करे : गावस्कर




**मुम्बई ।**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि रणजी ट्रॉफी में खेलने वाले खिलाड़ियों की मैच फीस को बढ़ाकर दो से तीन गुना किया जाना चाहिए। हाल में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने रणजी खिलाड़ियों की मैच फीस बढ़ायी है पर गावस्कर इसे पर्याप्त नहीं मानते। उन्होंने बीसीसीआई से कहा कि इसे दुगनी या तिगुनी करे।

गावस्कर ने कहा, अगर रणजी ट्रॉफी की फीस दोगुनी या तिगुनी की जा सकती है, तो अधिक से अधिक खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी खेलना चाहेंगे। साथ ही कहा कि रणजी ट्रॉफी की फीस अधिक होने पर सभी खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट खेलना चाहेंगे। गावस्कर ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट चलता रहेगा पर भविष्य में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज अब कम ही होगी। हो सकता है कि हर देश के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज केवल दो या तीन देश ही पांच टेस्ट खेल सकते हैं. गावस्कर ने इसके बाद इंसेटिंव स्कीम का उदाहरण देते हुए कहा, जैसा कि भारतीय टीम के कोच राहुल द्रविड़ ने धर्मशाला टेस्ट के बाद कहा था कि इंसेंटिव स्कीम टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए एक ईनाम की तरह है। ऐसे में बीसीसीआई से मैं यह अनुरोध करूंगा कि रणजी खेलने वाले खिलाड़ियों के लिए भी कुछ ऐसी ही योजना लाई जाए।

# पाक में दो दशक के बाद खेली जाएगी त्रिकोणीय सीरीज

**न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका की टीमें होंगी शामिल**

**लाहौर ।**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि उनकी टीम अगले साल फरवरी में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के साथ एक अपनी ही धरती पर एक त्रिकोणीय सीरीज खेलेगी। पीसीबी के अनुसार दो दशक के बाद देश किसी त्रिकोणीय सीरीज की मेजबानी करेगा। इससे पहले पाकिस्तान ने अक्टूबर 2004 में अंतिम बार त्रिकोणीय सीरीज की मेजबानी की थी तब श्रीलंका और जिम्बाब्वे की टीमें पाकिस्तान खेलने आई थीं। पीसीबी के अनुसार त्रिकोणीय सीरीज चैंपियंस ट्रॉफी से पहले खेली जाएगी। पाकिस्तान की टीम को इस एकदिवसीय टूर्नामेंट की मेजबानी मिली है। पाक ने अंतिम बार चैम्पियंस ट्रॉफी 2017 में जीती थी। तब उन्होंने भारत को फाइनल में 180 रन से हराया था।वहीं पीसीबी के नये अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के अध्यक्ष लॉसन नायडू और न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के अध्यक्ष रोजर टूसे से मुलाकात के बाद त्रिकोणीय सीरीज की घोषणा की है। पाकिस्तान ने अंतिम बार साल 2008 में बांग्लादेश में त्रिकोणीय सीरीज में भाग लिया था। इस सीरीज में पाक के अलावा अन्य दो टीमें बांग्लादेश और भारत थीं। अंतिम बार पाकिस्तान ने अक्टूबर 2004 में त्रिकोणीय श्रृंखला की मेजबानी की थी तब श्रीलंका और जिम्बाब्वे की टीमें पाकिस्तान खेलने आई थीं। पीसीबी प्रमुख नकवी ने कहा, पीसीबी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी के लिए भी उत्सुक है, जो पाकिस्तान के लिए अपनी धरती पर शीर्ष आठ एकदिवसीय टीमों की मेजबानी करने से जुड़ा है। हमारी दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच त्रिकोणीय सीरीज एक रोमांचक घटना होगी और यह लंबे समय के बाद है कि पाकिस्तान इस तरह के टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। मैं त्रिकोणीय श्रृंखला में भाग लेने के लिए सहमत होने के लिए न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीकी बोर्ड का आभारी हूं।

## फर्स्ट क्लास क्रिकेट में रोड्स के नाम हैं सबसे अधिक चार हजार विकेट

**लंदन ।** इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर विल्फ्रेड रोड्स का नाम भले भी क्रिकेट जगत में लोकप्रिय नहीं है पर इस क्रिकेटर के नाम फर्स्ट क्लास क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट हैं। रोड्स ने अपने 32 साल के फर्स्ट क्लास क्रिकेट करियर में 4000 से ज्यादा विकेट लिए हैं। वह इस फॉर्मेट में एकमात्र ऐसे गेंदबाज रहे जिन्होंने चार हजार विकेट लिए हैं। 1898 में फर्स्ट क्लास क्रिकेट की शुरुआत करने वाले विल्फ्रेड रोड्स ने 1930 तक खेला। उन्होंने 1110 प्रथम श्रेणी मैचों में सबसे अधिक 4204 विकेट लिए। जिसमें एक पारी में 287 बार 5 विकेट भी शामिल हैं जबकि मैच में उन्होंने 68 बार 10 विकेट लिए हैं। विल्फ्रेड ने इस दौरान 185742 गेंदें फेंकी जिसमें उन्होंने 70322 रन दिए। प्रथमश्रेणी क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में इंग्लैंड के लेग ब्रेक गेंदबाज अल्फ्रेड पर्सी फ्रीमैन दूसरे नंबर पर हैं. अल्फ्रेड पर्सी फ्रीमैन ने 592 फर्स्ट क्लास मैचों में कुल 3776 विकेट लिए हैं। जिसमें 386 बार 5 विकेट हॉल अपने नाम किए वहीं 140 बार मैच में उन्होंने 10 विकेट लिए। फ्रीमैन ने इस दौरान 154658 गेंदें डाली जिसमें 69577 रन दिये। पारी में 53 रन देकर 10 विकेट उनकी बेस्ट गेंदबाजी रही। इस गेंदबाज ने 1914 में फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया था. जबकि 1936 में वह अंतिम बार उतरे। इस सूची में तीसरे नंबर पर भी इंग्लैंड के ही स्पिनर चार्ली पार्कर 635 मैचों में 3278 विकेट लिए हैं जबकि इंग्लैंड के पूर्व मीडियम पेसर जॉन हर्नी ने 639 मैचों में कुल 3061 विकेट लिए।



# ऑस्ट्रेलिया दौरे से पेरिस ओलंपिक की तैयारियों का अच्छा अवसर मिलेगा : हरमनप्रीत




**नई दिल्ली ।**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा है कि अगले माह पांच मैचों की सीरीज के लिए होने वाले ऑस्ट्रेलिया दौरे से उनकी टीम को अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने का अवसर मिलेगा। हरमनप्रीत का मानना है कि आगामी पेरिस ओलंपिक में जीत के लिए उनकी टीम को कई क्षेत्रों में सुधार की जरुरत है। हरमनप्रीत ने कहा कि पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के लिए उनकी टीम में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम ने अंतिम बार 34 साल पहले साल 1980 में मास्को ओलंपिक में स्वर्ण जीता था। उसके बाद से ही टीम इसके करीब भी नहीं पहुंच पायी। टोक्यो ओलंपिक में हालांकि टीम ने कांस्य पदक जीतकर पदक का लंबा इंतजार खत्म किया था। हरमनप्रीत ने कहा कि अगर हम टीम के प्रदर्शन पर ध्यान दें तो यह अच्छा है। हम अतिआत्मविश्वास में नहीं हैं पर हम सभी बड़ी टीमों को कड़ी चुनौती दे रहे हैं। हमारी टीम आत्मविश्वास से भरी है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना है। इसके अलावा हम किसी अन्य चीज पर विचार नहीं कर रहे हैं। हमारा कोई अन्य लक्ष्य नहीं है। भारतीय टीम ने पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में जीत दर्ज करने के बाद एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीत कर पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था।

इसके बाद उसने एफआईएच प्रो लीग में भी अच्छा प्रदर्शन किया था। भारतीय टीम इस लीग में आठ मैच में 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। हरमनप्रीत ने कहा कि प्रो लीग के सभी मैच कठिन थे, लेकिन हमने अच्छा प्रदर्शन किया। हमने इन मैचों से काफी कुछ सीखा और टीम ने काफी सुधार किया। कुल मिलाकर हमने अच्छा प्रदर्शन किया।

## हार्दिक को लेकर प्रवीण ने बीसीसीआई पर निशाना साधा, वह चांद से नहीं आया



**नई दिल्ली ।** पूर्व क्रिकेटर प्रवीण कुमार ने आईसीसी अनुबंध को लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) पर पक्षपात का आरोप लगाय है। प्रवीण ने कहा एक ओर से घरेलू क्रिकेट नहीं खेलने पर ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को बाहर कर दिया गया है। वहीं ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को अनुबंध सूची में बरकरार रखा है जबकि पंड्या भी घरेलू क्रिकेट नहीं खेलते हैं। पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण ने तंज कसते हुए कहा कि पंड्या कोई चांद से उतर के नहीं आया है। प्रवीण ने कहा, पंड्या क्या चांद से उतर के आया है। अन्य लोगों की तरह ही उन्हें भी घरेलू क्रिकेट खेलना होगा। उनके लिए कोई अलग नियम नहीं रखा जा सकता। बीसीसीआई को अपनी इस नीति का कारण भी बताना होगा। साथ ही सवाल किया कि पंड्या केवल घरेलू क्रिकेट में टी20 टूर्नामेंट ही क्यों खेलेंगे? उन्हें टेस्ट और टी20 सहित हर प्रारुप में खेलना होगा। पंड्या ने भारतीय टीम की ओर से छह साल से टेस्ट क्रिकेट नहीं खेला है। उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट इंग्लैंड के खिलाफ साल 2018 में खेला था। इसके बाद से ही वह टेस्ट मैच से बाहर हैं। वह केवल भारतीय टीम की ओर से टी20 और एकदिवसीय मैच में भाग लेते हैं। घरेलू क्रिकेट की बात करें तो वह केवल 20 ओवर के मैच में हिस्सा लेते हैं। हाल में ही उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में अपनी टीम की ओर से खेला था। पंड्या ने अब तक भारत की ओर से कुल 92 टी20 मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने कुल 1348 रन बनाये हैं। उनका सबसे अधिक स्कोर 71 का रहा है। वहीं गेंदबाजी करते हुए हार्दिक ने 92 मैचों की 82 पारियों में कुल 73 विकेट लिए हैं।


## आईपीएल की स्ट्रीमिंग मुफ्त में देखें




**मुम्बई ।** 22 मार्च से शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले देश के 10 अलग अलग शहरों में होंगे। इस टी20 लीग मैचों की स्ट्रीमिंग मुफ्त में देखी जा सकेगी। ऑनलाइन स्ट्रीमिंग के लिए आपको मुफ्त में एक ऐप को डाउनलोड करना होगा। आईपीएल में इस बार 74 मैच खेले जाएंगे। इस बार लीग का आयोजन 67 दिनों तक चलेगा। वहीं पिछली बार आईपीएल का आयोजन 60 दिनों का था। वहीं साल 2019 में भी इसी तरह से दो चरणों में आईपीएल के मैच हुए थे। उस समय भी देश में आम चुनाव के कारण आईपीएल के कार्यक्रम अलग-अलग भाग में हुए थे। इस बार दोपहर के मुकाबले 3:30 बजे से जबकि शाम के मुकाबले 7:30 बजे से खेले जाएंगे। आईपीएल 2024 का पहला मैच मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा। आईपीएल 2024 मुकाबलों की टीवी पर लाइव टेलीकास्ट स्टार स्पोर्ट्स पर देख सकते हैं। आईपीएल 2024 मुकाबलों की मोबाइल पर फ्री में ऑनलाइन लाइव स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा एप पर देखी जा सकेगी। इस बार कुल दस टीमें भाग ले रही हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीमें पहले मैच में रात 8ः00 बजे से चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में आमने-सामने होंगी।




## उर्वशी रौतेला ने शेयर किया फिल्म जेएनयू का पोस्टर, बंगाल 1947- एन अनटोल्ड लव स्टोरी का भी सामने आया फर्स्ट् लुक




उर्वशी रौतेला की अपकमिंग फिल्म जेएनयू – जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी का पोस्टर रिलीज हो चुका है। उर्वशी ने फिल्म का पोस्टर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। शेयर किए गए पोस्ट में भारत का नक्शा भगवा रंग में दिखाई दे रहा है। पोस्टर में दिखाए गए भारत के नक्शे को मुट्ठी से पकड़ने की कोशिश की जा रही है। पोस्टर रिलीज होने के बाद ये फिल्म सोशल मीडिया पर चर्चा में है। उर्वशी ने फिल्म के पोस्टर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा– शिक्षा की बंद दीवारों के पीछे, देश को तोड़ने की साजिश रची जा रही है, जैसे ही बाएं और दाएं टकराएंगे, वर्चस्व की यह लड़ाई कौन जीतेगा? महाकाल मूवीज प्रस्तुत करता है जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी। फिल्म में रवि किशन और उर्वशी रौतेला लीड रोल में नजर आएंगे, जो यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट बनकर कहानी को बड़े पर्दे पर दिखाएंगे। वहीं इस फिल्म में उर्वशी रौतेला और रवि किशन के अलावा सिद्धार्थ बोडके, पीयूष मिश्रा, रश्मि देसाई, सोनाली सहगल और विजय राज जैसे एक्टर्स भी नजर आएंगे।

तरण आदर्श ने इस पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा– जेएनयू फिल्म का पहला पोस्टर आउट, 5 अप्रैल को फिल्म रिलीज हो रही है, शिक्षा की बंद दीवारों के पीछे देश को तोड़ने की साजिश रची जा रही है। टीवी शो 'साथ निभाना साथिया' फेम एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी ने इंस्टाग्राम पर बंगाल 1947- एन अनटोल्ड लव स्टोरी का फर्स्ट् लुक पोस्टर जारी किया है। यह फिल्म ऐतिहासिक विभाजन की पृष्ठभूमि पर बेस्ड होगी। पोस्टर को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, पार्टिशन ड्रामा बंगाल 1947 का फर्स्ट् लुक। फिल्म में विभाजन के दौरान की एक लव स्टोरी दिखाई जाएगी। देवोलीना फिल्म में बतौर लीड एक्ट्रेस नजर आएंगी।

फिल्म बंगाल 1947 में देवोलीना भट्टाचार्जी के अलावा सोहेला कपूर, ओमकार दास मानिकपुरी, आदित्य लाखिया, अनिल रस्तोगी, प्रमोद पवार, अंकुर अरमाम, सुरभि श्रीवास्तव, फलक राही, विक्रम टीडीआर और अतुल गंगवार जैसे तमाम एक्टर्स शामिल हैं। फिल्म की 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए बिल्कुल तैयार हैं। बता दें, दोनों ही फिल्में विवादित मुद्दे पर बनाई गई हैं। पोस्टर रिलीज होने के बाद से ही दोनों फिल्में सुर्खियों में छाई हुई हैं।






## अमीषा पटेल ने कॉमेडियन स्नेहिल मेहरा दीक्षित की जमकर तारीफ

मैडनेस मचाएंगे–इंडिया को हंसाएंगे के नए एपिसोड में कॉमेडियन स्नेहिल मेहरा दीक्षित, केतन सिंह, गौरव दुबे और इंदर सहानी ने सभी का मनोरंजन किया। उन्होंने फिल्म गदर 2 में अपनी जानदार कॉमेडी से अमीषा पटेल का दिल जीत लिया। प्रत्येक कॉमेडियन ने अपनी भूमिका बहुत ही कुशलता से निभाई और सभी को हंसने पर मजबूर कर दिया। फिल्म गदर 2 में अभिनय करने वाली अभिनेत्री अमीषा पटेल ने एक्ट का जमकर आनंद लिया। उन्होंने स्नेहिल उर्फ बीसी आंटी की सराहना करते हुए कहा कि स्नेहिल, मैं आपकी बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। मैंने सोशल मीडिया पर आपकी बहुत सारी सामग्री देखी है और आपके द्वारा की गई फिल्म समीक्षाएं भी देखी हैं। मैं वास्तव में उनका आनंद लेती हूं। स्नेहिल एक कंटेंट क्रिएटर हैं और उनका बीसी (भेरी क्यूट) आंटी नाम से इंस्टाग्राम अकाउंट है। अपहरण में अपने काम से पहचान बनाने वाली स्नेहिल ने कहा कि मेरी खुशी का कोई ठिकाना नहीं था जब अमीषा जी ने कहा कि वह मेरी प्रशंसक हैं। यह मेरे द्वारा अब तक अनुभव की गई सबसे अच्छी भावनाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि मैं उनके काम और भारतीय फिल्म उद्योग में उनके योगदान की सच्ची प्रशंसक हूं। मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि मैं सभी को हंसाते रहने के लिए अपने अभिनय और हास्य को बनाए रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगी। मैडनेस मचाएंगे सोनी पर प्रसारित होता है।



## खतरों के खिलाड़ी-14 के लिए रोहित शेट्टी ने बढ़ाई फीस

बिग बॉस 17 और झलक दिखला जा 11 खत्म होने के बाद अब दर्शकों को रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड शो खतरों के खिलाड़ी के नए सीजन का बेसब्री से इंतजार है। खतरों के खिलाड़ी का इस बार 14वां सीजन आने वाला है। इस शो को लेकर लगातार नई अपडेट्स सामने आ रही हैं। अब तक इस शो को लेकर कई स्टार्स के नाम भी सामने आ चुके हैं। हालांकि, अभी तक शो में शामिल होने वाले स्टार्स के नाम की फाइनल लिस्ट सामने नहीं आई है। लेकिन इस शो के होस्ट रोहित शेट्टी को लेकर कहा जा रहा है कि उन्होंने शो के निर्माताओं से अपनी फीस बढ़ाने की डिमांड की है। रोहित शेट्टी इस वक्त खतरों के खिलाड़ी को लेकर खूब चर्चा में हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर खबरें आ रही हैं कि उन्होंने अपनी फीस को बढ़ाने की बात की है। बॉलीवुड लाइफ की रिपोर्ट के अनुसार रोहित ने खतरों के खिलाड़ी के इस सीजन यानी 14 को होस्ट करने के लिए मोटी रकम की डिमांड की है। रिपोर्ट के अनुसार रोहित ने अपनी फीस में 10 या 20 नहीं बल्कि पूरे 50त्न का इजाफा करने की बात कर रहे है। कथित तौर पर, रोहित इस शो के एक एपिसोड को होस्ट करने के लगभग 60 से 70 लाख रुपये चार्ज करेंगे। इस लिहाज से वो खतरों के खिलाड़ी के पूरे सीजन के लिए करीब 16 करोड़ रुपये से ज्यादा लेंगे। रोहित शेट्टी के स्टंट बेस्ड शो खतरों के खिलाड़ी 14 में शामिल होने को लेकर अब तक कई नाम सामने आ चुके हैं। बिग बॉस 17 फेम नील भट्ट का नाम भी शो में जाने को लेकर सामने आ रहा है। पिछले सीजन में नील की पत्नी ऐश्वर्या शर्मा इस शो का हिस्सा रही थीं। इसके अलावा विकी जैन अंकिता लोखंडे, मनीषा रानी, मुनव्वर फारूकी, मन्नारा चोपड़ा, अभिषेक कुमार, मानस्वी ममगई सहित कई नाम सामने आ चुके हैं। लेकिन अभी इन नामों पर मुहर नहीं लगी है।



जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से अभिनय की शुरुआत करने वाली खुशी कपूर जल्द आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ अभिनय करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह जोड़ी पहली बार तमिल फिल्म लव टुडे के हिंदी रीमेक के लिए स्क्रीन पर साथ काम करेगी बोनी कपूर की लाडली बेटी और जान्हवी कपूर की बहन खुशी कपूर, जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से अपना अभिनय डेब्यू किया था।

## आमिर के बेटे जुनैद के साथ स्क्रीन पर इश्क फरमाएंगी खुशी कपूर

खुशी कपूर डेब्यू के बाद से ही अपने अंदाज से दर्शकों का दिल जीत चुकी हैं। खुशी की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है। जहां एक तरफ खुशी के फैंस उनकी हर एक अदा और एक्टिविटी पर प्यार लुटाते हैं। तो वहीं, ट्रोल्स कोई न कोई कमी निकालकर उन्हें ट्रोल भी करते हैं। हालांकि, इन सब के बीच अभिनेत्री के आगामी प्रोजेक्ट को लेकर एक बड़ी खबर आई है।

### लव टुडे के हिंदी रीमेक में दिखेंगी खुशी

जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से अभिनय की शुरुआत करने वाली खुशी कपूर जल्द आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ अभिनय करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह



जोड़ी पहली बार तमिल फिल्म लव टुडे के हिंदी रीमेक के लिए स्क्रीन पर साथ काम करेगी, जिसमें प्रदीप रंगनाथन और इवाना ने अभिनय किया था। फैंस इस खबर को सुनकर काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं। आइए जानते हैं कि बाकी अपडेट्स क्या है।

### ओटीटी पर होगी रिलीज

अभिनेत्री फिलहाल नादानियां की शूटिंग कर रही हैं। यह सरजमीन के बाद सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान की दूसरी फिल्म है। यह फिल्म करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस ने निर्मित किया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो यह फिल्म डायरेक्ट–टू–ओटीटी रिलीज होगी और शाउना गौतम के निर्देशन की पहली फिल्म होगी।

### इस फिल्म से किया था डेब्यू

बता दें कि फिल्म की आधिकारिक घोषणा का इंतजार है। यह बताया गया है कि फिल्म की शूटिंग इस गर्मी में शुरू होगी। बता दें कि खुशी कपूर की पिछली फिल्म द आर्चीज 2023 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी।



## फिल्मों के मामले में खुद को खुशनसीब मानती हैं आलिया

आलिया भट्ट से जब पूछा गया कि वे अपनी हर फिल्म में अलग किरदार निभाती नजर आती हैं। आखिर वे अपने लिए इन अलग किरादरों का चुनाव कैसे कर लेती हैं। इस सवाल के जवाब में अभिनेत्री कहती हैं, मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे शुरू से ही अच्छी और अलग फिल्में करने को मिली हैं। आलिया भट्ट बॉलीवुड में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने अपने छोटे से करियर में एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दी हैं। सिर्फ बॉलीवुड ही नहीं बल्कि हॉलीवुड और टॉलीवुड में भी वे अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान आलिया ने अपने करियर और फिल्मों के चुनाव के बारे में कई दिलचस्प खुलासे किए। आलिया भट्ट साल 2022 में एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर में नजर आई थीं। इस फिल्म में उन्होंने पहली बार साउथ सुपर स्टार राम चरण के साथ काम किया था। पिछले दिनों आलिया राजामौली के साथ अपने काम के अनुभवों को साझा करते हुए बोलीं, मुझे अक्सर अपनी फिल्मों को चुनने में काफी परेशानी होती है। मैं समझ नहीं पाती हूं कि किन फिल्मों को चुनूं और किन्हें नहीं। ऐसे में मैंने एसएस राजामौली से पूछा था कि मुझे किस तरह की फिल्में चुननी चाहिए तब उन्होंने कहा जो भी चुनो, बस प्यार से चुनो।

आलिया भट्ट अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, मैंने एसएस राजामौली की उस बात को गांठ बांध लिया। उन्होंने मुझसे यह भी कहा था कि चाहे फिल्म बढ़िया प्रदर्शन करे या नहीं अगर तुमने प्यार से अपना काम किया है तो दर्शकों को काम में तुम्हारा प्यार नजर आएगा और वे तुम्हारे काम को सराहेंगे।

### खुद को मानती हैं लकी

आलिया भट्ट से जब पूछा गया कि वे अपनी हर फिल्म में अलग किरदार निभाती नजर आती हैं। आखिर वे अपने लिए इन अलग किरादरों का चुनाव कैसे कर लेती हैं। इस सवाल के जवाब में अभिनेत्री कहती हैं, मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूं कि मुझे शुरू से ही अच्छी और अलग फिल्में करने को मिली हैं। मैंने कभी प्लान करके कोई काम नहीं किया है। अगर मुझे अच्छी फिल्में नहीं मिलती तो शायद मैं ऊब जाती क्योंकि अगर मुझे काम करने में मजा नहीं आए तो मैं काम नहीं करती हूं।

## राम गोपाल वर्मा ने रखा राजनीति में कदम



जाने–माने निर्देशक राम गोपाल वर्मा ने अपनी राजनीति में अपनी एंट्री की घोषणा कर दी है। आज गुरुवार, 14 मार्च को निर्देशक ने इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी है। उन्होंने लोकसभा चुनाव से पहले राजनीति में कदम रखा है। आंध्र प्रदेश की पीथापुरम सीट से वह लोकसभा लड़ेंगे चुनाव लडेंगे। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स से पोस्ट साझा कर इसकी खबर दी है। फिल्म डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट साझा कर अपनी खुशी जाहिर की है। उन्होंने अपने इस फैंसले को अचानक से लिया गया निर्णय बताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, अचानक लिया गया फैसला, मुझे ये बताते हुए खुशी हो रही है कि मैं पीथापुरम से चुनाव लड़ रहा हूं। हालांकि, अभी इस बात का खुलासा नहीं हुआ है कि वह किस पार्टी की तरफ चुनावी मैदान में उतरेंगे। बता दें कि राम गोपाल वर्मा के राजनीति में कदम रखने की खबर अभिनेता पवन कल्याण के उसी निर्वाचन क्षेत्र से विधानसभा चुनाव लड़ने के फैसले के बाद सामने आई। अभिनेता और जेएसपी प्रमुख पवन कल्याण को भी पीथापुरम सीट से लोकसभा चुनाव में मैदान में उतारा जाएगा।

## रात जवान है में अंजलि और प्रिया संग स्क्रीन साझा करते दिखेंगे बरुण सोबती

बरुण सोबती टेलीविजन इंडस्ट्री के मशहूर नामों में से एक नाम हैं। बरुण ने अपने करियर की शुरुआत शो इस प्यार को क्या नाम दूं से किया था। दर्शक आज भी उन्हें अंगद के नाम से पहचानते हैं। पिछले दिनों वे वेब सीरीज असुर 2 में दिखाई दिए थे। इस शो में उन्होंने काफी सीरियस किरदार निभाया था। वहीं, अब मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो बरुण सोबती आने वाले दिनों में शो रात जवान है में नजर आने वाले हैं। इस शो में उनके साथ अंजलि आनंद और प्रिया बापट नजर आने वाले हैं।

### रोमांटिक–कॉमेडी होगी रात जवान है

बरुण सोबती अक्सर सीरियस किरदारों में नजर आते हैं, लेकिन आने वाले शो रात जवान है में वे रोमांस और कॉमेडी करते दिखाई देने वाले हैं। यामिनी पिक्चर्स प्राइवेट लिमिटेड ने बरुण के इस शो प्रोड्यूस किया है और इसके निर्देशक सुमीत व्यास हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रात जवान है एक रोमांटिक कॉमेडी होने वाली है।

रात जवान है में बरुण सोबती, अंजलि आनंद और प्रिया बापट सहित कई जाने–माने सितारे नजर आने वाले हैं। दर्शकों में अभी से ही इस शो के लिए उत्साह देखने को मिल रहा है। शो के निर्देशक सुमित व्यास ने मीडिया से बातें करते हुए कहा, देखिए लोगों को लगता है कि मां–पिता बन जाने के बाद जवानी खत्म हो जाती है, लेकिन हम इस शो के जरिए इसी भ्रम को तोड़ने की कोशिश करेंगे। सुमित व्यास अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, शो रात जवान है तीन दोस्तों की कहानी है जो बच्चे होने के बाद भी अपनी दोस्ती के समय निकालते हैं और जिंदगी में पागलपन को बरकरार रखने की पूरी कोशिश करते हैं। बरुण, अंजलि और प्रिया के साथ काम करके मुझे बहुत मजा आ रहा है। उम्मीद है दर्शकों को भी यह शो पसंद आएगी। वहीं शो रात जवान है को दर्शक सोनी लिव ऐप पर देख पाएंगे।

